# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-06-2022

# तहरीर पांच के खिलाफ मुकदमा सिर्फ दो पर

## वाह रे! गुलरिहा पुलिस

गोरखपुर (एसएनबी)। गुलरिहा इलाके जैनपुर के भगवानपुर निवासी रामरतन की महज दो आम के लिए उसके बाप, भाई, भौजाई और भतीजे ने बेरहमी पीटाई कर दी थी। घायल रामरतन की उसी रात मौत हो गयी थी। मृतक की पत्नी किरन ने नामजद पांच लोगों पर पति को पीटने का आरोप लगाया था। पुलिस बाप और भाई समेत दो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को जेल भेज दिया वहीं आरोपी भाई पुलिस के पकड़ से आज भी दूर है। इधर गुलरिहा पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट मृतक की पत्नी किरन ने मुख्यमंत्री समेत पुलिस महानिदेशक को पत्र भेज कर गुलरिहा पुलिस पर मनमानी कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

भटहट प्रतिनिधि के अनुसार मृतक रामरतन की पत्नी किरन ने पत्र में लिखा है कि गत 19 जून को उसके पति अपने ही आप के पेड़ से दो आम तोड़ लाये थे। इसी बात पर ससुर मोहित, भसूर सुरेंद्र, जेठानी रुपावती व मीरा, भसूर का लड़का कन्हैया लाठी-डंडा, बाल्टी और पीवीसी पाईप द्वारा बेरहमी से पति की पिटाई की। मरा समझ कर उनको दरवाजे पर फेंक कर भाग निकले। मोबाईल भी छीन लिये थे। 20 मई की भोर में पति की मृत हो गयी। सूचना पर गुलरिहा पुलिस पहुंची तो किरन द्वारा पूरी घटना बताने के साथ उक्त पांच हत्यारोपियों का नाम बताया था। किरन का आरोप है कि पुलिस गांव के ही एक व्यक्ति से अपने मन वाली तहरीर लिखवा कर चली गई।

ससुर मोहित और भसूर सुरेंद्र महज दो के खिलाफ ही गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने ससुर को जेल भेज दिया। भसूर सुरेन्द्र जेठानी रुपावती व मीरा और भसूर का लड़का कन्हैया खुलेआम घुम रहे है। महिला ने इस प्रकरण में शमिल अन्य आरोपियों को अभियुक्त बनाकर उनकी गिरफ्तारी की मांग की है।

# अवैध मिट्टी खनन : पुलिस हर माह कमा रही लाखों रुपये

## गंदा धंधा

गोरखपुर (एसएनबी)। मिट्टी खनन कराकर मुकामी थाने की पुलिस हर माह लाखों कमा रही है और धंधेबाज भी मालामाल हो रहे हैं। यही नहीं जिस-जिस थाना क्षेत्र से मिट्टी लदे डंफर गुजरते हैं वहां की पुलिस भी ठीक-ठाक वसूली कर रही है। आश्चर्य की बात तो यह है कि खनन विभाग इस प्रकरण को लेकर चुप्पी साधे हुए है। जानकार बताते हैं कि हर माह संबंधित थाने की पुलिस और खनन विभाग तक तयशुदा रकम पहुंच जाती है। यही कारण है कि बैखौफ मिट्टी खनन का धंधा शहर में फलफूल रहा है।

मिट्टी लदे डंफर, ट्रिपर और ट्रैक्टर-ट्रालियां बेखौफ तेज गति से फर्राटा भर रही हैं और पुलिस है कि कुछ कर नहीं पा रही है। करेगी भी कैसे क्योंकि धंधेबाजों ने सेटिंग जो बना ली है? हर माह अच्छी रकम संबंधित थाने पर पहुंच रही है। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र और खोराबार में मिट्टी खनन बड़े पैमाने पर चल रहा है। लहसड़ी और लालपुर टिकर उर्फ नदुआ में दर्जनभर से अधिक मिट्टी के धंधेबाज हैं जो सेटिंग बनाकर दिनोंरात मिट्टी खनन करा रहे हैं। यहां की जनता मिट्टी खनन और ढुलाई से परेशान हैं। उनका सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है क्योंकि सड़क पर जगह-जगह मिट्टी गिरी पड़ी है। तेज गति के चलते हर साल यहां कई बच्चे इन वाहनों की चपेट में आकर दम तोड़ देते हैं। यहां के धंधेबाजों ने अपने कई लड़कों को चौराहे-चौराहे पर बैठा दिया है जो प्रशासन की गाड़ी निकलते ही फोन से धंधेबाजों को सूचना दे देते हैं। ऐसे में धंधेबाज समय रहते जेसीबी आदि हटा देते हैं। वहीं चिलुआताल क्षेत्र के रामपुर और गोरखनाथ क्षेत्र के रामपुर नया गांव में अवैध मिट्टी खनन चल रहा है। सूत्रों की मानें तो अवैध मिट्टी खनन जिस थाना क्षेत्रों में होती है वहां की पुलिस से धंधेबाजों ने सेटिंग बना ली है। यही नहीं मिट्टी लदी गाड़ियां जिस-जिस चौकी व थाना क्षेत्रों से होकर गुजरती है वहां भी उनकी सेटिंग है तभी तो गाड़ियां पकड़ी नहीं जाती। खनन विभाग की पूरी जिम्मेदारी है लेकिन इस विभाग के जिम्मेदार तहरीर देकर अपने कार्यों की इतिश्री कर लेते हैं। तिवारीपुर थाने में तहरीर काफी पहले पड़ चुकी है।



खोराबार, रामगढ़ताल, चिलुआताल व गोरखनाथ क्षेत्र में रातभर हो रही है मिट्टी खुदाई

मिट्टी लदा डंफर जिस-जिस थाना क्षेत्र से होकर गुजरता है वहां की पुलिस ठीक-ठाक करती है वसूली

सेटिंग ऐसी कि मिट्टी खनन के कारोबारियों तक छापेमारी के पहले ही पहुंच जाती है सूचना

मिट्टी खनन करने वालों ने संबंधित विभागों में छोटे कर्मचारियों को सेट कर रखा है। छापेमारी की सूचना वे घंटों पहले ही धंधेबाजों को दे देते हैं। यही कारण है कि छापेमारी के दौरान कुछ हाथ नहीं लगता। जानकार बताते हैं कि खेत वालों से डेढ़ सौ रुपये प्रति ट्राली के रेट से मिट्टी धंधेबाज खरीदते हैं। फिर यही बिकता है हजारों में। ट्रिपर लदी मिट्टी 1700 रुपये और डंफर की मिट्टी 2400 रुपये में बिकती है।

# अवैध कब्जे के खिलाफ किया जन जागरण

गोरखपुर (एसएनबी)। सूर्यकुंड धाम विकास समिति के तत्वावधान में नागरिकों का श्रमदान सत्याग्रह रविवार को भी जारी रहा। इस अवसर पर सरोवर और धाम परिसर की व्यापक साफ-सफाई कर नागरिकों ने सूर्यकुंड धाम मंदिर की जमीनों की हो रही खरीद बिक्री को रोकने, अवैध कब्जा हटाने और खरीद बिक्री में संलिप्त भू माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**सूर्यकुंड धाम पर नागरिकों ने किया श्रमदान**

श्रमदान के पश्चात पर्यावरण की रक्षा के लिए सूर्यकुंड धाम गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने आहुतियां डालकर प्रकृति और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व अर्चना शर्मा एवं सपना लखमानी ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर सरोज देवी, सरस्वती त्रिपाठी, मनोरमा देवी, परवीन, नीतू श्रीवास्तव, लक्ष्मी, साक्षी गुप्ता, फलक सिंह, डिंपल साहनी, अदिति मिश्रा, अनुषा उपाध्याय, अदिति पांडे, अंशु पांडे, अविका, अक्षरा सिंह, रंजना सिंह, रघुनंदन शुक्ला, प्रणय कुमार श्रीवास्तव, सनी निषाद, देव नारायण मिश्रा, दिलीप रस्तोगी, अभिषेक राय, फिरदौस खान, पप्पू सैनी, प्रखर मिश्रा, सपन दादा, पंकज शुक्ला, प्रह्लाद खरे, उमाशंकर तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी आदि अनेकों लोग उपस्थित थे।

## कल होगी दो पहिया वाहनों की नीलामी

पार्ली। सहजनवा थाना परिसर में दर्जनों की संख्या में वर्षो से लावारिस हाल में पड़ी हुई दो पहिया वाहनों की नीलामी 28 जून को की जाएगी। उक्त जानकारी थाना प्रभारी अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने दिया है।

## असलहा संग गिरफ्तार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के रिठुआखोर मोड के पास से पुलिस ने एक युवक को असलहा संग गिरफ्तार किया। पार्ली प्रतिनिधि के अनुसार प्रभारी निरीक्षक सहजनवा अंजुल कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में एसआई विनय कुमार सिंह अपने सहयोगी सिपाही रुद्र सिंह व अनुज कुमार सिंह के के साथ मुखबिर की सूचना पर रिठुआखोर मोड के पास से पवन मौर्या पुत्र सन्तोष मौर्या निवासी ग्राम नचनी थाना सहजनवां को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से असलाह्म और दो कारतूत मिला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

## दुराचार का फरार अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

गोरखपुर (एसएनबी)। लिव रिलेशन में रहकर एक बच्चा पैदा होने के बाद शादी ने इनकार किया। यही नहीं उसने दूसरी लड़की संग सगाई भी कर ली थी। इधर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज था और पुलिस ने उसे वाराणसी रेलवे स्टेशन से दबोचकर चालान कर दिया।

बिहार के बेतिया जनपद के बगहा थाना क्षेत्र के बनकटवा गांव निवासी शिवशंकर सोनी पुत्र बैजनाथ प्रसाद सोनी कैंट थाना क्षेत्र के महादेव झारखंडी भैरोपुर चौराहा वीर बहादुर पुरम में रहता था। वह एक युवती संग काम करता था और इस दौरान दोनों में नजदीकी बढ़ी। शादी करने का झांसा देकर उसने एक बच्चा भी पैदा कर दिया। इसके बाद वह शादी करने से इनकार करने लगा। यही नहीं उसने दूसरी लड़की संग सगाई भी कर ली। इसके बाद बिन ब्याही मां ने कैंट थाने में धारा 323, 504, 376 एवं 313 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी। पता चला कि वह रेलवे स्टेशन वाराणसी में है तो कैंट पुलिस ने उसको वहां से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि युवती का पति गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर उसके संग काम करता था। इसके बाद हम दोनों करीबी हो गये और फिर उसकी पत्नी मेरे साथ रहने लगी। हमारा एक लड़का भी है। फिलहाल पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

# महिलाओं पर हो रहे अत्याचार का कारण है नशा

गोरखपुर (एसएनबी)। अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर सामाजिक राष्ट्रीय संगठन युवा जनकल्याण समिति रजि. के प्रमुख व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा समाजसेवी कुलदीप पाण्डेय ने केन्द्रीय कार्यालय राजेंद्र नगर पश्चिमी गोकुलाम से जन जागरूकता का संदेश दिया। कुलदीप पाण्डेय ने जनता को नशीले पदार्थ का सेवन ना करने कि सलाह देते हुए कहा कि व्यक्ति नशा का सेवन कर अपने साथ साथ परिवार व समाज के लोगों की जान को दांव पर लगा रहा है। समाज से नशा मुक्त होना तभी सम्भव है जव सरकार इस पर कठोर कदम उठायेगी। उन्होंने नशा जैसे सामाजिक अभिशाप पर देश व प्रदेश स्तर पर प्रतिवंध लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया। कुलदीप पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचार का कारण भी नशा है।

# धड़ल्ले से बांट रहे इंस्टेंट लोन, रहें अलर्ट

**एप व लिंक से संपर्क सूची को अपने पास सुरक्षित कर रहे जालसाज**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (26 June):** इंटरनेट मीडिया पर यदि कहीं त्वरित ऋण (इंस्टेंट लोन) का संदेश दिख रहा है, तो उस लिंक और एप से सावधान रहें. यह मैसेज जालसाजों का हो सकता है. इस समय सर्वाधिक ठगी त्वरित ऋण के नाम पर हो रही है. आपको ब्लैकमेल करने के लिए जालसाज कृत्रिम रूप से आपकी छवि बदनाम करके आपके परिचितों को भेजेगा. उसके बाद मनोवैज्ञानिक रूप से इतना दबाव पड़ेगा कि आप जालसाज की बात मानने के लिए तैयार हो जाएंगे.

इस समय सर्वाधिक साइबर ठगी इंस्टेंट लोन के नाम पर हो रही है. साइबर थाने में आने वाली छह से सात शिकायतों में रोजाना दो से तीन मामले इसी से जुड़े होते हैं. आपने गूगल पर लोन को लेकर कोई जानकारी मांगी तो आपके फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम पर त्वरित ऋण से जुड़े संदेश दिखने लगते हैं. उसके बाद जैसे ही कोई उस मैसेज के लिंक व एप को टच करता है. उसके फोन की संपर्क की सूची, माइक्रोन, मेमोरी को एप व लिंक एक्सेस कर लेता है और उसका डेटा जालसाज के पास पहुंच जाता है. जालसाज उससे आधार कार्ड, फोटो, बैंक खाते की जानकारी लेकर तीन से चार हजार रुपये सप्ताह भर के लिए दे देता है. सप्ताह भर बाद जैसे ही वह ऋण लौटाने की कोशिश करता है, जालसाज उससे दो से तीन गुनी रकम मांगता है. रकम नहीं देने पर जालसाज उसकी फोटो को आपत्तिजनक बनाकर, उसके विषय में अभद्र टिप्पणी लिखकर उसके परिचितों को भेजता है.

## 23 बार डाउनलोड किया एप

जालसाजों के झांसे में आकर 12वीं के एक छात्र ने 23 बार एप को डाउनलोड कर लिया. छात्र शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी बाजार का रहने वाला है. उसके पिता रेलवे में सहारनपुर में अभियंता के पद पर तैनात हैं. महिला मित्र को प्रभावित करने के लिए उसने त्वरित ऋण के जरिये तीन हजार रुपये लोन ले लिया. रुपये लौटाने के लिए जैसे ही उस पर दबाव पड़ा, दूसरा एप डाउनलोड करके रकम लौटाने लगा. इस तरह उसने 23एप डाउनलोड कर लिया. अंत में उसके अभिभावकों ने साइबर थाने से संपर्क साधा और किसी तरह से ब्लैकमेलिंग रुकी.

> **लोगों को ऐसे संदेशों से बचना चाहिए. इससे त्वरित भले ही तीन से चार हजार रुपये का ऋण मिल जाए, उसके बाद जालसाज ब्लैकमेल करने लगते हैं. इस समय साइबर थाने पर रोजाना दो से तीन शिकायतें इस तरह की आ रही हैं.**
>
> उपेंद्र सिंह, एसआई साइबर थाना

# जामुन खाने को लेकर कहासुनी युवक की चाकू से गोदकर हत्या

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (26 June): गोरखपुर में बांसगांव एरिया के अड़रौली में एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई. हत्या का कारण गांव में पेड़ से जामुन खाने को लेकर आपसी विवाद बताया जा रहा है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और एक आरोपी रवि शंकर यादव को अरेस्ट भी कर लिया. पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है. उधर, एहतियात के तौर पर गांव में फोर्स और पीएसी भी तैनात कर दी गई है.

## बहनों को बचाने गया था

बांसगांव एरिया के अड़रौली के रहने वाले इंद्रासन चौहान और नंदलाल यादव के परिवार से जामुन को लेकर आपस में विवाद हो गया. इसकी शिकायत भी थाने में की गई. पुलिस ने मामले में




एनसीआर दर्ज कर लिया. शनिवार की रात आरोपी रवि शंकर यादव नंदलाल के दरवाजे पर पहुंच गया. इसी बात को लेकर बहन संध्या (21) और गायत्री (18) पर चाकू से हमला कर दिया. बहनों पर हमला होते देख भाई प्रभुनाथ चौहान (22) बचाने आ गया. लेकिन हमलावरों ने उसे घेरकर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. प्रभुनाथ के पेट में कई बार चाकू से गोदा गया, जिससे वह वहीं गिर गया.

## वीडियो बनाने को लेकर मृतक ने की थी आपत्ति

मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रभुनाथ ने वीडियो बनाने के लेकर आपत्ति की थी. इसी बात की लेकर गांव के रवि शंकर यादव के बीच विवाद हो गया. आरोपी अपने घर लौट गया. थोड़ी देर बात चाकू लेकर उसके दरवाजे पर पहुंचा और प्रभुनाथ पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया.

## रास्ते में तोड़ा दम

इस बीच गांव के कुछ लोग उस तरफ दौड़े तो हमलावर भाग गए. परिजन घायल प्रभुनाथ को कौड़ीराम के एक प्राइवेट अस्पताल पर ले गए. जहां से डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देख उसे पहले जिला अस्पताल और फिर बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया. मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही उसकी रास्ते में मौत हो गई.

# घर से निकला किशोर लापता

गोरखपुर। गोरखनाथ क्षेत्र के ग्रीन सिटी कालोनी फेज-2 में रेलवे के लोको पायलट अष्टभुजापति त्रिपाठी परिवार के साथ रहते हैं। अष्टभुजा का 17 वर्षीय पुत्र सत्यम शुक्रवार को ग्रीन सिटी स्थित आवास से साइकिल लेकर निकला था। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने सूचना एसएचओ गोरखनाथ को दी। पुलिस ने मंदिर के सीसी टीवी को खंगाला जिसमें सायं 7.10 बजे सत्यम मंदिर गेट से ऑटो में बैठता दिखा।

# शोहदों के परिजन भाई पर बना रहे समझौता का दबाव

गोलाबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। गोला के बारानगर की युवती की आत्महत्या के मामले में 15 दिन बाद भी शोहदों की गिरफ्तारी न होने से लोगों में आक्रोश है। उधर, शोहदों के परिवारीजन मृतका के भाई पर समझौते का दबाव बना रहे हैं।

12 जून को 7:30 बजे शाम को शौच के लिए बाहर गई युवती के साथ तीरागांव का युवक भीम युवती के साथ गलत हरकत करने लगा। यह देख ग़ांव के चार युवक मौके पर पहुंच गए और उन्होंने उस लड़के को बुरी तरह मारा पीटा। आरोप है कि बाद में उन चारों युवकों ने युवती को निर्वस्त्र कर वीडियो बना लिया और संबंध बनाने के लिए चारों दबाव बनाने लगे। रेप करने का भी प्रयास किए। उनके चंगुल से छूट कर युवती किसी तरह घर आई। अपनी भाभी से उसने पूरी घटना की जानकारी दी। भाभी ने लोक लाज के डर से यह बात घरवालों को नहीं बताई। उधर, 13 जून की शाम 7.30 बजे युवती ने खुदकुशी कर ली। उसकी भाभी ने जब छेड़खानी और धमकी की घटना की जानकारी दी तो युवती के भाई ने 15 जून को गोला थाना पर तहरीर दी। केस दर्ज नहीं हुआ। 18 जून को पूर्वांचल पत्रकारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने गोला तहसील पर समाधान दिवस में सीडीओ से शिकायत की, जिसके बाद 20 जून को गोला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन गोला पुलिस ने किसी शोहदे की गिरफ्तारी नहीं की।

## आक्रोश

- शोहदों के डर से युवती ने की थी खुदकुशी
- 12 जून को शोहदे ने की थी गलत हरकत

# फोन पर पत्नी को दिया तलाक, दस लोगों पर केस

- तीन साल पहले हुई थी शादी, गोरखनाथ इलाके की घटना
- जलाकर मारने का प्रयास, बेटी पैदा होने पर बढ़ा दी प्रताड़ना

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखनाथ इलाके में एक पति ने फोन पर अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। आरोप है महिला को परिजनों ने पहले जलाकर मारने का प्रयास किया।

बेटी पैदा होने के बाद से ही उसकी प्रताड़ना बढ़ गई थी। दहेज की मांग करते हुए परिवारीजन अक्सर प्रताड़ित करते थे। महिला की शिकायत पर गोरखनाथ थाना पुलिस ने आरोपित पति, उसकी मां, भाइयों, बहन समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हरपुर-बुदहट के मियां पकड़ी गांव की रहने वाली शाहिना खातून की शादी दो दिसंबर 2018 को गोरखनाथ के जटेपुर उत्तरी निवासी मोहम्मद असलम से हुई थी। गोरखनाथ पुलिस को दी गई तहरीर में शाहिना ने आरोप लगाया है कि शादी के तीन माह बाद ही पति, सास, ननद, भसुर उनकी पत्नियां व देवर दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। सभी लोग पिता से एक लाख रुपये मांगकर लाने का दबाव बनाते थे। पिता व रिश्तेदार के समझाने पर वह यह सोचकर चुप रही कि ससुरालवाले कुछ दिन बाद सुधर जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 21 अप्रैल को ससुराल के लोगों ने बेरहमी से पीटने के साथ ही केरोसिन डालकर जलाने का प्रयास किया।

# तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

घघसरा। सहजनवा थाना क्षेत्र के रिठुआखोर मोड़ से रविवार को पुलिस ने एक युवक को तमंचा और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में युवक की पहचान घघसरा चौकी क्षेत्र के नचनी निवासी पवन मौर्या के रूप में हुई। पुलिस ने 9/25 आर्म्स एक्ट मे केस दर्ज कर आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# अश्लील वीडियो बना महिला के साथ किया दुष्कर्म

खोराबार, हिन्दुस्तान संवाद। नहाते समय एक महिला का अश्लील वीडियो बनाकर युवक ने उसके साथ कई महीनों से दुष्कर्म करता रहा। परेशान होकर महिला ने शनिवार को युवक के घर पहुंच कर उलाहना दी तो उसके परिवारीजनों ने महिला के साथ मारपीट की और धमकी देकर भगा दिया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओ में केस दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने खोराबार थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसी के गांव का रहने वाला एक युवक बीते कुछ माह पूर्व उसके घर टीवी बनाने आया था। युवक ने नहाते समय अश्लील वीडियो बना लिया व ब्लैकमेल करके कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस रविवार को आरोपित अजय , कुंती देवी पत्नी अर्जुन, अज्ञात, लता और दो अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# दहेज के लिए पत्नी को दिया तलाक, केस

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (26 June):** दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित वाले पति ने मांग पूरी न होने पर फोन पर तीन तलाक बोल दिया. पीड़ित महिला की शिकायत पर गोरखनाथ थाना पुलिस ने आरोपित पति, उसकी मां, भाइयों, बहन समेत 10 के खिलाफ केस दर्ज किया है.

## 2018 में हुई थी शादी

हरपुर-बुदहट के मियां पकड़ी गांव की रहने वाली शाहिना खातून की शादी दो दिसंबर 2018 को गोरखनाथ के जटेपुर उत्तरी निवासी मोहम्मद असलम से हुई थी. गोरखनाथ पुलिस को दी तहरीर में शाहिना ने लिखा है कि शादी के तीन माह ही पति, सास, ननद, भसुर उनकी पत्नियां व देवर दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे. सभी लोग पिता से एक लाख रुपए मांगकर लाने का दबाव बनाते थे. पिता की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से उनकी मांग पूरी नहीं सकी.

## केरोसीन डालकर जलाने का आरोप

एक साल बाद बेटी पैदा होने पर ससुराल वालों की प्रताड़ना बढ़ गई. पिता व रिश्तेदार के समझाने पर वह यह सोचकर चुप रही कि ससुराल वाले कुछ दिन बाद सुधर जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. आरोप है कि 21 अप्रैल को ससुराल के लोगों ने कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटने के साथ ही केरोसीन डालकर जलाने का प्रयास किया. शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने जान बचाई. जिसके बाद वह बेटी को लेकर मायके चली आई. 17 अप्रैल की दोपहर में उसके पिता के मोबाइल पर असलम ने फोन कर बात कराने को कहा. पिता के फोन देने पर उसने बात की तो गाली देने लगे. बातचीत के दौरान फोन पर ही तीन तलाक बोल दिया.

# निपटाए एनसीआर, 116 का शांति भंग में चालान

**गोरखपुर :** एसएसपी के आदेश पर रविवार को जिले के सभी थानों में एनसीआर के लंबित मामले निपटाने का अभियान चला। निस्तारण के दौरान पुलिस ने मारपीट में शामिल 116 आरोपितों का शांतिभंग में चालान कर दिया। 300 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई हुई। आपसी विवाद या छोटे मामले में पुलिस ने एनसीआर दर्ज किया था, लेकिन आरोपितों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसएसपी डा.विपिन ताडा के आदेश पर रविवार को इन मामलों को निपटाने के लिए सभी थानों पर अभियान चलाया गया। (जासं)

# 116 लोगों का शांतिभंग में चालान

गोरखपुर। जून में मारपीट-धमकी सहित विभिन्न केस में दर्ज एनसीआर के लंबित मामलों को निपटाने के लिए रविवार को पुलिस ने एक अभियान चलाया। इस दौरान निस्तारण कर 116 उत्पातिओ का शांति भंग में चालान पुलिस ने किया। जानकारी के मुताबिक, आपसी विवाद या छोटे मामले में पुलिस ने एनसीआर दर्ज किया था।

# बिहार का सोनू पंडित जिले में बेच रहा अवैध पिस्टल

**जासं, गोरखपुर** : बिहार का रहने वाला सोनू पंडित जिले में असलहे की तस्करी कर रहा है। चिलुआताल के चिउटहा पेट्रोल पंप पर मारपीट व फायरिंग करने वाले हिस्ट्रीशीटर से पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी मिली है। तस्करी करने वाले ने कई लोगों को पिस्टल बेची है। चिलुआताल के थानेदार तस्कर के बारे में जानकारी होने से इन्कार कर रहे हैं।



एसएसपी डा. विपिन ताडा

चिउटहा में फोरलेन मोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप पर शुक्रवार की रात में पंप के मैनेजर संतोष व रामपुर चक गांव के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर गौरव यादव उर्फ गोलू ने साथियों संग मिलकर सिंहोरवा गांव निवासी दीन दयाल सिंह को पीट दिया। घायल दीन दयाल को पुलिस ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। चिलुआताल थाना पुलिस ने पंप मैनेजर के साथ ही गौरव यादव को मौके से गिरफ्तार किया था। गौरव के पास से 7.65 बोर की पिस्टल व दो कारतूस मिले थे। पिस्टल के बारे में पूछने पर उसने बताया कि बिहार के रहने वाले सोनू पंडित से उसने खरीदा था। अक्सर वह चिउटहा स्थित कालेसर फोरलेन प्वाइंट पर आता है और असलहा बेचकर चला जाता है। हिस्ट्रीशीटर से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर चिलुआताल पुलिस अब सोनू पंडित के बारे में जानकारी जुटा रही है। चिलुआताल थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा का कहना है कि असलहा तस्कर के बारे में जानकारी नहीं है।

**पकड़े जाएंगे असलहा तस्कर : एसएसपी**

एसएसपी डा.विपिन ताडा ने बताया कि असलहा बनाने व बेचने वालों पर कार्रवाई करने के लिए आपरेशन तमंचा अभियान चल रहा है। हिस्ट्रीशीटर से पूछताछ में मिली जानकारी को तस्दीक किया जा रहा है। सच्चाई होने पर तस्कर को गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

### 10 माह में पकड़े गए 279 असलहे

जिले की पुलिस पिछले 10 माह में 279 अवैध असलहे पकड़ चुकी है। इसमें 161 तमंचा, 51 नाइन एमएम पिस्टल, तीन रिवाल्वर व 64 प्रतिबंधित बोर के असलहे थे। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि असलहा बिहार के सिवान, गोपालगंज व मुंगेर जिले के तस्करों से खरीदा था।

# बुलाने पर थाने नहीं आ रहे 676 दुराचारी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : पुलिस के कई बार बुलाने के बाद भी 676 दुराचारी/हिस्ट्रीशीटर थाने नहीं आ रहे हैं। एक माह में जिले के सभी थानों पर चार दुराचारी सभा का आयोजन हुआ है, जिसमें 1520 हिस्ट्रीशीटरों में 844 ही हाजिरी लगाने पहुंचे हैं। थाने पर न आने वालों का प्रहरी एप पर सत्यापन नहीं हो पाया है। अगले रविवार को पुलिस थाने न आने वाले हिस्ट्रीशीटर के जमानतदारों को बुलाएगी।

हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन करने के लिए एसएसपी ने हर रविवार को दुराचारी सभा का आयोजन करने का आदेश दिया है। थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि सभा में थाना क्षेत्र में रहने वाले कुल हिस्ट्रीशीटरों में 25 प्रतिशत को ही बुलाएं। चार रविवार को सभा का आयोजन करके सभी हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन कर लें। बुलाने के बाद भी कोई हिस्ट्रीशीटर दुराचारी सभा में नहीं आ रहा तो उसके जमानतदारों को बुलाकर सत्यापन करें। एक माह में चार रविवार को आयोजित हुए दुराचारी सभा में 676 हिस्ट्रीशीटर थाने नहीं आए, जिसमें कई दबंग हैं। उन्हें लग रहा है कि सभा में पुलिस उन्हें दरी पर बैठाकर फोटो खिंचवाएगी, जिससे क्षेत्र में उनका दबदबा खत्म हो जाएगा।

## किस थाने से कितने हिस्ट्रीशीटर नहीं आए

| थाना | शेष | गगहा | 63 | कोतवाली | 18 |
|---|---|---|---|---|---|
| बड़हलगंज | 46 | गीडा | 21 | पीपीगंज | 16 |
| बांसगांव | 54 | गोला | 22 | पिपराइच | 48 |
| बेलघाट | 14 | गोरखनाथ | 24 | राजघाट | 27 |
| बेलीपार | 28 | गुलरिहा | 11 | सहजनवां | 15 |
| कैंपियरगंज | 28 | हरपुर-बुदहट | 15 | शाहपुर | 05 |
| कैंट | 09 | झंगहा | 45 | सिकरीगंज | 07 |
| चौरीचौरा | 56 | खजनी | 30 | तिवारीपुर | 23 |
| चिलुआताल | 20 | खोराबार | 09 | उरुवा | 22 |

# करंट से एक की मौत

**गोला।** क्षेत्र के केशवापार निवासी अच्छेलाल यादव (50) की शनिवार की देर रात करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रात बिजली के मोटर से खेत में पानी चला रहे थे। तभी केबल जो पहले से कटा था, से अच्छेलाल का पैर सट गया, जिससे उनकी मौत हो गई। ब्यूरो

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**खोराबार।** इलाके के एक गांव की युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक, इलाके की एक युवती के मोबाइल नंबर पर कुछ दिन पहले अनजान नंबर से कॉल आया था। धीरे-धीरे बातचीत होने के दौरान प्यार हो गया। फिर युवक ने शादी की बात कहते हुए शारीरिक संबंध बनाया, लेकिन अब वह शादी से इनकार करने लगा था। पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई की। ब्यूरो

# इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जासं, कुशीनगर:** अहिरौली बाजार पुलिस ने रविवार को क्षेत्र के महुअवां खुर्द रेलवे स्टेशन के पास से दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी। पुलिस ने उसके विरुद्ध 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। तभी सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिए। उसकी पहचान चंद्रमणि साहनी निवासी अवरहिया शिवबल्का टोला तुरवा चौराहा थाना पिपराइच जिला गोरखपुर के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि उसके विरुद्ध नवंबर 2021 में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। घटना के बाद से ही वह फरार था। उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

# दुष्कर्म के आरोपित को पकड़ा

**गोरखपुर :** शादी करने का झांसा देकर गांव की युवती से दुष्कर्म करने के आरोपित तो खोराबार थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

तहरीर में युवती ने लिखा है कि एक साल पहले मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। जिस पर बातचीत होने लगी। नजदीकी बढ़ने पर युवक ने शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया, लेकिन अब वह शादी से करने से मना कर रहा है। चौकी प्रभारी रामनगर कड़जहां पंकज सिंह ने बताया कि रविवार सुबह आरोपित को मोतीराम अड्डा चौराहा के पास गिरफ्तार किया गया। (जासं)

## निपटाए गए एनसीआर के मामले, 116 का शांति भंग में चालान

गोरखपुर। जून में दर्ज एनसीआर के लंबित मामलों को निपटाने के लिए रविवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान निस्तारण कर 116 आरोपियों का शांति भंग में चालान किया गया। जानकारी के मुताबिक, आपसी विवाद या छोटे मामलों में पुलिस ने एनसीआर दर्ज की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। ऐसे मामलों को निपटाने के लिए रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। एसएसपी के आदेश पर चलाए गए इस अभियान में जिला पुलिस ने कुल 116 लोगों का शांतिभंग में चालान किया। एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने बताया कि रविवार को जिले में लंबित एनसीआर के निस्तारण का अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला पुलिस ने 116 लोगों का शांतिभंग में चालान किया है। ब्यूरो

## रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

पनियरा। गांगी बाजार कस्बा में एक मेडिकल स्टोर संचालक मनोज चौधरी व एक हॉस्पिटल संचालक अशोक सैनी से बीस व पांच लाख की रंगदारी मांगने वाले को पनियरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से मोबाइल व सिम कार्ड भी बरामद किया है। आरोपी अवधेश गोरखपुर जनपद के कैंपियरगंज थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत जगदीशपुर का रहने वाला है। वर्तमान में पनियरा थानाक्षेत्र के भवानीपुर में रह रहा था। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी को शनिवार देर रात अकटहवां के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

## साइबर ठगी के पीड़ित छात्र को लौटाए पैसे

ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में पढ़ाई करने वाले इंजीनियरिंग के छात्र से ठगे 54 हजार रुपये वापस पुलिस ने वापस दिला दिए। साइबर ठगों ने पिता का दोस्त बनकर छात्र से रुपये ठग लिए थे। पुलिस के अनुसार मूलरूप से गोरखपुर निवासी अक्षय कुमार नॉलेज पार्क-3 स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज से बी-टेक कर रहा है। 25 जून दोपहर को उसके फोन पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने अक्षय को बताया कि वह उनके पिता के मित्र हैं। वह कुछ रकम उनके खाते में डाल रहे हैं जिसे वह अक्षय से ग्रेटर नोएडा आकर प्राप्त कर लेंगे। कॉलर ने क्यूआर कोड भेजकर छात्र को ठगी का शिकार बनाया। स्कैन करने के बाद अक्षय के खाते से पहले दो हजार रुपये कटे। बाद में आरोपी ने कॉल कर रकम वापस लौटाने का झांसा दिया और दूसरा क्यूआर कोड भेज दिया। छात्र के खाते से तीन बार में 59918 रुपये निकल गए थे। इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रुपये वापस दिलाने की कार्रवाई की। ब्यूरो

# असलहे के साथ युवक गिरफ्तार

पाली। सहजनवां इलाके के रीठुअखोर के पास से रविवार को पुलिस ने एक युवक को असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान नाचनी गांव निवासी पवन मौर्या के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, गत दिनों सोशल मीडिया पर पवन का असलहे के साथ फोटो वायरल हुआ था। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर लिया। ब्यूरो

# पति को छोड़ थामा उसके दोस्त का हाथ, अब दुष्कर्म का आरोप

## कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को भिजवाया जेल

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट इलाके में एक अजब ही मामला रविवार को सामने आया। एक महिला अपने पति को छोड़कर उसके ही दोस्त के साथ चली गई। कुछ साल तक सबकुछ ठीक रहा, लेकिन एक बच्चा पैदा होने के बाद प्रेमी ने किसी और से सगाई कर ली।

अब महिला ने कैंट थाने पहुंचकर पति के दोस्त पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को जेल भिजवा दिया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान बिहार, बेतिया निवासी शिवशंकर सोनी के रूप में हुई है। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि शिवशंकर की जान पहचान दोस्त के घर आते-जाते उसकी पत्नी से हो गई थी। इस दौरान पति को छोड़कर पत्नी, शिवशंकर के साथ रहने लगी। शिवशंकर ने शादी का वादा किया था। इस दौरान दोनों का एक बच्चा पैदा हो गया, लेकिन अब शिवशंकर, महिला से किनारा करने लगा। उसने किसी और से सगाई कर ली। इसकी जानकारी होने के बाद महिला ने शिवशंकर के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धमकी देने का केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भिजवा दिया गया है।

## महिला से दुष्कर्म, केस दर्ज

खोराबार। इलाके के एक गांव की महिला का नहाते समय अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक से परेशान महिला शनिवार को जब इसकी शिकायत लेकर उसके घर पहुंची तो घरवालों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। शनिवार देर शाम पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, महिला ने पुलिस को बताया कि कुछ महीने पहले वह घर में नहा रही थी। बगल के छत से युवक ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। उसी वीडियो को दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। मना करने पर उसे वायरल करने की धमकी देता था। लोक लज्जा के डर से उसकी बातें में आ गई, जिस वजह से मनमानी करने लगा। अब उससे परेशान महिला युवक के घर शिकायत लेकर पहुंच गई, लेकिन युवक के घरवालों ने उसे समझाने की जगह उलटे महिला से ही मारपीट कर उसे घायल कर दिया। खोराबार पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। ब्यूरो

# पत्नी को फोन कर दिया तीन तलाक, केस दर्ज

**अमर उजाला ब्यूरो**

## गोरखनाथ इलाके की घटना तीन साल पहले हुई थी शादी

**गोरखपुर।** गोरखनाथ इलाके में रहने वाली महिला को उसके पति ने मोबाइल फोन पर ही तीन तलाक दे दिया। आरोप है कि बेटी पैदा होने के बाद उसे पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। इसी बीच पति ने फोन पर तीन तलाक दे दिया।

गोरखनाथ पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, उसकी मां, भाइयों, बहन समेत दस के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, हरपुर-बुदहट के मियां पकड़ी गांव की निवासी शाहिना खातून की शादी, दो दिसंबर 2018 को गोरखनाथ के जटेपुर उत्तरी निवासी मोहम्मद असलम से हुई थी। आरोप है कि शादी के तीन महीने बाद ही पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। सभी मिलकर शाहिना के पिता से एक लाख रुपये मांगकर लाने का दबाव बनाते थे। पिता की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी। एक साल बाद बेटी पैदा होने पर ससुराल वालों की प्रताड़ना बढ़ गई। पिता व रिश्तेदारों के समझाने पर वह यह सोचकर चुप रही कि सबकुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन इसी बीच 21 अप्रैल को ससुराल के लोगों ने कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटने के साथ ही केरोसीन डालकर जलाने का प्रयास किया। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने जान बचाई। इसके बाद वह बेटी को लेकर मायके चली आई।

आरोप है कि 17 मई की दोपहर में उसके पिता के मोबाइल फोन पर पति असलम ने फोन कर बात कराने को कहा। पिता के फोन देने पर उसने बात की तो गाली देने लगे। बातचीत के दौरान फोन पर ही तीन तलाक बोल दिया। गोरखनाथ पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# नए हिस्ट्रीशीटरों को 'प्रायश्चित' का मौका देगी पुलिस

## अपराध छोड़ नेक रास्ते पर आने को करेगी प्रेरित, काउंसलर और अधिवक्ता की मदद से समझाएगी पुलिस

शिवम सिंह

**गोरखपुर।** अपराध छोड़ खेती और ऑटो चलाकर जीवन यापन करने वाले पुराने हिस्ट्रीशीटरों की तरह ही नए हिस्ट्रीशीटरों को भी समझाने की पुलिस कोशिश करेगी।

हाल के दिनों में हिस्ट्रीशीटर बने 22 बदमाशों को थाने बुलाकर पुलिस काउंसलर और अधिवक्ता की मदद से समझाएगी। उन्हें बताया जाएगा कि अपराध की लिस्ट लंबी नहीं होगी तो वह समाज की मुख्यधारा से जुड़कर परिवार के साथ रह सकते हैं। इससे माने तो ठीक, नहीं तो अधिवक्ता उन्हें कानून की भाषा में सजा के प्रावधान बताएंगे।

जानकारी के मुताबिक, हर रविवार को दुराचारी सभा कर पुलिस पुराने हिस्ट्रीशीटरों को थाने में बुलाती है। उन्हें सबके सामने दरी पर बैठाकर पुलिस चेतावनी देती है कि अपराध छोड़ें और कोर्ट में अपनी तारीख पर जरूर जाएं, नहीं तो जमानत निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस की सख्ती का असर भी पता चला।

मालूम हुआ कि कई ऐसे हिस्ट्रीशीटर हैं, जो पुलिस के दबाव के चलते अपराध के रास्ते को छोड़कर रोजी-रोजगार करने लगे हैं। कोई दिल्ली में कपड़ा बेच रहा है तो कोई खेती, कोई ऑटो चलाकर जीवन जी रहा है।

एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का मानना है कि पुराने हिस्ट्रीशीटरों की तरह ही नए हिस्ट्रीशीटरों को भी समझाकर रास्ते पर लाने की कोशिश हो सकती है। सुधर गए तो पुराने अपराध की सजा ही मिलेगी और आगे किए तो जिंदगी जेल में ही बीत जाएगी।

**एक महीने और होगी दुराचारी सभा :** एसएसपी के मुताबिक, थानों पर पुराने हिस्ट्रीशीटरों के लिए चलाए जा रही दुराचारी सभा को एक महीने और बढ़ाया जाएगा, क्योंकि कई ऐसे बदमाश हैं, जो अब भी सामने नहीं आए। इनके बारे में सटीक जानकारी नहीं हो सकी। अगर इसके बाद भी सामने नहीं आए तो उनके जमानतदार को भी बुलाया जाएगा। जमानतदार पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जमानत निरस्त कराकर जेल भिजवाने का काम किया जाएगा।

### इनकी खोली गई है हिस्ट्रीशीट

कैंट के मोहद्दीपुर चारफाटक निवासी ओमप्रकाश पांडेय, चिलुआताल के तरहवा निवासी मनोज चौहान, मानबेला निवासी विक्की भारती, गुलरिहा के कोइलबिया निवासी आशीष निषाद, उरुवा बाजार के साहूआपार निवासी अमन दुबे, सई बुजुर्ग निवासी सुभाष यादव, गोला के नारायणपुर खुर्द निवासी सौरभ त्रिपाठी, शाहपुर के मेसी कंपाउंड निवासी सरफराज, बेलघाट के सिधवाना निवासी अजीत मिश्रा उर्फ सोनू, खोराबार के फटकहवा निवासी राहुल कुमार विश्वकर्मा, चिलुआताल के ताजडीह निवासी लल्लू दुबे उर्फ सूर्य, मोहरीपुर निवासी आकाश गुप्ता, रामपुर चक निवासी गौरव यादव, गग्हा के मेहदिया निवासी विशाल उर्फ कल्लू समेत 22 की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।



हाल में हिस्ट्रीशीटर बने 22 बदमाशों को सुधारने की कोशिश की जाएगी। इनमें से जो जेल से जमानत पर बाहर हैं, उन्हें बुलाकर काउंसलर और अधिवक्ता के माध्यम से समझाया जाएगा। सुधरे तो ठीक, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जानकारी अधिवक्ता उन्हें देंगे। जल्द ही इसकी शुरुआत की जाएगी।

**-डॉ. विपिन ताडा, एसएसपी**

## जिले के 676 हिस्ट्रीशीटर लापता

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जिले के 676 हिस्ट्रीशीटर लापता हैं। दरअसल, रविवार को होने वाले दुराचारी सभा में जिले के 1520 हिस्ट्रीशीटरों में से अभी तक 844 ही थाने पर पहुंचे हैं।

हिस्ट्रीशीटर थाने क्यों नहीं आ रहे हैं, इसको लेकर कई तरह की बात सामने आ रही हैं। कहा जा रहा है कि इनमें कुछ तो जेल में है, जबकि जो दबंग हैं, वे पुलिस के बुलावे को नजरअंदाज कर रहे हैं। अब पुलिस ने इनके जमानतदारों को बुलाने का फैसला किया है।

एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर सभी थानों पर रविवार को दुराचारी सभा आयोजित कर हिस्ट्रीशीटरों को बुलाया जा रहा है। इस सत्यापन के दौरान ही सामने आया है कि जिले के तमाम हिस्ट्रीशीटर थाने नहीं आना चाह रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि पुलिस उन्हें जमीन पर दरी बिछाकर बैठाएगी, जिससे जब उनकी फोटो सामने आएगा, तब उनका भौकाल खत्म हो जाएगा। इसलिए वे थानेदार से लेकर बीट सिपाही तक से सेटिंग करने में जुटे हैं। दुराचारियों की सभा में थाने के सभी सीसीटीएनएस मुंशी व कंप्यूटर ऑपरेटर संबंधित उपनिरीक्षक/बीपीओ बैठकर एचएस/गैंग रजिस्टर को दुरुस्त करा रहे हैं।

सीसीटीएनएस के आईएफ 12, आईआईएफ 13, आईआईएफ 14 फार्म एवं एचएस को प्रहरी एप में भरा जा रहा है। चार सभा में जो दुराचारी नहीं आएंगे, उनके जमानतदारों की पांचवीं सभा, जिसका नाम 'जमानतदार सभा' होगा, उसमें बुलाया जाएगा और इन सभी को 107/116 में पाबंद करते हुए संबंधित दुराचारियों को थाने में पेश करने के लिए चेताया जाएगा।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 27-6-22

# वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लार (एसएनबी)** । लार थाना क्षेत्र के कुंडावल हरी निवासी रमेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लार थाने के किसी पुराने मामले में उक्त युवक वांछित चल रहा था। रविवार को लार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

राष्ट्रीय सहारा दि० 27-6-22

# भटनी थाना को प्रथम स्थान मिला

**भटनी (एसएनबी)** । पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा जनपद के समस्त थानों की गुणवत्ता के आधार पर आनलाइन रैकिंग कराई गयी ।जिसमे भटनी थाना को प्रथम स्थान मिला । गुणवत्ता के आधार पर कराई गयी रैकिंग जिसमे आई जी आर एस का फीडबैक ट्विटर पर भटनी थाने की लोकप्रियता एफ आई आर एन सी आर का फीडबैक तथा अन्य चीजो पर जनपद मे थाना भटनी को पहला रैक मिला । इन सभी शिकायतो को गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के कारण जून महीने के रैकिंग मे पहला स्थान मिलने का गौरव भटनी थाने को प्राप्त हुआ है । पहला स्थान प्राप्त होने पर भटनी विकास खण्ड के अधिकांशग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व अनेक जनप्रतिनिधियों ने पुलिस के कार्यो की सराहना किया है।

हिन्दुस्तान दि० 27-6-22

# वृद्ध की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। मदारीपट्टी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में घायल वृद्ध की मौत के मामले में तरकुलवा पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें से तीन आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया।

तरकुलवा के मदारीपट्टी गांव में शुक्रवार रात में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने कालिका सिंह (65 )पुत्र स्व. कमल सिंह को पीटकर हत्या कर दिया। मृतक के भाई हरिश्चन्द्र पुत्र स्व.कमल सिंह की तहरीर पर रमेश, डेबा, रामवचन पुत्रगण बदरी सिंह, रवि सिंह उर्फ जय बहादुर पुत्र डेबा सिंह, मोनू उर्फ उदयराज पुत्र श्रीकांत, गुंजा, मनीषा पुत्रीगण डेबा सिंह, अर्चना देवी पत्नी रमेश सिंह, बिमला देवी पत्नी डेबा सिंह, चिंता देवी पत्नी राम बचन, सुमित्रा देवी पत्नी श्रीकांत सिंह, निधि पुत्री श्रीकांत सिंह, करिश्मा पुत्री रामबचन, राजन पुत्र रामबचन निवासीगण मदारीपट्टी तरकुलवा के विरुद्ध केस दर्ज किया। पुलिस नेहत्या कांड में शामिल डेबा पुत्र बदरी सिंह, गुंजा पुत्री डेबा सिंह व विमला पत्नी डेबा सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जहां सेजेल भेज दिया गया।

## हत्याकांड के दूसरे दिन भी फैला रहा सन्नाटा

कालिका सिंह के हत्याकांड के बाद गांव में दो दिनों से मातम फैला हुआ है। पुलिस गांव में मुस्तैद रही। वहीं अभियुक्त घर में ताला बंद कर फरार है। पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। वृद्ध की हत्या की घटना के बाद से ही गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

हिन्दुस्तान - दि०-27-6-22

# पुलिस की निगरानी में राजमिस्त्री की अंत्येष्टि

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के गोनाह सुरतपुरा गांव में शनिवार की रात भूमि विवाद में राजमिस्त्री की हत्या के बाद पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस के साथ ही क्यूआरटी के जवान भी घटनास्थल पर जमे रहे। पुलिसिया साए में ही उसका अंतिम संस्कार हुआ।

राजमिस्त्री सुशील सिंह का शव पोस्टमार्टम के बाद रविवार की सायं जैसे ही गांव पहुंचा, कोहराम मच गया। नात रिश्तेदार हत्या की खबर पाकर पहले से ही दरवाजे पर शव आने का इंतजार कर रहे थे। जबकि सीओ जिलाजीत चौधरी, प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, एसएसआई अरविन्द कुमार, एसआई मनीष, एसआई अजय तिवारी, एसआई प्रेमचन्द, क्यूआरटी के एसआई मुन्नीलाल सहित भारी पुलिस बल पहले से ही दरवाजे पर मौजूद रहे। पुलिस की मौजूदगी में गांव



राजमिस्त्री की हत्या के बाद रोते-बिलखते परिवारीजन। • हिन्दुस्तान

से पूरब बथुआ नदी के तट पर सुशील सिंह का अन्तिम संस्कार किया गया।

**22 जून को थी सुशील सिंह के चचेरे भाई की शादी:** सुशील सिंह के चचेरे भाई गोलू सिंह पुत्र रामअवतार सिंह की 20 जून को तिलक समारोह था, जबकि 22 को शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए नात रिश्तेदार घर पर आए हुए थे। दरवाजे पर ही तिलक का समारोह हुआ था। जिससे उनके विरोधी खुन्नस खाए हुए थे।

**सुशील की इकलौती बेटी की फरवरी में होनी है शादी:** सुशील सिंह तीन बहनों के बीच इकलौता भाई थे। सुशील सिंह की तीन संतानों में रागिनी सिंह, विकास सिंह व आकाश सिंह हैं।

## बचाने आए परिजनों को भी मनबढ़ों ने पीटा

रुद्रपुर। क्षेत्र के गोनाह सुरतपुरा गांव में भूमि विवाद में शनिवार रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष के रविंद्र सिंह ने परिजनों के साथ मिल कर दूसरे पक्ष के सुशील को लाठी-डंडों से पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर सुशील सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, सुनील, मोनू व गोलू पुत्रगण रामअवतार सिंह, नीलम पत्नी मोनू, रिश्तेदार देवमती पत्नी दीपचन्द सिंह ग्राम डुमरी थाना रामपुर कारखाना व मृत्युंजय सिंह पुत्र रामसिंहासन सिंह ग्राम बेलवा दुबौली को भी मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन सभी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां सुशील सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने छापेमारी करते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया।

हिन्दुस्तान दि०-27-6-22

# महिला जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

महुआडीह। नारी शक्ति नारी सम्मान सेवा समिति की तरफ से महुआडीह थाना क्षेत्र के कई गांव में महिला जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के गुर बताए गए तथा उन्हें असामाजिक तत्वों से दूर रहने की जानकारी दी गई। हरैया बसन्तपुर, के बेलवा बाजार, व बरर्ड़ई, सवरेजी आदि में नारी शक्ति मिशन के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया।

हिन्दुस्तान दि०-27-6-22

# नशा से आजादी पखवाड़ा में किया गया जागरूक

- पुलिस ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में किया कार्यक्रम
- हर साल 26 जून को मनाया जाता है विश्व नशा निरोधक दिवस

देवरिया, निज संवाददाता। विश्व ड्रग दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष 26 जून को विश्व ड्रग दिवस मनाया जाता है। जिससे लोगों को नशे की लत और उससे होने वाली मौतों से बचाया जा सके।

नशे के विरुद्ध लोगों में जागरुकता लाने के लिए 12 से 26 जून तक नशे से आजादी पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री व गृह मंत्री भारत सरकार द्वारा संदेश जारी करते हुए सभी देशवासियों से अपील की गई है कि खुद और अपने परिवार को ड्रग्स से दूर रखें। नशीले पदार्थों का दुरुपयोग न केवल समाज को खोखला बनाता है, अपितु नशीली दवाओं की तस्करी से अर्जित धन देश की सुरक्षा के खिलाफ प्रयोग में लाया जाता है। नशे के विरुद्ध इस युद्ध में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले, अपने आस पास हो रहे नशे के व्यापार की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें। सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से नशे की समस्या को जड़ से मिटाया जा सकता है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के संदेश को लोगों तक पहुंचाया गया।

हिन्दुस्तान दि०-27-6-22

# धोखाधड़ी में लिपिक समेत पांच पर केस

देवरिया। जालसाजों ने नगर पालिका के कर्मचारी की मिलीभगत से कूटरचना कर भूमि पर अपना नाम चढ़वा लिया। अधिवक्ता की तहरीर पर सदर पुलिस ने नगरपालिका के लिपिक समेत पांच लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

गरुणपार मोहल्ला के रहने वाले हरीओम प्रसाद अधिवक्ता है। उन्होंने सदर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि संस्था का मुख्यालय पिपरपाती नगर अंदर है। चकियवा मोहल्ला के रहने वाले रामनयन ने पालिका के कर्मियों की मिलीभग से तुलसी प्रजापति का नाम निरस्त कर संस्था के प्रबंधक के नाम पर मकान करा लिया। रामनयन पुत्र फुलेना प्रजापति निवासी वार्ड नम्बर तीन चकियवाँ सदर, विजय पुत्र स्व. बैजनाथ वार्ड नम्बर 2 कतरारी नगर अंदर, दिलीप पुत्र स्व. लाल बाबू निवासी अम्बेडकर नगर भीखमपुर, पालिका के लिपिक नाम पता अज्ञात संग अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० 27-6-22

# मासूम की मौत में ट्रक चालक संग 7 पर केस

खुखुन्दू। ट्रक से कुचलकर मासूम की मौत के मामले में पुलिस ने मासूम के पिता की तहरीर पर ट्रक चालक समेत सात लोगों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस की मौजूदगी में बरहज में रविवार को मासूम का अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। खुखुन्दू पुलिस गांव में कैंप कर रही है।

बैरौना के गांव में शनिवार की शाम ट्रक से कुचलकर एक अनूप (2) की मौत हो गई थी। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगाकर ट्रक को फूंक दिया था। दो सीओं समेत आधा दर्जन थानों की पुलिस गांव में लगा दी। मासूम के पिता राधेश्याम राजभर की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। उनका आरोप है कि जानबूझ कर ट्रक चढ़ा कर बच्चे को चालक ने मार दिया। उलाहना देने जाने पर विपक्षी गण द्वारा लाठी-डंडे से लैस होकर उन्हें और उनके दो भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया गया।

हिन्दुस्तान दि०-27-6-22

# छेड़खानी से आजिज छात्रा ने स्कूल छोड़ा, दो पर केस

- लोकलाज के भय से किशोरी को रिश्तेदारी में भेजा
- रिश्तेदारी में भी पहुंचकर परेशान करने लगा मनचला

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। देवरिया के रामपुर कारखाना क्षेत्र में छेड़खानी से आजिज एक छात्रा ने स्कूल छोड़ दिया। लोकलाज के भय से परिजनों ने उसे रिश्तेदारी में भेज दिया। आरोपी युवक वहां भी पहुंच गया और उसे परेशान करने लगा। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को एक युवक स्कूल आते-जाते छेड़ता रहता था। लगभग दो महीने तक रोजाना हुई छेड़खानी से आजिज आकर किशोरी ने स्कूल जाना ही बंद कर दिया। परिजनों ने लोकलाज के भय से उसे रिश्तेदारी में भेज दिया था। लेकिन युवक पता लगाकर रिश्तेदारी में भी पहुंच गया और किशोरी को परेशान करने लगा। किशोरी के पिता युवक के परिजनों से शिकायत करने गए तो उन्होंने अपने बेटे को डांटने की जगह पीड़ित को लौटा दिया। एक युवक ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। थक हारकर किशोरी के पिता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। देर रात पुलिस ने आरोपी युवकों पर छेड़खानी, धमकी देने व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया लिया।

हिन्दुस्तान दि०-27-6-22

# दो ट्रैक्टर व दो बाइक चोरी का केस दर्ज

देवरिया। वाहन लिफ्टरों ने सदर कोतवाली क्षेत्र में आंतम मचा रहा है। पिछले कुछ दिनों दो बाइक और एक ट्रैक्टर ट्राली चुरा ले गए। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया। चोरों ने अलग अलग स्थानों और तिथियों को गाड़ियों को चुराया था। सदर कोतवाली के सोनूघाट के रहने वाले अजय कुमार जायसवाल के दरवाजे से 8 जून को ट्रैक्टर ट्राली को चुरा ले गए।

दैनिक जागरण दि० 27-6-22

# नशे की लत से बर्बाद हो जाता है जीवन

जासं, देवरिया: जनपद में रविवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने लोगों को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि नशे की लत से जीवन बर्बाद हो जाता है। खुद को व अपने परिवार को नशा से दूर रखें।

नशीले पदार्थों का दुरुपयोग न केवल समाज को खोखला बनाता है, अपितु नशीली दवाओं की तस्करी से अर्जित धन देश की सुरक्षा के खिलाफ प्रयोग में लाया जाता है। नशे के विरुद्ध इस युद्ध में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। अपने आस पास हो रहे नशे के व्यापार की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें।

सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से नशे की समस्या को जड़ से मिटाया जा सकता है। वहीं सदर कोतवाली, खुखुंदू, रामपुर कारखाना, तरकुलवा, रुद्रपुर, महुआडीह, सलेमपुर, लार, भटनी, बनकटा, खामपार, भाटपाररानी, मईल, बरहज, भलुअनी आदि थानों में नशे से आजादी पखवारे के दौरान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के संदेश को लोगों तक पहुंचाया गया।

दैनिक जागरण दि०-27-6-22

# पुलिस के पहरे में रहा बैरौना गांव

**जासं, खुखुंदू:** ट्रक पीछे करते समय शनिवार की रात चपेट में आने से बच्चे की मृत्यु होने व ट्रक में आग लगाने के बाद गांव में पुलिस का पहरा है। पूरी गांव में पूरी रात डटी रही। खुखुंदू थानाक्षेत्र के बैरौना में शनिवार की रात गांव के रहने वाले राधेश्याम राजभर के पुत्र अनुज ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना से गुस्साए लोगों ने ट्रक में आग लगा दी। इसके साथ ही अगल बगल खडे ट्रकों में भी तोड़फोड़ की। इसके साथ ही राधेश्याम की तहरीर पर चालक रामानंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दैनिक जागरण दि० 27-6-22

# फर्जी प्रमाण पत्र लगाने वाले सात लोगों पर दर्ज होगा मुकदमा

**जागरण संवाददाता, देवरिया**: ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक की भर्ती के लिए आवेदन करने वाले सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होगा। जिला पंचायत राज अधिकारी की जांच में प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। उन्होंने एडीओ पंचायत को मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

जिले की 1185 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक की भर्ती की गई है। 2021 में यह प्रक्रिया पूरी की गई है। सात ऐसे लोगों ने भी आवेदन किया था, जिनका प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। जांच के बाद जिलाधिकारी से स्वीकृति लेने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

कूटरचना कर बढ़ाया अंक

भागलपुर विकास खंड के बरठा लाला में अमरीश यादव के इंटर का प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया है। आवेदन के साथ लगाए गए प्रमाण पत्र में 12वीं में 361 मिले हैं, जबकि कूटरचना कर 380 नंबर बढ़ा लिए। इसी तरह नरियांव में सुशील कुमार ने जो प्रमाण पत्र आवेदन में लगाया है, उसमें 348 अंक लिखा है, जबकि जांच में 292 ही अंक पाया गया। गौरीबाजार के पननहा की वंदना यादव ने जो प्रमाण पत्र लगाया है, जांच में वह श्रीकांत कुमार का निकला। कालावन की सरोज यादव ने 12वीं के प्रमाण पत्र में 428 नंबर दिखाया है, जबकि जांच में 267 अंक ही सही है। इसी तरह खैराबनुआ के धर्मेंद्र के प्रमाण पत्र में 431 नंबर दिखाया गया है, जबकि जांच में 221 नंबर सही पाया गया है। रामपुर कारखाना के मोहन मुंडेरा के नीलेश्वर के इंटर के प्रमाण पत्र में 357 की जगह 425 नंबर मिला है। जबकि तवक्कलपुर की शिखा यादव पत्नी संतोष यादव ने आवेदन किया है, उस गांव में शिखा यादव नाम की कोई महिला नहीं रहती।

- **ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक पद की भर्ती के लिए लगाया था प्रमाण पत्र**
- **जांच में कागजात फर्जी मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कराने का डीपीआरओ ने दिया निर्देश**

"सभी सातों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए एडीओ पंचायत को निर्देश दिए गए हैं। तीन दिन के अंदर मुकदमा दर्ज करा दिया जाएगा।

**अविनाश कुमार**, डीपीआरओ

## यह और अन्य खबरें देखें-

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

दैनिक जागरण

# रास्ते के विवाद में अधेड़ की हत्या, पांच गिरफ्तार

## पुत्री समेत पांच लोग घायल, सीएचसी में हुआ इलाज, रुद्रपुर के गोनाहउरत पुरा गांव की घटना, पुलिस बल तैनात



## रास्ता बंद करने पर दोनों पक्षों में बढ़ गई टकराहट





दैनिक जागरण दि० 27-6-22

# तीन हत्यारोपितों को पुलिस ने भेजा जेल

**जासं, तरकुलवा**: मदारी पट्टी में बुजुर्ग की हुई हत्या के मामले में फरार तीन आरोपितों को पुलिस ने शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपितों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार की रात गांव के कालिका सिंह की उस समय पीट कर हत्या कर दी गई, जब वह शौच करने के बाद घर लौट रहे थे। इस मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर 14 आरोपितों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार की रात पुलिस ने आरोपित डेबा, गुंजा, विमला सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जबकि फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया कि फरार आरोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अमर उजाला दि०-27-6-22

# नशा विरोधी अभियान चलाया

देवरिया। विश्व ड्रग दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस ने जागरुकता अभियान चलाया। विभिन्न जगहों पर पुलिस ने लोगों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि पुलिस नशा से दूरी बना कर नया जीवन पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने परिवार को ड्रग्स से दूर रखें। नशा समाज को खोखला बनाता है। इतना ही नहीं नशीली दवाओं की तस्करी से अर्जित धन देश की सुरक्षा के खिलाफ प्रयोग में लाया जाता है। नशे के विरुद्ध इस युद्ध में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले, अपने आस पास हो रहे नशे के व्यापार की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें। संवाद

हत्याकांड

**तीन दिन बाद भी खाली हाथ, कई लोगों से हुई पूछताछ**

अमर उजाला दि॰ 27-6-22

# हत्या की गुत्थी सुलझाने में उलझी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

लार। तीन दिन बाद भी रहमान हत्याकांड में पुलिस खाली हाथ है। घटना से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी है, जिससे कातिलों तक पहुंच सके। सर्विलांस के जरिए मृत और उसके भाई का काल डिटेल पुलिस खंगाल रही है, जिसमें उसने आखिरी काल शाम छह बजे अपनी मां को किया है।

नगर के बाजार वार्ड निवासी रहमान की बृहस्पतिवार की रात गला रेत व हाथ पैर काट कर हत्या कर दी गई। उसका शव सूतावर कौसड़ मार्ग के किनारे पूरब दिशा में मिला। निर्मम तरीके से की गई हत्या से इलाके में सनसनी फैली हुई है। कातिलों तक पहुंचने में जुटी एसओजी और स्थानीय पुलिस तीसरे दिन भी घटना से जुड़ा साक्ष्य जुटाने में नाकाम रही। वहीं पुलिस उसके मोबाइल का काल डिटेल निकाली है, जिसमें वह घटना के दिन शाम छह बजे अपनी मां से अंतिम बार बात किया है। मां ने दुकान से सामान लाने को कहा है। इसके बाद किसी का फोन नहीं आया है। तीसरे दिन भी उसके करीबी कुछ दोस्तों व बड़े भाई को थाने बुलाकर पूछताछ की गई। घंटों चली पूछताछ में सभी का बयान दर्ज किया गया।

## व्हाट्सएप काल करके तो नहीं बुलाया गया

लार। पुलिस ने सिम से रहमान की हुई बातचीत का पूरा रिकार्ड खंगाल लिया है। उसमें मां से आखिरी बार बात शाम छह बजे हुई है। इसके बाद किसी का काल नहीं आया है। पिछले छह माह तक के काल डिटेल के मुताबिक, उस पर कोई ऐसी बातचीत नहीं हुई है। पुलिस अब उसके व्हाट्सएप का रिकार्ड खंगालने में जुटी है। आशंका जताई जा रही है कि कहीं व्हाट्सएप काल करके किसी ने बुलाया हो।

## सुनियोजित तरीके से हत्या की आशंका

लार। अभी तक के पुलिस जांच में रहमान की हत्या अचानक की नहीं लग रही है, क्योंकि जिस तरीके से घटना को कातिलों ने अंजाम दिया है, उससे प्रतीत हो रहा है कि पहले से हत्या की पटकथा लिखी गई हो। उसकी बाइक मईल थाना क्षेत्र में मिलना भी कई सवाल खड़े कर रही है।

सूत्रों की मानें तो एक युवती से भी महिला कांस्टेबल की मौजूदगी में पूछताछ की गई है। हालांकि पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। घटना में माकूल जानकारी नहीं मिल पा रही है, जिससे कातिलों तक पहुंचा जा सके। खुद पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में उलझ गई है। एसएसआई राममोहन सिंह ने बताया कि एसओजी और थाने की टीम लगी है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

अमर उजाला दि0-27-6-22

# दो लोगों पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामपुर कारखाना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से छेड़खानी के मामले में पुलिस ने दो लोगों पर मुकदमा दर्जकर लिया है।

बताया जामा है कि एक युवक स्कूल आते-जाते समय किशोरी को छेड़ता रहता था। इससे आजिज आकर किशोरी ने स्कूल जाना भी बंद कर दिया था। परिजनों ने उसे रिश्तेदारी में भेज दिया था, लेकिन युवक किसी तरह पता लगाकर रिश्तेदारी में भी पहुंच गया और किशोरी को परेशान करने लगा।

### युवक ने जान से मारने की धमकी दी

किशोरी के पिता उलाहना लेकर युवक के पिता के पास पहुंचे, लेकिन उन्होंने अपने बेटे को डांटने के बजाए किशोरी के पिता को लौटा दिया। जबकि एक युवक ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

थक-हारकर किशोरी के पिता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। छानबीन के बाद देर रात पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ छेड़खानी, धमकी देने और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## महिला ने लगाया फोन पर धमकी देने का आरोप

**बरहज।** क्षेत्र के कपरवार स्थित नौका टोला गांव निवासी धनेशरा देवी पत्नी स्व.रामप्रवेश यादव ने पुलिस को तहरीर देकर गुहार लगाई है। उनका कहना है कि अपरिचित व्यक्ति फोन कर मारने-पीटने की धमकी दे रहा है। घर से निकलना मुश्किल हो गया है। धनेशरा देवी ने तहरीर में कहा है कि 13 जून को रात 11 बजे मोहल्ले का व्यक्ति घर में घुसकर कर हंगामा किया था। मामला कपरवार पुलिस चौकी तक पहुंचा था। इसमें जिम्मेदारों ने समझौता करा दिया। महिला का कहना है कि विवाद के बाद से अलग-अलग नंबर से अपरिचित व्यक्ति धमकी दे रहा है। महिला का यह भी कहना है कि वह पिछले कुछ दिनों से थाने का चक्कर लगा रही है। वह चार बच्चियों के साथ घर पर रहती है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-06-2022

### जिले में नशा मुक्ति दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम, बच्चों व युवाओं, पुलिस कर्मियों ने रैली निकालकर किया लोगों को जागरूक

# नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाने का संकल्प

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिले में रविवार को नशा उन्मूलन दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद के सभी थाना परिसर में पुलिस कर्मियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में भी कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशा मुक्ति के खिलाफ अभियान चलाकर जागरूक करने का निर्णय लिया गया।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों एवं यातायात कार्यालय पर 12 जून से 26 जून तक नशे से आजादी पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान नशीले पदार्थों के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के विरुद्ध अन्तराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित किए गए।

अहिरौली बाजार संवाद के अनुसार अहिरौली बाजार थाना परिसर में नशा मुक्ति उन्मूलन दिवस के अवसर पर प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने सभी पुलिस कर्मियों को नशा मुक्ति के प्रति देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के संदेश को पढ़कर सुनाया और नाशे के खिलाफ अभियान का संकल्प लिया। इस दौरान थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, श्यामदेव सिंह आदि पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



रविवार को अहिरौली बाजार थाने के प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता पुलिस कर्मियों को नशा मुक्ति के प्रति प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के संदेश को पढ़कर सुनाते हुए। •हिन्दुस्तान

## आबकारी कर्मियों को दिलाई गई शपथ

**पडरौना।** जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह की देखरेख में आबकारी विभाग कुशीनगर के तत्वावधान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आबकारी कर्मियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में 12 जून से 26 जून तक नशे से आजादी के पखवाड़े का समापन हुआ।

## बच्चों में नशा की लत चिंता का विषय

- नशे की लत विषय पर रिसर्च कर रहीं पूजा
- नशा मुक्ति दिवस पर साझा किया अनुभव

**तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंद्रौटा निवासी पूजा मिश्रा ने डीआरडीओ वैज्ञानिक प्रदीप गुप्ता के साथ मिलकर युवाओं में बढ़ते नशे की लत विषय पर अध्ययन किया। इस रिसर्च के दौरान उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर अपना अनुभव साझा किया है।

उन्होंने बताया कि नशे की लत को ज्यादातर वयस्कों की समस्या माना गया है। बच्चों व युवाओं में नशा का लत पकड़ना चिंता का विषय है, क्योंकि नशा आगे चलकर भविष्य में उन्हें तमाम तरह के नए बीमारियों को जन्म देती है। शोध में यह पाया गया है कि अधिकांश वयस्क नशे का उपयोग करना सबसे पहले अपनी किशोरावस्था से शुरू करते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि युवावस्था एक ऐसी अवस्था है, जिसमें किशोर नवीन अनुभव के लिए उत्सुक रहते हैं और कुछ नया आजमाने के चक्कर में अपने शरीर के साथ प्रयोग कर बैठते हैं। इस अवधि के दौरान किशोर उच्च जोखिम वाले व्यवहार को करते हैं। अध्ययन में यह पता चला है कि छोटे बच्चे (8-12 वर्ष तक) ज्यादातर सोल्यूशन या अन्य सूंघने वाले पदार्थ जैसे -थिनर, पेट्रोल इत्यादि सूंघकर नशा करते हैं, जबकि किशोर बीड़ी, सिगरेट, गुटका और स्मैक (हेरोइन) का मुख्य रूप से नशा करते हैं। क्योंकि इस उम्र के बच्चों के पास आमदनी का कोई जरिया नहीं होता है। यह बच्चे अपने नशे की जरूरत को पूरा करने के लिए अक्सर चोरी व छीनाझपटी जैसे अपराध में शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार में नशे का माहौल, नशीली चीजों की आसानी से उपलब्धता, नवीन अनुभव या उत्तेजना की तलाश, मानसिक तनाव का मुकाबला करने में अक्षम होना और नशा का उपयोग करने वाले दोस्तों का साथ या उन इलाके में रहना जहां नशीली दवाओं का उपयोग अधिक होता है। यह सब बच्चों में बढ़ते नशे की लत के प्रमुख कारण हैं। बच्चों को नशे की चपेट में आने से बचाने के लिए बच्चों के सामने घर में नशीली दवाओं का प्रयोग न करना, बच्चों के व्यवहार और उनके संगत का ध्यान रखना, बच्चे द्वारा नशा शुरू करने की स्थिति में मनोवैज्ञानिक से सलाह लेना, बच्चे को अपनी समस्याओं को साझा करने का अवसर देना और उन्हें समझना ताकि वह गलत रास्ते पर न जाएं।

# 20 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने रविवार को 20 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गोरखपुर जिले के पिपराइच थानांतर्गत अवरहिया शिवबलका टोला तुरवा चौराहा निवासी चंद्रमणि साहनी पुत्र महेंद्र साहनी उम्र 22 वर्ष के खिलाफ अहिरौली बाजार थाने में धारा 376, 363, 506 एवं 3/4 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए उस पर बीस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अहिरौली बाजार थाने की पुलिस टीम बनाकर उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई थी। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि इनामी अपराधी महुआ खुर्द स्टेशन के पास मौजूद है। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच चंद्रमणि साहनी को गिरफ्तार कर लिया गया और विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ पंकज गुप्ता, एसआई राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल विजय प्रताप चौबे ,कांस्टेबल विनोद कुशवाहा, शुभम यादव, महिला कांस्टेबल आराधना सिंह, निधि त्रिपाठी शामिल रहे।

# नशा से दूर रहेंगे पुलिसकर्मी, लिया संकल्प

## पुलिस लाइन में सुनाया गया प्रधानमंत्री का संदेश, लोगों से नशा छोड़ने की अपील

**जागरण संवाददाता, पडरौना कुशीनगर :** 12 जून से शुरू हुए नशे से आजादी पखवारा का रविवार को विश्व नशा निरोधक दिवस पर समापन हो गया। इस दौरान पुलिस लाइन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर पुलिसकर्मियों को प्रधानमंत्री तथा गृह व सहकारिता मंत्री का संदेश सुनाया गया। पुलिसकर्मियों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया।



पुलिस लाइन में कार्यक्रम को संबोधित करते सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह● जागरण

कार्यक्रम में सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि नशे का बढ़ता प्रभाव युवा पीढ़ी को खोखला कर रहा है। इस पर अंकुश लगाने को लेकर हर वर्ष गृह मंत्रालय के निर्देश पर 12 से 26 जून तक नशे से आजादी पखवारा मनाया जाता है। इस बीच पुलिसकर्मी शहर तथा

**नशे से आजादी पखवारा**

गांव-गांव पहुंच आमजन को नशे के प्रति जागरूक कर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हैं। थाने स्तर पर भी टीम अपने अपने क्षेत्र में नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को जागरूक करने का कार्य करती है। इस बार भी जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। सीओ ने कहा कि नशा एक बुराई है और इससे लड़ने के लिए समाज को एकजुट होना होगा। तभी इस पर अंकुश लगाया जा सकता है। अनेक युवा जो नशे के आदी बन जाते हैं वह इसकी पूर्ति के लिए कोई भी आपराधिक वारदात करने से नहीं हिचकते हैं। नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। आरआइ रूपेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### आयोजित हुई संगोष्ठी

नशे से आजादी पखवारा के समापन पर जिला आबकारी कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने कहा कि अभियान चलाकर आमजन को नशे से दूर रहने की अपील की गई। शहर व गांवों में पोस्टर-बैनर लगाकर लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया।

# रेल, बस व पेट्रोलपंपों पर जांची गई सुरक्षा व्यवस्था

## अफवाह फैलाने वालों पर रखी जा रही नजर, संदिग्ध हरकत व वस्तुओं की दें त्वरित सूचना : एएसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एएसपी रितेश कुमार सिंह ने रविवार को मातहतों संग नगर में पैदल गश्त किया। भीड़भाड़ वाली जगहों के अलावा रेल, बस स्टेशन तथा पेट्रोलपंपों की सुरक्षा व्यवस्था जांची। भरोसा दिलाया कि नागरिकों की सुरक्षा में पुलिस हर पल तत्पर है। संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अफवाहों पर ध्यान न दें।

नगर कोतवाली से पुलिसकर्मी भीड़-भाड़ वाले स्थान के अलावे प्रमुख मार्गों गुजरे, इस दौरान संदिग्धों की जांच-पड़ताल की गई। धर्मशाला रोड, बैंक रोड, रेल, बस स्टेशन तथा पेट्रोल पंपों पर एएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। धर्मशाला रोड पर सर्राफा दुकानदारों से बातचीत की। कहा कि सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। आप लोग भी सजगता बरतें, जिससे कि अनहोनी से बचा जा सके। सीसीटीवी कैमरा दुकानों में जरूर लगवाएं।



पडरौना नगर के खड्डा रेलवे ढाला के समीप पैदल मार्च में शामिल बाएं से एएसपी रितेश कुमार सिंह व सीओ कुंदन कुमार सिंह● जागरण

ताकि जरूरत पड़ने पर उससे आवश्यक मदद मिल सके। कहा कि माहौल बिगाड़ने वाले अराजकतत्वों पर नजर रखी जा रही। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। कानूनन व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए नगर समेत जिले भर में पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस नगर, कस्बों के भीड़-भाड़ वाले स्थान, सर्राफा बाजार, शापिंग माल, बड़ी दुकानों, महिला कालेज के अलावा रेलवे तथा बस स्टेशनों पर पैदल गश्त कर लोगों में सुरक्षा भावना और मजबूत कर रही है। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

## अग्निपथ के लिए युवाओं को प्रेरित करेंगे थानेदार

- एसपी ने थाना स्तर पर गठित की टीम, शीघ्र दिखेगा असर
- कोचिंग संस्थानों व कालेज प्रबंधन से वार्ता करेगी टीम

**जागरण संवाददाता, पडरौना**

कुशीनगर : भारतीय सेना में नई योजना अग्निपथ के तहत भर्ती शुरू हो गई है। इसके तहत भर्ती होने वाले अग्निवीरों को तैयार करने के लिए जिला स्तर से भी कोशिशें तेज हो गई हैं। इस योजना को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए एसपी धवल जायसवाल ने थानेदार के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की है। यह टीमें कोचिंग संस्थान तथा कालेज प्रबंधन से वार्ता कर युवाओं के बीच कायम भ्रांतियों को दूर करने का कार्य करेंगी। थाना स्तर पर गठित टीम में थानेदार, हल्का दारोगा व बीट पुलिस अधिकारी शामिल किए गए हैं। टीम के सदस्य गांवों में जाकर युवाओं को इस योजना के बारे में जानकारी देंगे और अग्निवीर बनने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके लिए हर माह थाने पर कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें युवाओं को शामिल कर उन्हें योजना तथा रिटायरमेंट के बाद अग्निवीरों को विभिन्न नौकरियों में मिलने वाले आरक्षण के बारे में जानकारी दी जाएगी। शहर क्षेत्र के थानेदार शिक्षा विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर कालेज तथा कोचिंग संस्थानों में युवाओं को जागरूक करेंगे। बताएंगे कि योजना देश के युवाओं को राष्ट्र रक्षा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। सर्किल स्तर पर सीओ संबंधित थानों की टीम की मानिटरिंग कर रिपोर्ट करेंगे। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि अग्निपथ योजना भारत के युवाओं को राष्ट्र रक्षा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। अग्निवीरों को विभिन्न नौकरियों में आरक्षण मिलेगा। युवाओं को इसके लिए प्रेरित करने के लिए थाने स्तर पर टीम गठित कर दी गई है। जो युवाओं में भ्रांतियों को दूर कर उन्हें अग्निवीर बनने के लिए प्रेरित करेगी।

हृदय

# पब्लिक पोल में महिला थाना पहले पायदान पर

- एडीजी के निर्देश पर एसपी ने थानों की कार्य-प्रणाली पर नागरिकों से मांगी थी राय
- 3863 लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर व्यक्त की अपनी राय


**जागरण संवाददाता, पडरौना कुशीनगर :** एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार के निर्देश पर जनपद के थानों की पुलिस की कार्य-प्रणाली को लेकर कराए गए पब्लिक पोल में महिला थाना पहले पायदान पर है। वहीं कोतवाली हाटा को दूसरा तथा अहिरौली बाजार थाने को तीसरा स्थान मिला है।

थानों की कार्य-प्रणाली के बारे में राय जानने के लिए एसपी धवल जायसवाल ने 11 से 17 जून तक नागरिकों से वाट्सएप, फेसबुक तथा ट्विटर के माध्यम से प्रतिक्रिया मांगी थी। इसके अलावा आइजीआरएस तथा एफआइआर व एनसीआर दर्ज कराए लोगों से बात कर उनका फीडबैक लिया गया। निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली गई। शिकायतकर्ताओं से सुझाव मांगे गए। पूछा गया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस की कार्रवाई से वह संतुष्ट हैं या नहीं। पब्लिक पोल में ट्विटर के माध्यम से 1493 लोगों ने प्रतिक्रिया दी। जबकि 1160 लोगों से बात कर उनकी राय जानी गई। इसी तरह एफआइआर दर्ज कराए 392 व आइजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराए 818 लोगों से पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में पूछा गया। इस तरह कुल 3863 नागरिकों से मिली राय के आधार पर एडीजी जोन ने थानों की रैंकिंग तय की।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि थानों की कार्य-प्रणाली पर नागरिकों से राय मांगी गई थी। जिसका उद्देश्य नागरिकों से प्राप्त सुझावों पर अमल कर कार्य-प्रणाली में और सुधार करना तथा पुलिस व नागरिकों के बीच बेहतर संबंध स्थापित कराना है। पोल का परिणाम थानों की पुलिस को और बेहतर करने के लिए उत्साहित करेगा।

**थानों की यह रही रैंकिंग**

महिला थाना-पहला, कोतवाली हाटा-दूसरा, अहिरौली बाजार-तीसरा, जटहाबाजार-चौथा, कोतवाली पडरौना-पांचवां, कुबेरस्थान-छठवां, तुर्कपट्टी-सातवां, रामकोला-आठवां, तरयासुजान-नौवां, खड्डा-10वां, कप्तानगंज-11वां, विशुनपुरा-12वां, कसया-13वां, बरवापट्टी-14वां, पटहेरवा-15वां नेबुआ-नौरंगिया-16वां, सेवरही-17वां व हनुमानगंज थाने को 18 वां स्थान मिला है।

# 20 हजार का इनामी गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार :** अहिरौली बाजार पुलिस ने रविवार को क्षेत्र के महुअवां खुर्द रेलवे स्टेशन के पास से दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी। पुलिस ने उसके विरुद्ध 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का नामजद आरोपित महुअवां रेलवे स्टेशन के पास मौजूद है। टीम तत्काल मौके पर पहुंची तो वह भागने लगा। पुलिसकर्मी उसे दौड़ाकर पकड़ लिए। उसकी पहचान चंद्रमणि साहनी निवासी अवरहिया शिवबल्का टोला तुरवा चौराहा थाना पिपराइच जिला गोरखपुर के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि उसके विरुद्ध नवंबर 2021 में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। घटना के बाद से ही वह फरार था। उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस उसे न्यायालय ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। (जासं)

# दूर हुआ मनमुटाव, दंपती अब रहेंगे साथ-साथ

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** महिला थाना में रविवार को थानाध्यक्ष रेखा की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई। इसमें कुल तीन मामले आए। सभी मामले आपसी समन्वय के आधार पर निस्तारित कर दिए गए।

हाटा नगर के वार्ड संख्या 10 चकिया निवासी रागिनी वर्मा पति दीनानाथ वर्मा से मनमुटाव होने की महिला थाने में शिकायत की थी। विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों अलग-अलग रहने लगे। रविवार को पति-पत्नी को थाने बुलाया गया। उनकी काउंसिलिंग की गई। जिसके बाद पति-पत्नी साथ रहने को तैयार हो गए। इसी तरह अहिरौली बाजार निवासी विद्यावती ने भी प्रार्थना-पत्र देकर मदद की गुहार लगाई थी। काउंसिलिंग के दौरान पता चला कि मामूली बात पर भी पति सोनू गुप्ता व विद्यावती एक दूसरे से झगड़ जाते थे। समझाने पर दोनों ने अपनी भूल स्वीकार कर आगे से ऐसा न करने का विश्वास दिलाया। पडरौना कोतवाली के गाय घाट टोला धोबहा की आरती ने पति रोहित चौहान पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। वह छह माह से मायके में रह रही थी। पति से उसका महिला थाने में जब आमना सामना हुआ तो दोनों ने अपनी अपनी गल्तियां मानीं और आगे से एक साथ रहने पर रजामंदी जताई। इसी तरह परिवार परामर्श केंद्र में पति-पत्नी का मामला प्रस्तुत हुआ। विवाद के कारण दोनों अलग रह रहे थे। केंद्र की प्रभारी निरीक्षक सुमन सिंह ने दोनों की काउंसलिंग की। दोनों साथ रहने को तैयार हो गए। केंद्र की सदस्य मीनू आदि मौजूद रहीं।

JHARKHAND
1st Floor, Jharkhan
Website: www

## तीन दिन पूर्व गायब बालक का नहीं मिला सुराग

**तरयासुजान :** क्षेत्र के तिनफेड़िया चौकी अंतर्गत रामपुर बंगरा गांव से तीन दिन पूर्व घर से गायब बालक का अभी तक पता नहीं चल सका है। मां अंतिमा देवी पत्नी मुन्ना साह ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि उनका 12 वर्षीय बेटा अंकित गुप्ता 24 जून की सुबह आठ बजे से घर से गायब है। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

**हाटा:** पकड़ी दास गांव के मुन्ना जायसवाल ने हाटा कोतवाली में तहरीर सौंपकर बताया है कि उनके गांव का एक व्यक्ति वर्ष 2020 में लेखपाल भर्ती में नौकरी दिलाने की बात कही। गांव के कुछ लोगों की जानकारी में पीएनबी की भड़कुलवा शाखा में उसके खाते में कई किश्तों में पांच लाख 80 हजार रुपये जमा कर दिया। इसके अलावा 50 हजार रुपये नकद भी दिया था। दो वर्ष बीत गए, नौकरी नहीं मिली, अब वह रुपये वापस करने के बजाय जानमाल की धमकी दे रहा है। कोतवाली प्रभारी आरके सिंह ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# चोरी की घटनाओं का नहीं हुआ पर्दाफाश

**नेबुआ नौरंगिया :** मंसाछापर बाजार और आसपास के गांवों में लगातार चोरी की घटनाओं से ग्रामीण और दुकानदार डरे हुए हैं। पुलिस किसी भी घटना का पर्दाफाश नहीं कर सकी है। बाजार में प्रभु शर्मा की वेल्डिंग की दुकान से 19 जून की रात में बैट्री व दो क्विंटल लोहा चोरी हो गया ।उसी रात कुरमौल शिवमंदिर परिसर से हैंडपंप का हेड चोरी हो गया। रामसेवक की भवन निर्माण सामग्री की दुकान से 16 जून की रात मोटर चोरी हो गया। इसी तरह जंगबहादुर के मकान से मोटर, सुरेंद्र चौहान की चाय की दुकान से हैंडपंप का हेड, चुम्मन के घर से सोलर प्लेट व बैट्री की चोरी हुई। (जासं)

# बंद होगी खुले में मांस व मछली की बिक्री

कसया : कुशीनगर नगरपालिका क्षेत्र के तहत सभी वार्डों व बाजारों में मुर्गा, बकरा व मछली की बिक्री खुले में नहीं होगी। नगर पालिका प्रशासन जल्द ही अभियान चलाकर दुकानदारों को चिंहित कर सूचीबद्ध करेगा। एयरपोर्ट से विमानों के सुरक्षित परिचालन के लिए जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने अधिशासी अधिकारी प्रेमशंकर गुप्त को यह निर्देश दिया है। ईओ ने बताया कि अगले सप्ताह से अभियान चलेगा। एयरफील्ड इनवायरमेंटल कमेटी ने नगरपालिका कुशीनगर व एयरपोर्ट की दस किमी. परिधि में खुले में मांस-मछली की बिक्री प्रतिबंधित कर दी है। विमान के लैंडिंग व टेकआफ के दौरान पक्षियों के विमान से टकराने का खतरा बना रहता है। जिलाधिकारी ने अभियान में नगरपालिका सहित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, चिकित्सा, स्वास्थ्य व खाद्य सुरक्षा विभाग की भूमिका तय की है। (जासं)

# एसीएमओ समेत तीन पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**जासं, पडरौना**:नगर कोतवाली में रविवार देर रात को एसीएमओ (अपर मुख्य चिकित्साधिकारी) समेत तीन पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों पर संविदा एनएनएम की भर्ती में अनियमितता बरतने का आरोप है।

सीएमओ सुरेश पटारिया ने तहरीर में कहा है कि समिति द्वारा की गई जांच में इसकी पुष्टि हुई कि चयन प्रक्रिया के नियमों का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया है। इससे संबंधित कर्मचारियों व चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दिए। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित एसीएमओ डा. जेएन सिंह, संविदा कर्मी सिद्धार्थ तिवारी व रितेश तिवारी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# थानों की कार्यप्रणाली में महिला थाना प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

## 11 से 17 जून तक कराया गया ऑनलाइन सर्वे

**पडरौना।** कुशीनगर जिले में थानों की कार्यप्रणाली के लिए हुए ऑनलाइन सर्वे में महिला थाना को पहला स्थान मिला है। थाना कोतवाली हाटा को दूसरा और अहिरौली बाजार को तीसरा स्थान मिला है।

जटहां बाजार को चौथा, कोतवाली पडरौना को पांचवां, कुबेरस्थान को छठा, तुर्कपट्टी सातवां, थाना रामकोला को आठवां, तरयासुजान को नौवां, थाना खड्डा को 10वां, थाना कप्तानगंज को 11वां, थाना विशुनपुरा को 12वां, थाना कसया को 13वां, थाना बरवापट्टी को 14 वां, थाना पटहेरवा को 15वां, थाना नेबुआ नौरंगिया को 16वां, थाना सेवरही को 17वां और थाना हनुमानगंज 18वां स्थान मिला है। 11 जून से 17 जून तक कुशीनगर पुलिस की तरफ से थानावार ऑनलाइन पोल कराया गया था।

# 20 हजार का इनामी गिरफ्तार

अहिरौली बाजार। पुलिस ने रविवार को पाक्सो एक्ट में फरार चल रहे 20 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया।

प्रभारी पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि गोरखपुर जिले के पिपराइच, औरहिया के शिवाला, तुरवा टोला निवासी चंद्रमणि साहनी के खिलाफ नाबालिग का अपहरण करके रेप करने और पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज था। काफी दिनों से पुलिस उसकी तलाश में लगी थी। रविवार को जानकारी मिली कि वह महुअवा खुर्द स्टेशन के पास मौजूद है। पुलिस टीम के साथ उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

# नगर से लेकर गांव तक सीसी कैमरा लगवाने की मुहिम

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना (कुशीनगर)।** जिले में लूटपाट और छिनैती की घटनाओं में शामिल बदमाशों की धर-पकड़ के लिए पुलिस सीसी कैमरों की मदद लेगी। नगर से लेकर गांव तक छोटी-बड़ी दुकानों, बैंक, ग्राहक सेवा केंद्र, स्वर्ण कारोबारियों की दुकान सहित अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए पुलिस ने मुहिम शुरू की है।

हर थाना क्षेत्र में अधिक से अधिक सीसी कैमरे लगवाने के लिए रोजाना चौपाल लगाकर पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है। पुलिस का कहना है कि सभी लोग सीसी कैमरे लगवाएं। इससे सुरक्षा के साथ-साथ कोई वारदात होने पर बदमाशों की धर-पकड़ करने में मदद मिलती है।

एक सप्ताह पूर्व तरयासुजान थाना क्षेत्र स्थित गोपालपुर बाजार, ओझवलिया गांव के पास बाइक सवार बदमाशों ने युवक को चाकू मारकर सात लाख पांच हजार रुपये लूट लिए थे। युवक रुपये लेकर ग्राहक सेवा केंद्र जा रहा था। इस घटना में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल सका है। इसलिए पुलिस सीसी कैमरे लगवाने पर जोर दे रही है।

**सीओ ने व्यापारियों के साथ की बैठक :** तमकुहीराज प्रतिनिधि के अनुसार ब्लॉक सभागार में शनिवार को क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज ने व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्होंने व्यापारियों से अपनी दुकानों पर सीसी कैमरे लगवाने, एक कैमरे का मुंह सड़क की ओर रखने, किसी असामान्य गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। व्यापारियों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव का देते हुए हर सहयोग देने का आश्वासन दिया। क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह कालरा ने हाल के दिनों में हुई आपराधिक घटनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि न घटनाओं पर पूर्ण रूप से विराम लगाने के लिए व्यापारियों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरे जरूर लगवा लें। जिसमें कम से कम एक कैमरे की लोकेशन सड़क की तरफ हो। नाइट विजन कैमरे लगाएं जिससे रात में भी रिकार्डिंग हो सके। व्यापारी नेता संजय सिंह पटेल ने भी दुकानों पर सीसी कैमरा लगाने की वकालत की। हरेंद्र तिवारी, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजीव गुप्ता, हाजी अब्दुल गफूर अंसारी आदि ने अपनी बात रखी। बैठक में एसएचओ तरयासुजान कपिलदेव चौधरी, उपेंद्र सिंह, जेपी गुप्ता, कृष्णा कुशवाहा, धर्मेंद्र मद्धेशिया आदि मौजूद रहे।



तमकुहीराज में व्यापारियों के साथ बैठक करते क्षेत्राधिकारी। संवाद

## मुख्य कस्बों से लेकर गांव में चौपाल लगाकर पुलिस लोगो से कर रही अपील

*सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए सीसी कैमरे लगाए जाने की अपील लोगों से की जा रही है। थानावार बैठक करके व्यापारियों और आमजन मानस को जागरूक किया जा रहा है। कैमरों की मदद से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाएगी।*

**- धवल कुमार जायसवाल**
एसपी, कुशीनगर

# सरकारी धन निजी खाते में डालने पर मुकदमा

## खड्डा स्वास्थ्य विभाग का मामला

खड्डा। सरकारी पैसे को निजी खाते में भेजने के मामले में खड्डा स्वास्थ्य विभाग के विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक सत्येंद्र चंद्र श्रीवास्तव के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज कराया गया है। शिकायत होने पर मामले की जांच हुई तो गड़बड़ी सामने आई।

ग्रिवांस कमेटी की जांच में पता लगा कि सत्येंद्र चंद ने एक लाख चार सौ आठ रुपये सरकारी बजट को अपने निजी बैंक खाते में ट्रांसफर करके गबन कर लिया है। जांच शुरू होने पर सत्येंद्र चंद ने रुपये लौटा दिए। आरोप सही पाए जाने पर खड्डा थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया। एसएचओ खड्डा धनवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# एसीएमओ सहित तीन पर धोखाधड़ी का मुकदमा

## संविदा एएनएम की भर्ती में अनियमितता बरतने का लगा था आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** जिले में छह माह पूर्व संविदा एएनएम की भर्ती में अनियमितता बरतने के मामले में एसीएमओ (अपर मुख्य चिकित्साधिकारी) सहित तीन कर्मचारियों के खिलाफ पडरौना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

भर्ती के मानक की अनदेखी करने की शिकायत मिलने पर डीएम एस राजलिंगम ने जांच कराया तो गड़बड़ी सामने आई थी। इस मामले में डीएम ने मुकदमा दर्ज कराने का आदेश सीएमओ को दिया। शनिवार की देर रात सीएमओ की तहरीर पर पुलिस ने एसीएमओ डॉ. जेएन सिंह, संविदा कर्मचारी सिद्धार्थ तिवारी और रितेश तिवारी

### डीएम के आदेश पर सीएमओ ने पडरौना कोतवाली में दर्ज कराया केस

के खिलाफ छल करने, धोखाधड़ी करने, कूट रचित दस्तावेज तैयार करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जिले में संविदा एएनएम की भर्ती में धांधली की शिकायत डीएम से हुई थी। मामला सामने आने पर डीएम ने जांच कमेटी गठित करके रिपोर्ट देने का आदेश दिया। कमेटी ने जब जांच की तो पता चला की चयन प्रक्रिया के निर्धारित मानकों का पालन किए बिना ही संविदा एएनएम का चयन कर लिया गया। धांधली करते हुए भर्ती प्रक्रिया पूरी गई। इसमें निजी लाभ के लिए गड़बड़ी की गई है। सच्चाई सामने आने पर चयन प्रक्रिया में शामिल चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों से विभागीय स्पष्टीकरण मांगा गया। आरोपी अधिकारी और दोनों कर्मचारी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। लापरवाही और मनमाना रवैया सामने आने पर डीएम ने एसीएमओ डॉ. जेएन सिंह, संविदा कर्मचारी रितेश तिवारी और सिद्धार्थ तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। शनिवार की देर रात सीएमओ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। सीएमओ सुरेश पटारिया ने बताया कि जांच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। इसके आधार पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस प्रकरण में जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# सेवरही में नालियों पर बने निर्माण को तोड़ा गया

## मालगोदाम चौक से प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण, कुछ लोगों के अवैध निर्माण के छोड़े जाने का आरोप



सेवरही में मालगोदाम चौक से अतिक्रमण हटाया गया। संवाद



विशुनपुरा में खलिहान की जमीन से प्रशासन ने कब्जा हटवाया। संवाद



तमकुहीराज में केन यूनियन की जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**तम्कुहीरोड।** सेवरही कस्बा में रविवार को एसडीएम की अगुवाई में अभियान चला कर अतिक्रमण हटाया गया। छज्जे के साथ नालियों पर बने पक्के निर्माण को बुलडोजर से तोड़वा दिया गया। वहीं, कुछ लोगों का अवैध निर्माण छोड़ने पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की।

सेवरही कस्बा में तम्कुहीराज के एसडीएम व्यास नारायण उमराव की अगुवाई में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान माल गोदाम चौक होकर पुराना पुलिस चौराहे तक चला। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दुकानों के आगे बने छज्जों को तोड़ा गया। इस अभियान के दौरान एसओ सेवरही आशुतोष सिंह, अधिशासी अधिकारी अंबरीष कुमार सिंह, प्रभारी राजस्व निरीक्षक जयनाथ शर्मा, चौकी प्रभारी राजेश मिश्र, व्यापार मंडल के प्रांतीय संगठन मंत्री अमरनाथ गुप्ता, मुकेश कुमार, एसआई जीत बहादुर यादव, एसआई ओमप्रकाश, एसआई रामअशीष यादव, नारायण शर्मा, पप्पू जायसवाल, विकास वर्मा, बैजनाथ मद्धेशिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ड्रेन व खलिहान की जमीन से हटवाया अतिक्रमण

**जौरा बाजार।** क्षेत्र के बिशुनपुरा गांव के टोला मुंडेरा मुगलही में रविवार को सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की मौजूदगी में खलिहान और ड्रेन की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से हटवाया गया। गांव के लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। जानकारी के अनुसार बिशुनपुरा गांव में गांव के ही कुछ व्यक्तियों ने खलिहान और ड्रेन की जमीन पर पक्का निर्माण करा लिया था। जिसके चलते जलनिकासी बंद हो गई थी। जिससे हर वर्ष जलभराव से धान की फसल बर्बाद हो रही थी। गांव के लोगों की शिकायत को संज्ञान में लेकर प्रशासन ने अतिक्रमण हटवा दिया। इस अवसर पर राजस्व विभाग के अजय लाल श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक कन्हैया यादव, लेखपाल उदय प्रताप सिंह, कमलेश श्रीवास्तव, सिंचाई विभाग के जेई रमेशधर द्विवेदी, रवि कुमार सिंह, एसआई अरविंद कुमार, अमित कुमार, मनोज कुमार यादव, राहुल यादव, करिश्मा श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश कुमार, पारस, निलेश उपाध्याय, घनश्याम, पशुपति उपाध्याय आदि मौजूद थे। संवाद

### न्यायालय के आदेश पर अवैध निर्माण तोड़ा

**फाजिलनगर।** नगर पंचायत के पिपरा रज्जब में न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार के मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाया गया।
फाजिलनगर कस्बा निवासी एक महिला डॉक्टर ने एसडीएम न्यायालय में पिपरा रज्जब निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ अवैध निर्माण का वाद दाखिल किया था। जिसकी सुनवाई के दौरान एसडीएम न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। तहसीलदार कसया मांधाता सिंह ने सड़क पर बने शौचालय व गेट को तोड़कर रास्ता खाली कराया। राजस्व निरीक्षक नंदलाल पाठक, राधेश्याम सिंह, लेखपाल विद्या श्रीवास्तव, तुर्कपट्टी एसओ जेपी पाठक, पटहेरवा एसओ आदि मौजूद थे। संवाद

### केन यूनियन की जमीन से हटाया गया कब्जा

**तमकुहीराज।** नगर पंचायत के हरिहरपुर स्थित केन यूनियन की जमीन पर हुए अतिक्रमण को तहसील प्रशासन ने हटवा दिया। अतिक्रमण हटवाने के दौरान तहसील प्रशासन, केन यूनियन के अधिकारियों के साथ पुलिस एवं पीएसी के जवान मौजूद रहे। हरिहरपुर स्थित पोखरे के पास सेवरही केन यूनियन डेवलपमेंट लिमिटेड का गोदाम है। केन यूनियन के लोगों का कहना है कि गाटा संख्या 1041/0110 व गाटा संख्या 1043 ख/0449 पर कुछ लोग अवैध कब्जा किए हुए हैं। केन यूनियन की जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटवाने के लिए गन्ना आयुक्त उप्र संजय भूसरेड्डी ने कुशीनगर जिला प्रशासन को आदेश जारी किया। गन्ना आयुक्त के आदेश के क्रम में शनिवार को तहसीलदार तमकुहीराज दीपक कुमार गुप्ता तहसीलकर्मियों के साथ पहुंचे। उन्होंने भूमि की पैमाइश कराकर सीमांकन कराया। इसके बाद अतिक्रमण को हटवा दिया गया। संवाद

### पोखरी से नहीं हट सका अतिक्रमण

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के गांव घोड़ादेउर के टोला लक्षीराय में ग्राम सभा के पोखरी की भूमि पर अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका। अतिक्रमण हटाने के लिए तहसीलदार फोर्स के साथ पहुंचे, लेकिन सहमति के अभाव में दोबारा सीमांकन कराने की बात पर अगली तिथि तक अतिक्रमण हटाओ अभियान टाल दिया गया। पोखरी से अतिक्रमण हटाने के लिए घोड़ादेउर के टोला लक्षीराय निवासी आजाद अली ने उच्च न्यायालय प्रयागराज में वाद दाखिल किया था। कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए बताया था कि पोखरी की भूमि पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। संवाद

# प्रेमी युगल को पीटकर पुलिस को सौंपा

सम्मडउर बाजार। पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव के पास गन्ने के खेत में शनिवार की देर रात आपत्तिजनक स्थिति में मिले प्रेमी युगल को पीटकर लोगों ने पुलिस को सौंप दिया। रात में कुछ लोग गन्ने की खेतों की तरफ रखवाली के लिए गए थे। नहर के बगल में स्थित गन्ने के खेत में एक युवक और युवती आपत्तिजनक हाल में नजर आए। दोनों से पूछताछ करने पर लोगों ने पीट दिया। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-06-2022

# दो आरोपी गिरफ्तार

धानी बाजार। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के नाबालिग बालिका को बहला-फुसला कर भगाने के दो अलग-अलग मामले में पुलिस ने दो आरोपित मंगेश व अंकिम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को मुताबिक गांव का एक शादीशुदा युवक बीते 23 जून को नाबालिग को बहला-फुसला कर भगा ले गए थे।

# नेपाली शराब के साथ चार को दबोचा

**निचलौल।** निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम बजहा उर्फ अहिरौली में शनिवार की आधीरात में एसओ रामाज्ञा सिंह की टीम ने छापेमारी करके 200 शीशी नेपाली शराब के साथ एक महिला समेत चार को पकड़ लिया। पुलिस ने इन चारों को आबकारी एक्ट में चालान कर दिया है।

एसओ को सूचना मिली कि ग्राम बजहा उर्फ अहिरौली में कुछ लोग नेपाली शराब डम्प कर कहीं भिजवाने की योजना में हैं। इस पर वे अपने साथ एसआई बृजभान यादव व हौशिला प्रसाद को साथ लेकर मौके पर पहुँच गए। वहां से पुलिस ने 200 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। शराब कारोबारियों के यहां कच्ची शराब बनाने के लिए रखे गए तीन कुन्तल लहन को भी पुलिस ने नष्ट कर दिया। इस दौरान दुर्गावती निवासी बजहा उर्फ अहिरौली, रामानंद कुशवाहा निवासी ग्राम बनकटी थाना निचलौल, राम सूचित व रवि कुमार दोनों निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर थाना घुघली पकड़े गए।

## गांगी बाजार के हॉस्पिटल संचालक से फोन पर मांगी गई थी रंगदारी

# रंगदारी मांगने वाले को पुलिस ने दबोचा

- सर्विलांस टीम की मदद से गोरखपुर के युवक को पकड़ा
- एक सप्ताह पूर्व गांगी बाजार के एक डॉक्टर से भी मांगे थे रुपये

**पनियरा, हिन्दुस्तान संवाद।** पनियरा क्षेत्र के गांगी बाजार स्थित एक प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टर व एक हास्पिटल के संचालक से क्रमशः 20 लाख व पांच लाख की रंगदारी मांगने वाले को पनियरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से मोबाइल व पांच सिम कार्ड बरामद हुआ है।

पनियरा पुलिस के मुताबिक शनिवार को गांगी बाजार के एक हॉस्पिटल संचालक ने तहरीर देकर बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर फोन कर एक व्यक्ति पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा है। पैसा लेकर गोरखपुर के महेसरा पुल के पास बुला रहा है। पैसा नहीं भुगतने पर अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा है। पनियरा पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लिया। जिस मोबाइल नंबर से फोन कर रंगदारी मांगी गई थी, उस फोन नंबर को पुलिस ने सर्विलांस पर लगाया। नाम-पता की जानकारी ट्रेस करने के बाद पुलिस रंगदारी मांगने वाले को हिरासत में लेने के लिए दबिश देनी शुरू कर दी है।

एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि रंगदारी मांगने के मामले में गिरफ्तार आरोपित गोरखपुर जनपद कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगदीशपुर का रहने वाला है। वर्तमान में पनियरा थाना क्षेत्र के भवानीपुर में रह रहा था। शुरुआती पूछताछ में उसने बताया कि वेब सीरीज देखने से उसके मन में रंगदारी के लिए फोन करने का ख्याल आया। उसने जिस मोबाइल नंबर से फोन किया था वह महाराष्ट्र के किसी व्यक्ति के नाम से है। उसने एक सप्ताह पूर्व गांगी बाजार के एक डॉक्टर से भी 20 लाख रुपये मांगे थे।

पुलिस को उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है। आरोपित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी अवधेश को गिरफ्तार करने वाली टीम में अपराध शाखा सर्विलांस टीम के रामेश्वर दूबे, आरक्षी रवि प्रताप सिंह, संजीव यादव अंगद, अमित खरवार शामिल रहे।

# डेढ़ कुंतल लहन नष्ट, 18 लीटर शराब बरामद

**पनियरा।** एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम व आबकारी इंस्पेक्टर अमित दूबे ने रविवार को बेलासपुर नर्सरी में छापा डालकर डेढ़ कुंतल लहन नष्ट किया और 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद बरामद किया है। छापेमारी देखकर मौके से अवैध शराब बनाने वाले जंगल में फरार हो गए। एसडीएम ने बताया कि अवैध कच्ची शराब बनाने वालो पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अमित सिंह को नगर चौकी की कमान, भूपेन्द्र प्रभारी

## फेरबदल

**महराजगंज, निज संवाददाता।** पुलिस महकमा में शनिवार की देर रात पुलिस कर्मियों की बड़े पैमाने पर तबादला किया गया। एसपी ने सात पुलिस चौकी के प्रभारी को बदल दिया है।

सिसवा से हटा कर जनसुनवाई सेल में तैनात एसआई अमित सिंह को नगर पुलिस चौकी का नया प्रभारी बनाया गया है। एसपी ने अपने पीआरओ नीरज कुमार यादव को सदर कोतवाली के सिसवा मुंशी पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया है। सदर कोतवाली में तैनात एसआई भूपेन्द्र कुमार सिंह को सोनौली क्षेत्र के सोनौली कोतवाली के भगवानपुर पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। पुलिस के मीडिया सेल के मुताबिक पनियरा थाना के एसआई भागवत चौधरी को लेहड़ा पुलिस चौकी प्रभारी, मीडिया सेल के एसआई श्याम बहादुर सिंह को नौतनवा थाना के सम्पतिहा चौकी इंचार्ज, निचलौल थाना के शितलापुर चौकी प्रभारी गंगाराम यादव को कोल्हुई थाना में ट्रांसफर किया गया है। उनके स्थान पर कोल्हुई थाना के एसआई अखंड प्रताप सिंह को शितलापुर चौकी प्रभारी, भगवानपुर चौकी इंचार्ज प्रशांत कुमार पाठक को जनसुनवाई पुलिस कार्यालय, धानी पुलिस चौकी प्रभारी मंगल सिंह को प्रभारी डीसीआरबी व पुलिस कार्यालय के जनसुनवाई सेल में तैनात एसआई विजय कुमार द्विवेदी को बृजमनगंज थानाक्षेत्र के धानी चौकी का नया प्रभारी बनाया गया है। 49 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल का ट्रांसफर किया गया है।

# महिला ग्राम प्रधान से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जासं, लक्ष्मीपुर:** ग्राम पंचायत देवपुर की महिला ग्राम प्रधान व उनके पति को मनबढ़ों द्वारा मारने पीटने का मामला सामने आया है। प्रधान मैन्टूला देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि बिजली विभाग द्वारा पुराने पोलों को उखाड़ा जा रहा था। उसी दौरान एक पोल पपीते के पेड़ से लग गया, इस पर कुछ लोग झगड़ा करने लगे। सूचना पाकर पति त्रिलोकीनाथ के साथ वहां पहुंची। मुझे देखते ही दिनेश, रम्भा, सोनालिका ने मिलकर मुझे व मेरे पति को गाली देते हुए मारा-पीटा। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# तीन लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जासं , चौकबाजार :** नेवास पोखर गांव के रामनगर निवासी सदानन्द यादव की शिकायत पर चौक पुलिस ने रविवार को विवाहिता के पति, ससुर एवं उसके बहनोई पर दहेज उत्पीड़न सहित मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया है।

पिता सदानन्द यादव ने दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उसकी बेटी की शादी 14 मई 2022 को पनियरा के उपेंद्र से हुई थी। लड़की के पिता ने आरोप लगाया है कि उसका दामाद एवं समधी राम उदित और उसके बहनोई कोतवाली निवासी दिनेश यादव द्वारा पांच लाख नकद एवं मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी। थानाध्यक्ष चौक श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि लड़की के पिता के तहरीर पर तीन लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है ।

## शांतिभंग में 16 लोग पाबंद

**महराजगंज:** रविवार को जनपदीय पुलिस ने मारपीट सहित अन्य मामलों में 16 लोगों को शांतिभंग मामले में पाबंद किया है।

# 11.92 लाख गबन में प्रधान, सचिव समेत चार पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** सिसवा ब्लाक के ग्राम पंचायत परसिया में बिना कार्य कराए तालाब के सुंदरीकरण के अलावा नाला सफाई और आरसीसी निर्माण के नाम पर 11 लाख नौ हजार 280 रुपये के गबन का मामला सामने आया है। जांच में आरोप सही मिलने पर जिलाधिकारी के निर्देश के बाद खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार ने आरोपित ग्राम प्रधान राजेश कुमार, ग्राम सचिव प्रेमसागर पटेल, टीए ईश्वर प्रसाद वर्मा और रोजगार सेवक शकुंतला के विरुद्ध कोठीभार थाना में मुकदमा दर्ज कराया है।

- तालाब सुंदरीकरण व अन्य कार्यों में की गई है अनियमितता
- शिकायत के बाद डीएम ने जांच कराई तो पकड़ में आया मामला

परसिया गांव के पूर्व ग्राम प्रधान रामबचन चौहान ने 15 जून को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए गांव में बगैर तालाब का सुंदरीकरण कराए भुगतान कराने और एक अन्य आरसीसी सड़क निर्माण, नाला सफाई के नाम पर भुगतान के बाद भी कार्य न कराए जाने की शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने टीम गठित कर जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई। जांच आख्या मिलने पर मुकदमे की कार्रवाई की गई। कोठीभार थानाध्यक्ष रामआशीष सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# नेपाली शराब व कच्ची बरामद, दो गिरफ्तार

**महराजगंज:** निचलौल थाने की पुलिस ने रेंगहियां क्षेत्र से 180 शीशी नेपाली शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि अज्ञात आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार चौक और पुरंदरपुर पुलिस ने 20 लीटर कच्ची बरामद करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। (जासं)

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 295 वाहनों का चालान

**महराजगंज:** यातायात नियमों के उल्लंघन में पुलिस ने रविवार को 295 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 11 वाहन चालकों से 10500 रुपये जुर्माना भी वसूल किया। (जासं)

## वेंडिंग जोन में ही लगाएं दुकान : उपजिलाधिकारी

**निचलौल:** उपजिलाधिकारी सत्यप्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में थाने में हुई बैठक में पटरी व्यवसायियों को वेंडिंग जोन में ही दुकान लगाने को कहा गया। वाहन स्वामी भी अब इधर उधर अपनी गाड़ी नहीं खड़ी कर सकेंगे। उपजिलाधिकारी ने कहा कि दुकानदार सड़क के किनारे बनी नाली से छह फीट तक बाइक एवं साइकिल वाले अपने वाहन खड़ी कर सकते हैं। थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष विश्वनाथ मद्धेशिया उपस्थित रहे। (जासं)

# प्रेमी युगल की थाना परिसर में हुई शादी

**जासं, आनंदनगर :** रविवार को प्रेमी युगल ने थाना परिसर में हिंदू रीति रिवाज से शादी रचाई। जहां दोनों के स्वजन की मौजूदगी में शादी की रस्मे पूरी हुईं। गोरखपुर जिले के



लोहरपुरवा निवासी मनोज व मथुरानगर निवासी एक युवती का काफी दिनों से संपर्क था। जिसकी जानकारी होने पर लड़की के भाई द्वारा स्थानीय थाने में शिकायती पत्र दिया गया । जानकारी के बाद समाज के संभ्रात लोगों के बीच पंचायत हुई। सभी लोगों ने शादी कराने का निर्णय लिया। पूर्व प्रधान राजेश मौर्या, अजय जायसवाल, अरूनेश कुमार, रामकरन, शंकर चौधरी, बहादुर व दिलीप सहानी मौजूद रहे।

# 15 उपनिरीक्षकों समेत 71 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण

**जासं, महराजगंज:** सात उपनिरीक्षकों के गैर जनपद स्थानांतरण होने के बाद पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने शनिवार की रात में 15 उपनिरीक्षकों समेत 71 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसमें सात नए उपनिरीक्षकों को चौकी का प्रभार सौंपा गया है, वहीं पुलिस लाइन में तैनात 40 आरक्षियों को भी थानों का आवंटन किया गया है।

स्थानांतरण के क्रम में जनसुनवाई प्रकोष्ठ में रहे उपनिरीक्षक अमित सिंह को कोतवाली का शहर का चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में पीआरओ नीरज यादव को चौकी प्रभारी सिसवा मुंशी, पनियरा थाने पर तैनात भागवत चौधरी को लेहड़ा, मीडिया सेल के श्यामबहादुर सिंह को नौतनवा के संपतिहा, कोल्हुई में तैनात अखंड प्रताप सिंह को निचलौल के शितलापुर, कोतवाली में तैनात भुपेंद्र सिंह को सोनौली के भगवानपुर तो जनसुनवाई में तैनात विजय द्विवेदी को धानी का चौकी प्रभारी बनाया गया है।

इसी प्रकार निचलौल के शीतलापुर चौकी प्रभारी रहे गंगाराम यादव को कोल्हुई थाना, भगवानपुर चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार पाठक को जनसुनवाई पुलिस कार्यालय, धानी चौकी प्रभारी मंगल सिंह को डीसीआरबी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा पनियरा में तैनात उपनिरीक्षक रामबृक्ष पटेल, ठूठीबारी के अमरनाथ सरोज, बरगदवा के श्यामसुंदर चतुर्वेदी और कोतवाली के हेमचंद्र चतुर्वेदी को पुलिस कार्यालय के महिला सम्मान प्रकोष्ठ में तैनात किया गया है।

## अतिक्रमण हटाया गया

**पनियरा।** राजस्व निरीक्षक मुजुरी जुलकर नैन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम सभा खजुरिया के पास सड़क के पटरियों से अतिक्रमण को हटवाया। राजस्व निरीक्षक ने बताया कि अतिक्रमण तेजी से हटाया जा रहा है। संवाद

## रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**पनियरा।** गांगी बाजार कस्बा में एक मेडिकल स्टोर संचालक मनोज चौधरी व एक हास्पिटल संचालक अशोक सैनी से बीस व पांच लाख की रंगदारी मांगने वाले को पनियरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से मोबाइल व सिम कार्ड भी बरामद किया है। आरोपी अवधेश गोरखपुर जनपद के कैंपियरगंज थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत जगदीशपुर का रहने वाला है। वर्तमान में पनियरा थानाक्षेत्र के भवानीपुर में रह रहा था। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी को शनिवार देर रात अकटहवां के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

# भ्रष्टाचार के आरोप में ग्राम प्रधान व सचिव सहित चार पर मुकदमा

### सिसवा बाजार की ग्रामसभा परसिया में मनरेगा भुगतान में गड़बड़ी की शिकायत पर कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिसवा बाजार।** क्षेत्र की ग्रामसभा परसिया में मनरेगा भुगतान में गड़बड़ी की शिकायत पर नियुक्त जांच टीम की रिपोर्ट संज्ञान में लेने के बाद डीएम के निर्देश पर संयुक्त खंड विकास अधिकारी की तहरीर पर ग्रामप्रधान व सचिव सहित चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

ग्रामसभा परसिया के पूर्व प्रधान द्वारा मनरेगा भुगतान में अनियमितता व सरकारी धन के दुरुपयोगी की शिकायत डीएम से की गई थी। डीएम ने अपर उपजिलाधिकारी सदर मदन मोहन वर्मा, अपर सांख्यकी अधिकारी जैनेंद्र कुमार व अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग सुग्रीव प्रसाद की टीम गठित करते हुए शिकायतों की जांच के निर्देश दिया।

जांच टीम ने पाया कि ग्राम पंचायत में हुए तीन कार्यों में मानकों के विपरीत भुगतान किया गया। जांच टीम ने बताया कि ग्राम पंचायत में पोखरी खुदाई के कार्य में सिर्फ जीर्णोद्धार करने के बावजूद खुदाई कार्य के मद में 1,19,280 रुपये का भुगतान किया गया।

इसी प्रकार आरसीसी सड़क के निर्माण में शिकायत के बाद कार्य आरंभ किए जाने की बात बताई गई, जबकि नाला की सफाई के बिना भुगतान की बात सामने आयी। जांच आख्या मिलने के बाद जिलाधिकारी द्वारा डीसी मनरेगा को तत्काल मामले में गंभीर कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिया गया। संयुक्त खंड विकास अधिकारी संतोष श्रीवास्तव की तहरीर पर कोठीभार पुलिस ने ग्रामप्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक के विरुद्ध मुकदमा संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

*जिले में सरकारी योजनाओं व निर्माणकार्यों में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी जिम्मेदार अपने दायित्व का निर्वहन निष्ठा एवं इमानदारी से करें।*
**- सत्येंद्र कुमार,** *जिलाधिकारी*

कोठीभार थानाध्यक्ष राम आशीष सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान राजेश, ग्राम विकास अधिकारी प्रेम सागर पटेल, तकनीकी सहायक ईश्वर प्रसाद वर्मा और ग्राम रोजगार सेवक शकुंतला के विरुद्ध भ्रष्टाचार व सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# 18 लीटर कच्ची शराब बरामद

**पनियरा।** बेलासपुर नर्सरी में रविवार को एसडीएम सदर के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने छापा डालकर डेढ़ क्विंटल लहन नष्ट कर 18 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

अवैध शराब बनाने वाले जंगल में फरार हो गए। एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम ने बताया कि समय-समय पर अभियान चलता रहेगा। संवाद

# 200 बोतल नेपाली शराब बरामद, दो वांछित गिरफ्तार

**महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र के बजहां गांव के पास नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही 200 बोतल अवैध नेपाली शराब बरामद कर चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

दुर्गावती निवासी बजहा उर्फ अहिरौली, रामसुचीत निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर, रवि कुमार निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर, रामानन्द कुशवाहा निवासी बनकटी थाना निचलौल चालान किया गया है। उधर, उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के आरोपी मनोज पांडेय निवासी देवतहां नवका टोला, थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

गैर-इरादतन हत्या में वांछित संतोष उर्फ गुड्डू निवासी दुबौलिया टोला हरपुर थाना बृजमनगंज को ग्राम मामी चौराहा से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी की गई है। संवाद

# 11 एसआई, 40 आरक्षी, मुख्य आरक्षियों का कार्यक्षेत्र बदला

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले में 11 उप निरीक्षकों एवं 40 आरक्षी और मुख्य आरक्षी का कार्य क्षेत्र बदल दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि उप निरीक्षक अमित सिंह को पुलिस कार्यालय से नगर चौकी प्रभारी बनाया गया है। नीरज कुमार पीआरओ पुलिस अधीक्षक से चौकी प्रभारी सिसवा मुंशी, भागवत चौधरी को थाना पनियरा से लेहड़ा पुलिस चौकी, श्याम बहादुर सिंह को मीडिया सेल से चौकी प्रभारी संपतिहा, गंगा राम यादव को शिलतापुर चौकी से थाना कोल्हुई, अखंड प्रताप सिंह को कोल्हुई से पुलिस चौकी शितलापुर, प्रशांत कुमार पाठक को पुलिस चौकी भगवानपुर से जनसुनवाई पुलिस कार्यालय, भूपेंद्र प्रताप सिंह कोतवाली से चौकी प्रभारी भगवानपुर, मंगल सिंह को धानी से प्रभारी डीसीआरबी, दुर्गेश कुमार सिंह को डीसीआरबी से पीआरओ पुलिस अधीक्षक बनाया गया। विजय कुमार द्विवेदी को पुलिस कार्यालय से धानी चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-06-2022

# पुलिस ने गोतस्कर को किया गिरफ्तार, जेल भेजा

बनकटी। लालगंज पुलिस व एंटी नॉरकोटिक्स टीम ने गो तस्करी व गोवध निवारण अधिनियम के एक वांछित अभियुक्त को शनिवार देर शाम धर दबोचा।

संतकबीरनगर के कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कठार निवासी सद्दाम के खिलाफ लालगंज थाने में दो तथा कोतवाली खलीलाबाद में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में आठ मुकदमें दर्ज हैं।

थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि देईसांड बाजार में एक चाय की दुकान पर उक्त वांछित कहीं भागने की फिराक में खड़ा है। टीम ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एंटी नारकोटिक्स प्रभारी एसआई रोहित उपाध्याय, एसआई दिनेश चन्द मिश्र, एसआई विजय गौतम टीम में शामिल रहे।

# किशोरी-युवती से छेड़खानी, 3 नामजद

## कार्रवाई

- परसरामपुर थाने की पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- अश्लील हरकत के बाद आरोपी ने फोटो सोशल मीडिया पर किया वायरल

बस्ती, निज संवाददाता। परसरामपुर थाना क्षेत्र में अलग-अलग दो घटनाओं में एक किशोरी व एक युवती के साथ छेड़खानी की घटना सामने आई है। थानाध्यक्ष अरविन्द शाही ने बताया कि दोनों मामलों में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। आरोपितों की धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है।

परसरामपुर थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी पंद्रह वर्षीय बेटी के साथ प्रदीप मिश्रा ने गांव के पास आते-जाते वक्त पंद्रह जून को रास्ते में छेड़खानी की। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। गलत हरकत करने के दौरान उसने मोबाइल से फोटो भी खींच लिया। इसके बाद बेटी की फोटो के साथ अपनी फोटो लगाकर आरोपी युवक ने फेसबुक पर पोस्ट कर दी। पुलिस ने आरोपी प्रदीप के खिलाफ आईपीसी 354, 504, 506 व 67 आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक अन्य व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि उनकी 18 वर्षीय बेटी 25 जून को दिन में साइकिल से बाजार गई थी। आरोप है कि यहां से वापस आते वक्त रासते में कार सवार दीपक भारती व सुनील मौर्या ने उसे रास्ते में रोक लिया। इसके बाद बेटी का जबरन हाथ पकड़ लिया और उसे एक घर में ले गए। किसी तरह से बेटी उनसे बचकर घर पहुंची। पुलिस ने दीपक व सुनील के खिलाफ आईपीसी 354 ख के तहत मुकदमा कायम कर छानबीन शुरू कर दी है।

# भाकियू पंचायत को एसडीएम ने रोका

भानपुर। जिले में धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए एसडीएम जीके झा ने सोमवार को भाकियू लोकशक्ति गुट के पदाधिकारियों की तरफ से तहसील परिसर में पंचायत पर रोक लगा दी है।

एसडीएम ने भाकियू लोकशक्ति गुट के पदाधिकारियों से पांच लोगों को सामूहिक रूप से उन्हें पत्र अथवा ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी है। रविवार को यह जानकारी देते हुए भाकियू लोकशक्ति गुट के मंडल अध्यक्ष अयोध्या नाथ तिवारी ने बताया कि पदाधिकारी किसानों की समस्याओं को लेकर पंचायत के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराना चाह रहे थे।

# पब्लिक वोटिंग में पैकोलिया, रुधौली व कलवारी पुलिस अव्वल

- ट्विटर पोल व डायरेक्ट पोल के माध्यम से जनता के राय की रैंकिंग बनी
- पैकोलिया थाने ने अर्जित किए कुल 71.91 प्रतिशत अंक
- रुधौली थाने को आम जनता ने दिए 70.25 प्रतिशत अंक
- कलवारी थाने को डायरेक्ट पोल में 94.2 प्रतिशत अंक मिले

बस्ती, निज संवाददाता। एडीजी गोरखपुर जोन के निर्देश पर वोटिंग के जरिए पुलिस की सक्रियता का ग्राफ चेक किया जा रहा है। पुलिस कार्यालय स्तर से जारी रैंकिंग में जनपद के टॉप थ्री थानों में पैकोलिया, रुधौली और कलवारी को शुमार किया गया है। कुल सत्रह थानों की रैंकिंग वोटिंग के आधार पर जारी की गई है।

थानो की पुलिसिंग के बारे में जनता की राय जानने के लिए कराई गई वोटिंग में चार कैटेगरी में ओवरऑल बेस्ट अंक हासिल करने में थानाध्यक्ष पैकोलिया दुर्गेश कुमार पांडेय अव्वल रहे हैं। दूसरा स्थान रुधौली के प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र को मिला है। तीसरे नंबर पर कलवारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह हैं। एसपी आशीष श्रीवास्तव के निर्देश पर पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे थानावार चार कैटेगरी में राय मांगी गई। इसमें आइजीआरएस पर की गई शिकायतों के निस्तारण को लेकर संतुष्टि, मुकदमों को दर्ज करने के अलावा ट्विटर पोल व डायरेक्ट पोल के माध्यम से जनता की राय को रैंकिंग का आधार बनाया गया है।

वोटिंग में पहला स्थान हासिल करने वाले पैकोलिया थाने को कुल 71.91 प्रतिशत अंक मिले हैं। इनमें डायरेक्ट पोल से 94.52 प्रतिशत, आइजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण के बारे में 39.62, ट्विटर पोल में 67 और एफआईआर दर्ज करने को लेकर 86.48 प्रतिशत लोग संतुष्ट मिले। दूसरा स्थान पर 70.25 प्रतिशत संग रहे रुधौली थाने को ट्विटर पर 56 प्रतिशत, डायरेक्ट पोल में 99.14 प्रतिशत, आइजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण के संबंध में 41.26 तो एफआईआर दर्ज करने को लेकर 84.61 प्रतिशत लोग संतुष्ट नजर आए। वहीं तीसरे नंबर पर कलवारी थाने को डायरेक्ट पोल में 94.2 प्रतिशत, आइजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण के संबंध में 25.53, एफआईआर दर्ज करने को लेकर 73.8 लोग और ट्विटर पर 86 प्रतिशत लोगों ने सकारात्मक वोटिंग की।

इस बाबत पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि समय-समय पर जनता की राय जानने से केवल जनता का ही मनोबल नहीं बढ़ता बल्कि थाने के कर्मियों का हौसला भी बढ़ता है।

## कुल पड़े 6962 वोट, कप्तानगंज को मिले महज 133

पब्लिक वोटिंग के जरिए थानों की रैंकिंग की जारी सूची को कुल प्राप्त 6962 अंकों के आधार पर तैयार किया गया है। इसमें सबसे अधिक वोट छावनी थाने को मिले, जिसकी संख्या 1302 वोट और सबसे कम वोट कप्तानगंज थाने को 133 मिले। टॉप थ्री के अलावा रैंकिंग के क्रम पर ध्यान डाले तो चौथे पायदान पर कोतवाली है। पांचवें नंबर पर हर्रैया थाना, छठवें पर वाल्टरगंज, सातवें पर पुरानी बस्ती, आठवें पर नगर, नौवें पर महिला थाना, दसवें पर परसरामपुर, ग्याहरवें पर दुबौलिया, बारहवें पर छावनी, तेरह नंबर पर लालगंज, चौदाहवें नंबर पर गौर, पंद्रहवें पर सोनहा, सोलहवें पर कप्तानगंज और सबसे नीचे मुंडेरवा थाने का नाम है। कुल वोटिंग में सबसे अधिक डायरेक्ट वोटिंग के जरिए 4156 वोट डाले गए हैं।

# आईजी राजेश मोदक को दी विदाई, सराहे गए कार्य

बस्ती, निज संवाददाता। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती रहे राजेश मोदक को उनके स्थानांतरण के बाद मंडल मुख्यालय पर भावभीनी विदाई दी गई। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि टीम वर्क से बेहतर परिणाम सामने आए। बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर जनपद की बतौर आईजी कमान संभालने के दौरान पुलिस कार्यशैली को लेकर विदाई समारोह में अपने विचार व्यक्त किए।

जिले के पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुलिस महानिरीक्षक श्री मोदक के सराहनीय कार्यकाल एवं विभागीय मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। उन्हें फूलमाला पहनाकर बधाई दी गई।

बस्ती पुलिस परिवार के तरफ से उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आईजी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उनका तबादला आईजी सीबीसीआईडी लखनऊ के पद पर हुआ है। मण्डलायुक्त गोविंदराजू एनएस, जिला जज विनोद कुमार, डीएम प्रियंका निरंजन, सीजेएम उमेश यादव, पुलिस अधीक्षक बस्ती आशीष श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर सोनम, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सभी सर्किल के सीओ, थाना प्रभारी व अन्य कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में आयोजित आईजी राजेश मोदक के विदाई समारोह में उपस्थित न्यायिक, प्रशासनिक व पुलिस के आला अधिकारी। • हिन्दुस्तान

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग सात दोपहिया वाहन जले

- लालगंज थाना क्षेत्र के महसो पटान टोला की घटना
- आग बुझाने के प्रयास में एक व्यक्ति का पैर झुलस गया

बस्ती, निज संवाददाता। लालगंज थाना क्षेत्र के महसो पठान टोला में शार्ट-सर्किट से लगी आग में टीनशेड में खड़े सात दो पहिया वाहन जल गए। आग बुझाने के प्रयास में एक व्यक्ति भी झुलस गया।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। फायर बिग्रेड जब तक पहुंचती, सातों वाहन जल चुके थे। महसो पठान टोला निवासी मसरूर अहमद अपने घर के बगल के टीन शेड में शनिवार की रात अपने सात दो पहिया वाहनों को खड़ा कि था। आधी रात अज्ञात कारणों से बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। इसमें सात दो पहिया वाहन धू-धू कर जलने लगे। स्थानीय लोगों की मदद से घरवाले आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के आने से पहले सभी वाहन जल गए। आग बुझाने के प्रयास में अरशद का पैर झुलस गया। थानाध्यक्ष दिलीप सिंह व चौकी प्रभारी सूर्य भान यादव घटनास्थल पर पहुंचे व घटनाक्रम की जानकारी ली।



बभनान पुलिस चौकी परिसर में पुलिस टीम को सम्मानित करते व्यापारी।

# रुपये बरामद कराने वाली पुलिस टीम सम्मानित

बभनान। सेवानिवृत्त शिक्षक से आठ लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर रुपए बरामद करने वाली पुलिस टीम का व्यापारियों ने माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह बभनान पुलिस चौकी पर हुआ। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय, एसओजी प्रभारी उमेश चंद्र वर्मा, एसएचओ गौर बृजेंद्र पटेल, एसएसआई रामेश्वर, विवेचक उपनिरीक्षक जयविंद यादव, चौकी प्रभारी जनार्दन आदि को सम्मानित किया गया।

# विवाहिता का किया उत्पीड़न, केस दर्ज

बस्ती। पुरानी बस्ती थाने पर नगमा खातून ने बताया है कि उनकी शादी रुधौली थानांतर्गत खंभा निवासी उस्मान खान संग हुई है।

उनका आरोप है कि ससुराल में दहेज के लिए उन्हें प्रताड़ित किया गया। मांग पूरी न होने पर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति के अलावा ससुर अजीजुर रहमान, सास आयशा खातुन, ननद आसमा खातुन व कुनसुम पर मुकदमा कायम किया है।

### पैकोलिया थाना क्षेत्र के रामापुर गांव की घटना, एक पक्ष के पिता-पुत्र समेत चार की हालत गंभीर

# आधी रात में खूनी संघर्ष, 10 घायल

- दो थानों की फोर्स व पीआरवी ने मौके पर पहुंच कर संभाले हालात
- हत्या के प्रयास, बलवा सहित गंभीर धाराओं में 11 पर क्रास केस

**बभनान, हिन्दुस्तान संवाद।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के रामापुर गांव में शनिवार की आधीरात धारदार हथियारों से हुई खूनी जंग में 10 लोग घायल हो गए। घायलों में चार की हालत नाजुक है। पुलिस ने सभी को सीएचसी गौर भेजा, जहां से चार लोगों को जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया गया।

रामापुर गांव में शनिवार की देर रात 12 बजे मारो-मारो व बचाओ-बचाओ की चीख-पुकार शुरू हुई। देखते ही देखते आसपास के गांव के लोग भी आवाज की दिशा में बढ़ चले। स्थानीय लोगों ने बताया कि रामापुर निवासी मनिराम सिंह व विजय प्रताप सिंह के बीच लंबे अरसे से जमीनी विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद के चलते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्ष के लोग गंडासा, कुल्हाड़ी, फावड़ा व लाठी-डण्डे से लैस थे। गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग खून से लथपथ हो एक के बाद एक जमीन पर गिरने लगे। इसकी सूचना किसी व्यक्ति ने डायल 112 सहित पैकोलिया पुलिस को दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पैकोलिया और गौर थाने की पुलिस के साथ पीआरबी पुलिस घटना स्थल पहुंची। पुलिस ने 108 सेवा से घायलों को सीएचसी गौर पहुँचाया। जहां गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक पक्ष के अनिल सिंह के सिर में व मनीराम सिंह के हाथ में, घनश्याम सिंह, बलवीर सिंह व अभिषेक सिंह के हाथ पैर में चोट आई। रमन सिंह की नाक कट गई तो दूसरे पक्ष के विजय प्रताप के सिर में गंभीर चोट लगी है। पंकज, प्रभात व प्रीति के हाथ-पैर सहित शरीर पर चोटें आई हैं। लोगों का कहना था कि कई बार इसकी शिकायत की गई। दोनों पक्षों ने पैकोलिया पुलिस को तहरीर दी है। एसओ दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि दोनों पक्षों के ग्यारह पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास व बलबा सहित संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है।

# छप्पर रखने पर विवाद, चले लाठी-डंडे

- गौर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर का मामला, कई लोग घायल
- सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा मारपीट का वीडियो



रविवार को गौर थाने के जगदीशपुर में छप्पर रखने की बात को लेकर मारपीट करते दोनों पक्ष के लोग। ● हिन्दुस्तान

## केस दर्ज

**बभनान, निज संवाददाता।** गौर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में विवादित जमीन पर छप्पर रखने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों से लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वही पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

गौर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी झिनकान ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि शनिवार की शाम छह बजे विपक्षी राम आशीष, राजेंद्र, हरेंद्र व सुरेंद्र पुरानी जमीन पर छप्पर रखने की बात को लेकर गाली गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर इन लोगों ने लात-जूता व लाठी डंडा से मारने पीटने लगे। बीच बचाव में आई आंचल व रजनी को भी बुरी तरह से मारा पीटा और जान से मार देने की धमकी दी। मारपीट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

इस बाबत प्रभारी निरीक्षक गौर ब्रजेन्द्र पटेल ने बताया कि दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।



रविवार को जूनियर हाईस्कूल हर्रैया परिसर में आयोजित बैठक में भाग लेती आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री। • हिन्दुस्तान

# अधिकार पाने को आंदोलन करेंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री

**हर्रैया, हिन्दुस्तान संवाद।** महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ शाखा हर्रैया की जूनियर हाईस्कूल परिसर में बैठक हुई। बैठक में संघ के संतकबीरनगर संरक्षक अयोध्या प्रसाद चौधरी ने कहा कि 45 साल बात भी बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पाया है। गर्भवती, धात्री महिलाओं, किशोरी बालिकाओं, शून्य से 6 वर्ष के बच्चों को कुपोषण मुक्त करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपेक्षा की शिकार हैं। अब उनके सामने आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

श्री चौधरी ने कहा कि इन 45 वर्षो मे इनका मानदेय केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार के संयुक्त प्रयास से 75 रूपये से बढ़कर छह हजार रुपया तक पहुंच पाया है। हर्रैया संघ के संरक्षक केके सिंह ने कहा कि आडिट के नाम पर वसूली, वर्दी में कमीशन, गोदभराई, अन्नप्राशन का भुगतान बकाया सहित अन्य समस्या को लेकर आंगनबाड़ी जूझ रही हैं।

# दहेज उत्पीड़न के मामले में ससुरालियों पर केस

**जासं, बस्ती** : पुरानी बस्ती पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, जानमाल की धमकी देने व अपशब्द कहने के मामले में पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नगमा खातून ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी रुधौली थानाक्षेत्र के खंभा निवासी उस्मान खान के साथ हुई है। आरोप लगाया कि ससुराल में दहेज के लिए उन्हें प्रताड़ित किया गया। मांग पूरी न होने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति के अलावा ससुर अजीजुर रहमान, सास आयशा खातुन, ननद आसमा खातुन व कुनसुम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# युवती को भगाने का आरोप

**बस्ती :** कप्तानगंज थाने पर तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी 23 वर्षीय बेटी को गांव का रहने वाला अश्वनी मिश्रा 22 जून को बहला-फुसलाकर गलत नीयत से भगा ले गया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# युवती पर अभद्र टिप्पणी के मामले में मुकदमा

**जासं, बस्ती :** महिला थाने की पुलिस ने युवती पर फब्तियां कसने के मामले में एक पर मुकदमा दर्ज किया है।

एक युवती ने महिला थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि शहर के एक मार्ट के पास कलवारी थाने के रहने वाले चंद्रप्रकाश पांडेय ने उन्हें अकेला पाकर परेशान किया। फब्तियां कसने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोरी और युवती से छेड़खानी करने के मामले में तीन नामजद

**जासं, बस्ती** : परशुरामपुर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में एक किशोरी व एक युवती के साथ छेड़खानी की घटना सामने आई है।

थानाक्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी के साथ प्रदीप मिश्रा ने गांव के पास 15 जून को रास्ते में छेड़खानी की। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। गलत हरकत करने के दौरान उसने मोबाइल से फोटो भी खींच लिया। इसके बाद बेटी की फोटो के साथ अपनी फोटो लगाकर आरोपित ने फेसबुक पर पोस्ट कर दी। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध छेड़खानी व आइटी एक्ट में केस दर्ज कर लिया है।

इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक अन्य व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी 18 वर्षीय बेटी 25 जून को दिन में बाजार गई थी। आरोप लगाया कि वापस आते समय रास्ते में कार सवार दीपक भारती व सुनील मौर्या ने उसे रोक लिया। जबरन हाथ पकड़ लिया और उसे एक घर में ले गए। किसी तरह से उनकी बेटी बचकर घर पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष अरविन्द शाही ने बताया कि आरोपितों की तलाश जारी है।

# छप्पर रखने को लेकर विवाद में मारपीट, मुकदमा

**बस्ती :** गौर थाने में तहरीर देकर जगदीशपुर निवासी झिनकान ने आरोप लगाया है कि छप्पर रखने की बात को लेकर गांव के रामआशीष, रजिन्द्र, हरिन्द्र व सुरेन्द्र ने अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# दो पक्षों में मारपीट, छह लोगों पर मुकदमा

**जासं, फेफना :** थानाक्षेत्र के रामापुर गांव में शनिवार रात दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने छह लोगों पर बलवा, धारदार हथियार से मारकर बेहोश करने का मुकदमा रविवार को दर्ज किया है।

गांव के विजय प्रताप सिंह की पुत्री प्रीती सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि शनिवार की रात दस बजे उसके पट्टीदार दरवाजे पर आकर अपशब्द कहने लगे। जब उसके भाई पंकज सिंह, प्रभास सिंह और मां माया सिंह ने विरोध किया तो राहुल सिंह, रमन सिंह, दीपांशू सिंह, शालू सिंह, बलवीर सिंह व घनश्याम सिंह सरिया, गड़ासा, लाठी-डंडे से उसके पिता विजय प्रताप सिंह व दोनों भाई को मारने-पीटने लगे। जिससे उसके पिता बेहोश हो गए।

दोनों भाइयों को भी गंभीर चोटें आईं। तीनों लोगों को किसी तरह से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर ले जाया गया। हालत गंभीर देख डाक्टरों ने रात में ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध बलवा, मारपीट कर बेहोश करने व जान से मारने की धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# वांछित पशु तस्कर गिरफ्तार

**बस्ती:** लालगंज पुलिस व एंटी नारकोटिक्स टीम के संयुक्त प्रयास से वांछित पशु तस्कर सद्दाम निवासी मोहम्मदपुर कठार थाना खलीलाबाद कोतवाली जनपद सन्तकबीरनगर को देईसाड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। लालगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह व एंटी नारकोटिक्स प्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय टीम की टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को करीब आठ बजे सुबह एक महुली व लालगंज थाने व जनपद के बार्डर पर स्थित एक चाय की दुकान से गिरफ्तार किया। (जासं)

# अपराधियों के लिए सख्त रहे आइजी राजेश

**जासं. बस्ती :** बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोडक ने आठ महीने के कार्यकाल में अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। वह आमजन के लिए हमेशा सहज और सुलभ रहे तो अपराधियों को लेकर सख्त। रुधौली में व्यवसायी पुत्र अपहरण कांड के पर्दाफाश में इनकी अहम भूमिका रही। अपहरणकर्ताओं तक पहुंचने से लेकर अपहृत बालक आकाश कसौधन की बरामदगी में आइजी की रणनीति कारगर रही। इसको लेकर आमजन में पुलिस के प्रति विश्वसनीयता तो बढ़ी ही पुलिस की छवि में भी निखार आया। शनिवार को अचानक हुए तबादले से हर कोई स्तब्ध है। शासन ने इनकी तैनाती पुलिस महानिरीक्षक सीबीसीआइडी लखनऊ के पद पर की है। महाराष्ट्र के नागपुर निवासी आइपीएस राजेश मोडक ने बस्ती में 24 अक्टूबर 21 को पुलिस महानिरीक्षक के पद पर कार्यभार संभाला था। इससे पहले वह पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था लखनऊ पद पर कार्यरत थे। 2003 बैच के आइपीएस मोडक पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र के पद पर भी सफलता पूर्वक कार्य कर चुके हैं।



पुलिस लाइन में आइजी राजेश मोडक को विदाई देते एसपी आशीष श्रीवास्तव, डीएम प्रियंका निरंजन व अन्य ● जागरण

- **आठ महीने के कार्यकाल में बस्ती में छोड़ी एक अलग छाप**
- **आकाश अपहरण कांड में कारगर रही आइजी की रणनीति**

**सबमें रहे लोकप्रिय,दी गई विदाई :** पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोडक विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों में काफी लोकप्रिय रहे। रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह में सबने उनकी कार्यशैली की सराहना की। पुलिस महानिरीक्षक को फूलमाला पहनाकर सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी। पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आइजी ने अपने कार्यकाल के दौरान के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि टीम वर्क से बेहतर परिणाम सामने आए। इस दौरान मण्डलायुक्त गोविंद राजू एनएस, जिला जज विनोद कुमार, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक संत कबीरनगर सोनम कुमार, सीजेएम उमेश यादव, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी के साथ ही सभी सीओ और प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

# 24 साल बाद उमरिया पुलिस चौकी को मिला खुद का भवन




जन सहयोग से बना उमरिया पुलिस चौकी का भवन ● जागरण

**जासं, दुबौलिया, बस्ती :** 24 साल बाद उमरिया पुलिस चौकी को जन सहयोग से अपना भवन मिल गया है। भवन में एक बैरक, आवास, भोजनालय एवं एक कार्यालय बनकर तैयार हो गया है। अब पुलिसकर्मियों को रहने में सहूलियत मिलेगी।

माझा क्षेत्र में बढ़ते अपराध व अवैध बालू खनन को रोकने के लिए 1998 में दुबौलिया थाने से करीब 14 किलोमीटर दूर स्थित बाबा निहाल दास की कुटिया के बगल उमरिया गांव में तटबंध के किनारे छप्पर के मकान में उमरिया चौकी स्थापित की गई थी। तभी से पुलिसकर्मी छप्पर के ही मकान में रह कर काम करते थे। नवंबर 2021 में उमरिया चौकी इंचार्ज बनकर आए ओम प्रकाश मिश्र ने पहल करते हुए जनसहयोग से जून 2022 में चौकी भवन का निर्माण पूर्ण कराया। जल्द ही चौकी भवन का उद्घाटन किया जाएगा। चौकी क्षेत्र में करीब 26 राजस्व गांव आते हैं जिसकी रखवाली का जिम्मा पांच सिपाही व एक चौकी इंचार्ज के ऊपर है।

चौकी इंचार्ज ने बताया कि छप्पर में चौकी होने के चलते वर्षा होने पर पानी की बूंदे टपकती थी। ऐसे में पुलिसकर्मियों को परेशानी होती थी। अभिलेखों के भीगकर खराब होने की संभावना रहती थी। जन सहयोग से अब चौकी को खुद का भवन मिल गया है।

# दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या, भागे बदमाश

- **बस्ती जिले की सीमा से सटे गोंडा के तांबेपुर गांव की घटना**
- **भंडारे में भरी भीड़ के बीच हमलावरों ने दुर्गेश को मारी गोली**

**जागरण संवाददाता, बभनान, बस्ती** : स्थानीय कस्बे से सटे पड़ोसी जनपद गोंडा के छपिया थाना अंतर्गत तांबेपुर गांव में दिनदहाड़े एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली मारने के बाद हमलावर असलहा लहराते हुए भाग निकले।

शनिवार दोपहर बाद छपिया थाना क्षेत्र के तांबेपुर गांव निवासी दुर्गेश उर्फ भोलू सिंह ने गांव के बाबा कुट्टी पर भंडारे का आयोजन किया था। इसी दौरान पल्सर मोटरसाइकिल सवार दो युवक पहुंचे और भोलू सिंह पर पिस्टल तान दी अभी वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही गोली मार दिया। भंडारे में पहले से मौजूद एक और व्यक्ति भी हमलावरों का साथ देने लगा।

गोली से घायल होकर दुर्गेश जमीन पर गिर पड़े और मौके पर ही मौत हो गई । घटना के बाद भंडारे में मौजूद लोगों ने हमलावरों को दौड़ाया लेकिन पीछे मुड़कर एक ने उनकी ओर पिस्टल तान दिया और जान से मारने की धमकी दी। हमलावरों का तेवर देख पीछा करने वाले लोग पीछे हट गए।

हमलावर आराम से मोटरसाइकिल पर बैठकर असलहा



लहराते हुए फरार हो गए। इस घटना को चुनावी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। बीते पंचायत चुनाव में दुर्गेश उर्फ भोलू की मां प्रधान चुनी गई थी।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक गोंडा संतोष कुमार मिश्रा और छपिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस घटना के बारे में छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष छपिया संदीप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# रास्ते के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट, पांच घायल

**जासं, मुंडेरवा, बस्ती** : मुंडेरवा थाना क्षेत्र में रविवार को रास्ते की पैमाइश को लेकर दो पक्ष दो बार आमने-सामने आ गए। मारपीट में पांच लोग घायल हो गए हैं। थाना प्रभारी राधेश्याम राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

मुंडेरवा निवासी रविन्द्र सिंह उमा प्रताप हायर सेकेंड्री स्कूल चलाते हैं। चर्चा है कि बरम बाबा स्थान के बगल के रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। करीब एक महीने पहले राजस्व विभाग की टीम ने यहां पैमाइश कर सीमांकन किया था। आरोप है कि रविवार को तीन बजे बोदवल निवासी राकेश सिंह इसी जमीन पर मिट्ठी गिरवा रहे थे। मना करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। विवाद में राकेश सिंह, नवनीत सिंह व अन्य को चोट आई।

मुंडेरवा पुलिस ने दोनों पक्ष को थाने पर बुलाया और घायल राकेश व नवनीत को मेडिकल के लिए भेज दिया। शाम करीब पांच बजे जब मेडिकल को दोनों जा रहे थे, तभी रविन्द्र सिंह कार से अपने बेटे शैलेन्द्र व बेटी प्रीति का इलाज कराकर निजी अस्पताल से घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष फिर से रेलवे क्रासिंग के पास आमने-सामने आ गए। मारपीट में पांच लोग घायल हो गए।

# मारपीट में 10 के विरुद्ध कार्रवाई

**बस्ती।** गौर थाने के जगदीशपुर नरथरी गांव में हुई मारपीट के मामले में 10 आरोपियों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। तिलकराम, अनिल कुमार, हरि प्रसाद , श्रीराम, हृदयराम, ललित , अमित, मान्धाता निवासी संदीप व राजेंद्र व सुरेंद्र उर्फ राकेश निवासी जगदीशपुर थाना गौर शामिल हैं। संवा

# शॉर्ट सर्किट से सात दो पहिया वाहन जले

## लालगंज थाना क्षेत्र के महसों पठान टोला का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** लालगंज थाना क्षेत्र के महसों पठान टोला निवासी मसरूर अहमद ने अपने घर के बगल में रोज की भांति अपने सात दो पहिया वाहन टिन शेड में खड़ा किया था।

शनिवार देर रात अज्ञात कारणों से बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई जिसमें सभी दो पहिया वाहन जल गए।

आसपास के लोगों ने देखा तो आवाज दी। इसके बाद घर व गांव के लोग आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लेकिन, जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आती तब तक सातों वाहन जल गए थे। आग बुझाने की कोशिश करते समय अरशद का पैर झुलस गया।

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सूर्य भान यादव अपने हमराहियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।



लालगंज थाना क्षेत्र के महसों पठान टोला में शॉर्ट सर्किट से सात मोटर साइकिल जल गई। संवाद

# आईजी राजेश मोदक को दी गई विदाई

**बस्ती।** आईजी सीबीसीआईडी पद पर स्थानांतरित परिक्षेत्र बस्ती के पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक को मंडल मुख्यालय पर रविवार को विदाई दी गई। इस दौरान मंडलायुक्त गोविंदराजू एनएस, जिला जज विनोद कुमार, डीएम प्रियंका निरंजन, सीजेएम उमेश यादव, एसपी आशीष श्रीवास्तव, एसपी संतकबीरनगर सोनम कुमार, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सभी सर्किल के सीओ, थाना प्रभारी व अन्य कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित विदाई समारोह के दौरान आईजी मोदक ने अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा किया। कहा कि परिक्षेत्र के तीनों जनपदों में टीम वर्क से बेहतर परिणाम सामने आए। विदाई समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुलिस महानिरीक्षक मोदक के सराहनीय कार्यकाल एवं विभागीय मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

बस्ती पुलिस परिवार की तरफ से उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए स्मृति चिह्न भेंट किया गया। आईजी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उनका तबादला आईजी सीबीसीआईडी लखनऊ के पद पर हुआ है। संवाद

# निर्माणाधीन एफसीआई गोदाम में मिला मजदूर का शव

## तीन माह पूर्व मजदूरी करने आया था सुनील, पुलिस ने शुरू की तहकीकात

संवाद न्यूज एजेंसी

**टिनिच (बस्ती)।** गौर थाना क्षेत्र के टिनिच पुलिस चौकी अंतर्गत सुल्तानपुर गांव के सामने निर्माणाधीन एफसीआई गोदाम में रविवार को 39 वर्षीय मजदूर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को कब्जे में ले लिया है।



सुनील (फाइल फोटो)



सुल्तानपुर गांव में सुनील कुमार की मौत होने पर जांच करती पुलिस। संवाद

सुल्तानपुर गांव के सामने तीन वर्ष से एफसीआई के गोदाम का निर्माण कार्य चल रहा है। सचिन बिल्डर्स नाम की फर्म गोदाम के भवन का निर्माण करा रही है। रविवार सुबह एक मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के भीतर मिला। निर्माण संस्था के इंजीनियर सुशांत यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के गुरैला पिंडरा निवासी 39 वर्षीय सुनील तीन माह पूर्व मजदूरी करने आया था। सोमवार सुबह उसका शव गोदाम के एक कमरे में मिला। चौकी प्रभारी राम भवन प्रजापति ने मौके पर जांच की तो सुनील के शव के पास से दो मोबाइल, एक फोटो एल्बम, बैग आदि मिला है। वह अकेले कमरे में रहता था।

सुनील की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी किसी को नहीं है। प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेन्द्र प्रसाद पटेल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वांछित पशु तस्कर को किया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बनकटी।** लालगंज पुलिस व एंटी नारकोटिक्स टीम के संयुक्त प्रयास से वांछित पशु तस्कर सद्दाम निवासी मोहम्मदपुर कठार थाना खलीलाबाद कोतवाली जनपद सन्तकबीरनगर को देईसाड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

लालगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह व एंटी नारकोटिक्स प्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय टीम की टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को करीब आठ बजे सुबह एक

### जनपद के बार्डर पर स्थित एक चाय की दुकान से गिरफ्तार किया

महुली व लालगंज थाने व जनपद के बार्डर पर स्थित एक चाय की दुकान से गिरफ्तार किया।

टीम में दिनेश चंद मिश्र चौकी प्रभारी कुदरहा, प्रशान्त कुमार सिंह, राजेश यादव, महेन्द्र यादव, कुलदीप यादव, शिवचरन चौहान, रवि प्रताप सिंह, सर्वेश नायक आदि शामिल रहे।

# महिला अपराध के प्रति आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया

## प्रभारी निरीक्षक ने कहा-समय पर शिकायत न होने से बढ़ते हैं महिला अपराध

संवाद न्यूज एजेंसी



रुधौली पुलिस ने महिला अपराध को लेकर लोगों को किया जागरुक। संवाद

**रुधौली।** महिला पुलिस कर्मियों ने रविवार को क्षेत्र में महिलाओं के बीच जाकर पुलिस एवं सरकार के विभिन्न महिला अपराध नियंत्रण अभियानों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्हें महिला अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, महिलाओं को मिशन शक्ति के संबंध में बुकलेट का वितरण भी किया गया।

प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस महिला अपराधों को लेकर बेहद सजग है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर महिला अपराध इसलिए बढ़ाते हैं, क्योंकि उनकी शिकायत समय पर नहीं होती और अराजक तत्वों को इससे बढ़ावा मिलता है। प्रभारी निरीक्षक के साथ पहुंचे आरक्षी सतीश यादव, महिला आरक्षी दीपिका वर्मा, मीनाक्षी चौरसिया व गोल्डी मौर्य ने संबंधित बीट क्षेत्र मुड़ियार में महिला सशक्तीकरण अभियान कार्यक्रम के क्रम में सभी बच्चियों/छात्राओं एवं महिलाओं को सशक्तीकरण संबंधित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज चार कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी दी। प्रदेश सरकार की ओर से दिए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, वीमेन पावर लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 181 ,112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, थाने के सीयूजी नंबर 9454403122 के बारे में जानकारी दी। महिलाओं से संबंधित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए अपील की गई।

# कार चालक पर मुकदमा

नगर बाजार (बस्ती)। नगर थानाक्षेत्र के दुबखरा स्थित एक ढाबे के पास 19 जून को बाइक में टक्कर मारने वाले कार चालक के विरुद्ध पुलिस ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए दुर्घटना करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

घटना में घायल बाइक चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के रिश्तेदार राज कपूर अग्रहरि निवासी छतरिया थाना रुधौली ने तहरीर दी। बताया कि बहनोई शैलेन्द्र निवासी सकारपार थाना खेसरहा सिद्धार्थनगर बाइक से अयोध्या जा रहे थे। दुबखरा के पास चौधरी ढाबा पर खाना खाकर सड़क के किनारे खड़ी बाइक पर बैठते समय कार ने चपेट में ले लिया था। संवाद

# रामापुर में पट्टीदारों में मारपीट, छह पर मुकदमा

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के रामापुर गांव में शनिवार रात जमकर मारपीट हुई। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों पर बलवा, धारदार हथियार से मारकर बेहोश करने का मुकदमा रविवार को दर्ज किया है।

पैकोलिया थानाक्षेत्र के रामापुर गांव निवासी विजय प्रताप सिंह की पुत्री प्रीती सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया है कि शनिवार रात लगभग दस बजे मेरे पट्टीदार दरवाजे पर आकर अपशब्द कहने लगे।

जब मेरे भाई पंकज सिंह, प्रभास सिंह और मां माया सिंह ने एतराज जताया तो राहुल सिंह, रमन सिंह, दीपांशू सिंह, शालू सिंह, बलवीर सिंह व घनश्याम सिंह हाथ में सरिया, गड़ासा, लाठी-डंडे लेकर मेरे पिता विजय प्रताप सिंह, भाई पंकज सिंह व प्रभास सिंह को मारने-पीटने लगे जिससे मेरे पिता बेहोश हो गए। दोनों भाइयों को भी गंभीर चोटें आईं।

तीनों लोगों को किसी तरह से लादकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर ले जाया गया। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने रात में ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर भर्ती हैं।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध बलवा, मारपीट कर बेहोश करने व जान से मारने की धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-06-2022

# धोखाधड़ी, जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में केस

**लोटन(एसएनबी)** । थाना मोहाना अंतर्गत ग्राम पनेरा निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकामी थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने का समाचार प्राप्त हुआ है।

उक्त जानकारी ग्राम पनेरा निवासी ओमप्रकाश यादव पुत्र प्रधान द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। उन्होंने बताया कि ग्राम पनेरा निवासी दिलीप यादव पुत्र गौरीशंकर द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार क र धोखाधड़ी से मेरी काफी जमीनों पर अपना अधिकार जमाने का प्रयास किया था।जिसकी जानकारी होने पर मैंने मुकामी थाना में एक लिखित तहरीर देते हुए कहा था कि मेरे ही गांव के दिलीप यादव पुत्र गौरीशंकर द्वारा फर्जी कागजात के आधार पर धोखाधड़ी करते हुए मेरी जमीन को अपने नाम करा लिया गया था। जिसकी जानकारी होने पर हमने तहसीलदार नौगढ़ को अवगत कराया। जिसके क्रम में तहसीलदार नौगढ़ द्वारा स्थगन आदेश दिया गया। उक्त मामले के बाबत सिविल न्यायालय में मूलवाद संख्या141/2018 भी दाखिल किया, जो बिचाराधीन है। उक्त सभी मामलों को लेकर दिलीप यादव से बात की गई।जिस पर उन्होंने मां, बहन की गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिए। जिसके आधार पर थाना मोहाना में दिलीप यादव पुत्र गौरीशंकर ग्राम पनेरा, पोस्ट सिकरी, जनपद सिद्धार्थ नगर के विरुद्ध भादसअधिनियम1860 के तहत 419, 420, 467, 468, 471, 504 ,506 का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मोहाना ने दूरभाष पर बताया कि ओमप्रकाश यादव की तहरीर पर दिलीप यादव के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जिसकी जांच गहनता से की जा रही है।

# 15 दिन में निपटाएं मामले

सिद्धार्थनगर। एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने रविवार को शोहरतगढ़ थाने पर शोहरतगढ़ सर्किल के ढेबरुआ, कठेला समय माता, चिल्हया व शोहरतगढ़ के इंस्पेक्टर व एसआई के पास लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की, 15 दिन में सभी प्रकरणों के निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने भूमि विवादों का निपटारा प्रत्येक शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलाकर कराने को कहा।

## बर्डपुर क्षेत्र के शिक्षक के जेल जाने का मामला दबाते रहे सहयोगी शिक्षक

# हेडमास्टर जेल में, बनती रही हाजिरी, निलंबित

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। सिद्धार्थनगर के बर्डपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अगया कला में प्रधानाध्यापक रहे केशव मणि मिश्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरी में संबद्ध रहते हुए जेल जाने के बाद भी रजिस्टर पर हस्ताक्षर बनते रहे। इससे प्रभारी हेडमास्टर की भूमिका संदिग्ध हो गई है।

उन्होंने सहयोगी शिक्षक के मामले को भी दबाए रखा। ब्लॉक क्षेत्र के ही एक शिक्षक की शिकायत पर बीईओ की जांच में पोल खुली। शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। मामले को छिपाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई के लिए बीएसए ने जांच के निर्देश दिए हैं।

क्षेत्र के अगया कला गांव में प्रधानाध्यापक रहे केशव मणि मिश्र पर एक छात्रा ने 12 फरवरी को छेड़खानी का आरोप लगाया था। इसके आधार

- एक शिक्षक की सूचना पर बीईओ ने की जांच तो खुल गई पोल
- 16 जून से खुले स्कूल के बाद जेल में बंद होने पर भी हस्ताक्षर बनते रहे

पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया तभी तत्कालीन बीईओ अनिल कुमार मिश्र ने प्रधानाध्यापक को पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरी में संबद्ध कर दिया। ग्रीष्मावकाश के बीच 3 जून को वह जेल चले गए और इसकी विभाग को कानोंकान खबर तक नहीं लगी। इतना ही नहीं 16 जून से खुले विद्यालय के बाद प्रधानाध्यापक के जेल में बंद होने पर भी रजिस्टर पर हस्ताक्षर बनते रहे। 20 जून को बीईओ रामू प्रसाद के निरीक्षण में प्रभारी हेडमास्टर शमशुल हक ने केशव मणि के छुट्टी पर होने की बात कही। बीईओ ने छुट्टी का प्रार्थनापत्र या मानव संपदा पोर्टल पर छुट्टी के बारे में जानकारी चाही तो प्रभारी हेडमास्टर नहीं दे सके। इसके बाद ब्लॉक के एक शिक्षक ने बीईओ को केशव मणि के जेल जाने की सूचना दी। बीईओ ने फिर से प्रभारी हेडमास्टर से जानकारी चाही तो वह नजरअंदाज करते रहे और केशव मणि के प्रतिदिन विद्यालय आने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे बीईओ ने शिक्षक के बेटे व थाने से जानकारी कराई तो पूरा मामला खुल गया। शिक्षक के जेल जाने के बाद 24 घंटे के भीतर निलंबित कराने की बजाए मामले को छिपाने और हस्ताक्षर बनाने को गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने जांच के निर्देश दिए हैं।

### शिक्षिका को छुट्टी पर कह कर किया था संबद्ध

बर्डपुर क्षेत्र का पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरी एकल विद्यालय है। इस विद्यालय पर शिक्षिका नमिता की तैनाती है। जिन्हें तत्कालीन बीईओ अनिल कुमार मिश्र ने अक्सर अवकाश पर रहने की बात कह कर केशव मणि मिश्र को संबद्ध किया था जबकि शिक्षिका ड्यूटी पर मौजूद रहती हैं।

"पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरी के हेडमास्टर से कई बार जेल गए शिक्षक के बारे में जानकारी मांगी गई लेकिन हर बार वह शिक्षक के विद्यालय आने की बात कहते रहे। रजिस्टर पर हस्ताक्षर बनते रहे। कई लोगों की भूमिका संदिग्ध लग रही है। जांच के बाद पूरी बात सामने आएगी। -**रामू प्रसाद**, प्रभारी बीईओ

"बर्डपुर क्षेत्र से जेल गए शिक्षक के बारे में जानकारी मिली है। 24 घंटे के भीतर शिक्षक को निलंबित किया जाना जरूरी था लेकिन लापरवाही हुई है। शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच होगी।

**देवेंद्र कुमार पांडेय**, बीएसए

# पुत्र की मौत में फरार पिता गिरफ्तार

बर्डपुर। अलीगढ़वा कस्बे में पुत्र की मौत में फरार चल रहे पिता को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मिश्रौलिया के धोबहा गांव निवासी जुग्नू पुत्र मोहन अपने परिवार के साथ अलीगढ़वा कस्बे में रह रहा था। शुक्रवार देर रात परिवार में विवाद हो गया। जुग्नू ने बीचबचाव करने आए अपने पुत्र साहिल पर चाकू से हमला कर दिया। इलाज के दौरान साहिल की मौत हो गई। पिता फरार था। रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# अग्निपथ योजना के विरुद्ध सत्याग्रह आज

डुमरियागंज। अग्निपथ योजना लाकर भाजपा सरकार भारतीय सेना के गौरव व युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इसे रोकने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर डुमरियागंज तहसील परिसर में सोमवार की सुबह 10 बजे कांग्रेस नेत्री कांति पाण्डेय के नेतृत्व में सत्याग्रह करेंगे। यह जानकारी प्रदेश सचिव सच्चिदानंद पाण्डेय ने दी।

# तहसीलों में कांग्रेसी करेंगे सत्याग्रह

सिद्धार्थनगर। अग्निपथ योजना के विरोध में सोमवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से जिले के पांचों तहसीलों में सत्याग्रह किया जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि पांचों विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता अपने अपने तहसीलों में सुबह 10 बजे से एक बजे तक सत्याग्रह करेंगे।



पुलिस की गिरफ्त में बेटे का हत्यारा पिता जुगनू ● जागरण

## छेड़खानी का विरोध करने पर किया लहूलुहान

**जागरण संवाददाता, औराताल, डुमरियागंज:** रविवार की सुबह क्षेत्र के कैथवलिया रेहरा गांव में एक विवाहिता व उसके ससुर को छेड़खानी का विरोध करना महंगा पड़ गया। आरोपी ने भाइयों संग युवती व बुजुर्ग पर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घटना की खबर सुन मौके पर पहुंची पुलिस पीड़ितों को उपचार व विधिक कार्रवाई के लिए ले गई।

उक्त गांव निवासी राबिया खातून पत्नी शब्बीर ने डुमरियागंज पुलिस को दिये तहरीर कहा कि रविवार की सुबह वह टहलने जा रही थी। तभी घनश्याम पुत्र कल्पनाथ जो पेशे से इंटर कालेज में शिक्षक भी हैं, सुनसान राह देखकर हाथ पकड़ कर किनारे खींच कर छेड़खानी करने लगे। जिसका विरोध किया तो मारने लगे। शोर मचाया तो बुजुर्ग ससुर फौजदार उम्र 80 वर्ष बचाने पहुंचे।

जिससे खार खाये आरोपित व उसके भाइयों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों का इलाज बेवां सीएचसी पर करवाकर घर पहुंचाया। प्रभारी थानाध्यक्ष रमाकांत सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# विधायक ने विवाद को कराया शांत

जासं, शोहरतगढ़: 21मई में जोगिया कोतवाली क्षेत्र के कटया के पास हुए सड़क हादसे में शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र महला के सात लोगों की मृत्यु व चार लोग घायल हो गए थे। घटना को लेकर मृतकों व घायलों के स्वजन जिस घर से बरात गई थी उसके पट्टीदार काशी पर यह आरोप लगा रहे थे कि यही सभी को बेलोरो में बैठाया था। अगर यह सभी को नहीं बैठाया होता आज किसी की मौत नहीं होती। इस बात को लेकर घटना के बाद से ही काशी से कहासुनी कर रहे थे, जिसको लेकर आए दिन विवाद बढ़ जा रहा था।

मामले की जानकारी शोहरतगढ़ एसओ जय प्रकाश दूबे को मिली। वह विधायक विनय वर्मा के साथ गांव पहुंचकर सभी मृतक व घायलों के स्वजन को समझा बुझा कर हो रहे झगड़े को शांत कराया। विधायक ने लोगों को समझाते हुए कहा की यह एक अनहोनी घटना थी। जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

# 28 शीशी देसी शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

**खेसरहा :** खेसरहा पुलिस ने 28 शीशी देसी शराब के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम जनपद संतकबीरनगर के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के ग्राम छितौना निवासी कासिफ रजा है। वह काफी दिनों से क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता था। रविवार की देर शाम को चौकी प्रभारी सकारपार रामकुमार यादव ने उसे बांसी धानी मार्ग स्थित बेलहरा तिराहे से पकड़ा है।

# लंबित विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र करें विवेचक : एएसपी



शोहरतगढ़ थाने में लंबित मामले की विवेचना करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत ● जागरण

**जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ :** अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत शोहरतगढ़ सर्किल के थाना शोहरतगढ़, ढेबरुआ, चिल्हिया, कठेला समय माता के विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। इस दौरान लंबित मामलों की संख्या अधिक होने पर नराजगी बताई। विवेचकों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तरण करें।

अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विवेचना के दौरान अपराध की प्रकृति के अनुरूप सभी तथ्यों, साक्ष्यों एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल करके विवेचना को सुदृढ़ बनाएं, जिससे न्यायालय द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्ति न प्रकट की जाए और न ही अभियुक्तों को किसी प्रकार से अनुचित लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि तीन माह से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। वारंटियों की गिरफ्तारी करने, शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, भूमि संबंधी विवादों का निपटारा प्रत्येक शनिवार को थाना समाधान दिवस व संपूर्ण समाधान दिवस के दिन दोनों पक्ष के समक्ष ही निस्तारण करें। एसओ जय प्रकाश दूबे, सौदागार राय, हरिओम कुशवाहा, रविकान्त मणि त्रिपाठी, एसआइ मनोज कुमार श्रीवास्तव, रामा प्रसाद यादव, रिंकू तिवारी आदि मौजूद रहें।

## एक नजर में

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

बढ़या : मिश्रौलिया पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि टीम ने सेमरा बाबा गांव निवासी चिन्नी लाल के पास से 18 लीटर कच्ची बरामद हुई है। (जासं)

# नशा मुक्ति दिवस पर पुलिस कर्मियों ने ली नशा न करने की शपथ



लोटन में पुलिस कर्मियों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाते थाना प्रभारी ● जागरण

- **जिले के सभी थानों पर पुलिस कर्मियों ने ली शपथ**
- **स्वयं नशा से दूर रहने के साथ दूसरे लोगों को भी करेंगे प्रेरित**

**जागरण टीम, सिद्धार्थनगर:** नशा मुक्ति दिवस के मौके पर रविवार को जिले के सभी थानों में समारोह के तहत पुलिस कर्मियों ने नशा से दूर रहने की कसम खाई। साथ ही औरों को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का काम करेंगे। इस दौरान विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले नुकसान आदि के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई।

जिला मुख्यालय स्थित सदर थाना से लगायत सभी थाना, कोतवाली व पुलिस चौकी पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाते हुए थाना प्रमुखों ने पुलिस कर्मचारियों को नशा से होने वाले नुकसान आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सदर थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने पुलिस कर्मचारियों को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि सभी लोग जीवन काल में शराब आदि किसी भी प्रकार के नशा का सेवन न करें, न ही इस तरह की गतिविधियों में उनकी कोई भूमिका होनी चाहिए।

पुलिसकर्मी इससे तो दूर ही रहें, बल्कि आम नागरिकों को भी इस तरह के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। नशे से होने वाले नुकसान के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी देनी होगी तभी लोग लोटन में कोतवाल प्रभारी देवनन्दन उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर थाना लोटन प्रांगण में पुलिस कर्मियों ने नशा न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि नशा शरीर को खोखला करने के साथ पूरे परिवार को तबाह कर देता है तथा समाज की नजरों में भी आदमी गिर जाता है। इससे दूर रहने में भी हर किसी की भलाई है।

शपथ लेने वालों में एसआई राकेश कुमार, जितेन्द्र शाही, प्रदीप कुमार चौहान, संजय सिंह, पवन कुमार तिवरी, अरुण पांडेय, संदीप गुप्ता, वसीम अहमद आदि शामिल रहे। कठेला समय माता मंदिर थाने में सभी अधिकारी और कर्मचारी क्रमबद्ध तरीके से खड़े हुए। जहां पर निरीक्षक सौदागर राय ने सभी को शराब-धुम्रपान का सेवन न करने तथा दूसरों को शराब सहित अन्य प्रकाश के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने संबंधित शपथ दिलाई।

उप निरीक्षक एसएन सिंह, अजय यादव, संदीप, गट्टू पांडेय, रविंद्र गौतम, शेषनाथ, अर्जुन यादव आदि मौजूद रहे। मिश्रौलिया थाने में थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई।

# बेटे का हत्यारा पिता गिरफ्तार

## नेपाल भागने की फिराक में था आरोपित, पुलिस ने पकड़ा

**जागरण संवाददाता, कपिलवस्तु:** अलीगढ़वा कस्बे में पिता ने अपने 14 वर्षीय पुत्र पर 23 जून को चाकू से हमला कर दिया था। उसे इलाज के लिए सीएचसी बर्डपुर में भर्ती कराया गया था। वह स्वस्थ होकर वापस घर लौट आया। अचानक शनिवार को उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मृतक के मां बेबी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। वह नेपाल भागने की फिराक में था।

हत्यारोपित जुगनू अपनी पत्नी बेबी व बेटे शाहिल के साथ भीख मांगकर परिवार का गुजर बसर करते थे। पुलिस के अनुसार पिता और पुत्र ने शराब के नशे में मारामारी कर लिया था। बाप के हमले में बेटे को काफी चोटें आई थीं। इलाज के पश्चात पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर दोनों को शांति भंग की आशंका में जेल भी भेजा था। दोनों जमानत पर बाहर आए। शनिवार को बेटे ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपित पिता को पकड़ने के लिए एक उपनिरीक्षक के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। टीम ने रविवार को उसे अलीगढ़वा से गिरफ्तार कर लिया। एसआइ दिलीप कुमार यादव, वरुण कुमार,रामभवन शामिल रहे। कोतवाली प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मृत्यु, मुकदमा

जागरण संवाददाता, बढ़याः ग्राम पिपरहवा के टोला खखरा में शनिवार की शाम 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। उसका शव फंदे से लटका पाया गया। घटना के संबंध में मृतका के भाई शिवचरन ने पुलिस को तहरीर देकर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और उसी लालच में बहन को मार देने का आरोप लगाया। पुलिस ने पति सहित चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया।

कठेला थानांतर्गत ग्राम पिपरहवा निवासी राम बिलास पुत्र धुप्पन का विवाह मिश्रौलिया थाना के ग्राम गौरडीह टोला अहिरनडीह निवासी लक्ष्मी पुत्री मंगल यादव के साथ करीब सात वर्ष पहले हुआ था, जिसका गौना मई 2021 में हुआ था। शिवचरण के अनुसार स्वजन उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। कई बार समझाया-बुझाया गया, लेकिन वे लोग नहीं माने। शनिवार की सुबह बहन ने फोन किया कि चार लोग उसे मार रहे हैं। शाम को घर पहुंचा तो देखा कि शव बिस्तर पर पड़ा है।

प्रभारी निरीक्षक सौदागर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति राम बिलास, ससुर धुप्पन यादव, उनकी पत्नी और लड़की के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# लड़की के रिश्तेदारों पर बेटे की हत्या का आरोप

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज : त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के गोपिया गांव निवासी उदयभान ने थानाक्षेत्र के ही एक गांव की रहने वाली लड़की के स्वजन पर पुत्र की हत्या करके शव ठिकाने लगा देने का आरोप लगाया है। थाने में तहरीर देकर जांच व कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के मुताबिक शिकायतकर्ता का पुत्र उस लड़की को लेकर 12 जून को फरार हो गया। लड़की के घर वालों ने थाने में मुकदमा लिखवाया तो उन्हें थाने में बुलाकर लड़के को खोज लाने को कहा गया।

खोजबीन में पता चला कि लड़का और लड़की पहले मुंबई गए और वहां से सूरत चले गए हैं। दोनों लड़के के दोस्तों के यहां रह रह रहे थे। 18 जून को जब वह सूरत पहुंचे तो दोस्तों ने बताया कि लड़की के रिश्तेदार यहीं रहते थे और उन लोगों ने दोनों को पकड़ लिया। तलाश में थाना परसाना के चौकी गंगाधरा सूरत पहुंचे तो जानकारी मिली कि लड़की के मामा चार घंटे पहले चौकी से लड़की व लड़के को ले जा चुके हैं। वापस जब घर पहुंचा तो पता चला लड़की अपने घर आ गयी और हमारा लड़का नहीं आया।

जब पूछा तो लड़की के मामा व अन्य लोगों ने कहा कि आपका लड़का बस से उतर कर कहीं भाग गया। तब से उसका पता नहीं है। प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर विद्याधर कुशवाहा ने कहा कि मामला सूरत का है, इस लिए जो भी कार्रवाई होगी वहीं से की जाएगी। हमारे स्तर से भी पीड़ित पिता का सहयोग किया जाएगा।

# अग्निपथ के खिलाफ सत्याग्रह आज

डुमरियागंज : अग्निपथ योजना को वापस लेने को लेकर सोमवार को कांग्रेस पार्टी तहसील परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक सत्याग्रह करेगी। पार्टी के प्रदेश सचिव सच्चिदानंद पांडेय ने इसकी जानकारी दी है। कहा कि भारतीय सेना के गौरव एवं युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद कराने को लेकर यह सत्याग्रह किया जाएगा। (जासं)



कठेला में पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई गई। संवाद

# नशा मुक्ति के लिए दिलाई गई शपथ

**बिस्कोहर/कठेला।** थाना कठेला समय माता क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई गई। विश्व नशा मुक्ति दिवस पर थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एसओ सौदागर राय ने सभी पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में थानाध्यक्ष ने सभी पुलिस कर्मियों को क्षेत्र को नशामुक्त बनाए जाने के निर्देश दिए। एसओ ने बताया कि नशा मुक्ति के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकार कई तरह के कार्यक्रमों को संचालित कर रही है। इसी के तहत दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर उपनिरीक्षक राजेंद्र यादव, एसएन सिंह, अजय कुमार यादव, उपेंद्र राव, निधि सिंह, मनीषा शुक्ल, कंचन सिंह, रूपम मौर्य, पप्पू यादव, पन्ने लाल आदि मौजूद रहे। संवाद

# तकरार कर रहे लोगों को विधायक ने शांत कराया

## एक माह पहले शोहरतगढ़ क्षेत्र के सात लोगों की सड़क हादसे में हुई थी मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** शोरहतगढ़ क्षेत्र के महला गांव में आपस में विवाद कर रहे लोगों को विधायक विनय वर्मा और थानाध्यक्ष जयप्रकाश दुबे ने समझाकर शांत कराया। करीब एक माह पहले इस गांव के सात लोगों की जोगिया कोतवाली क्षेत्र के कटया में हुए हादसे में मौत हो गई थी। उसी मामले में मृतकों के परिवार के कुछ सदस्य तकरार कर रहे थे।

वे आरोप लगा रहे थे कि जिनके घर में बेटे की शादी थी, वे बच्चों को बरात ले गए थे। विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि बरात से लौट रहे वाहन से हादसा होने में किसी को दोष नहीं है। यह हादसा था। इसमें दोषारोपण करने और आपस में विवाद करने से कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वे पीड़ित परिवारों की मदद करते रहेंगे।

### विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि वाहन से हादसा होने में किसी को दोष नहीं है

### एक माह बाद भी रामबरन को नहीं आया होश

कटया में एक माह पहले हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल रामबरन को अब भी होश नहीं आया है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में उनका इलाज चल रहा है। रामबरन के परिवार में इकलौती सदस्य बेटी निशा को उम्मीद है कि उसके पिता को होश आएगा और वह घर आएंगे। निशा ने बताया कि प्रशासन ने दो बार में 30 हजार रुपये की आर्थिक मदद की है, जबकि पीएम मोदी के ट्वीट में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने की घोषणा की गई थी। यह राशि अभी नहीं मिली है।



शोहरतगढ़ में विवेचकों के साथ बैठक करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत। संवाद

# लंबित मामलों का समय से करें निस्तारण : एएसपी

## शोहरतगढ़ सर्किल के थानों के विवेचकों की हुई बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने रविवार को शोहरतगढ़ सर्किल के शोहरतगढ़, ढेबरुआ, चिल्हिया, कठेला समय माता थानों के सभी विवेचकों के साथ बैठक की। उन्होंने लंबित विवेचनाओं के संबंध में पूछताछ करके समीक्षा की। अकारण विवेचनाओं को लंबित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि इनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

एएसपी सभी विवेचकों से विवेचना के दौरान अपराध की प्रकृति के अनुरूप सभी तथ्यों, साक्ष्यों और महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल करके विवेचना को सुदृढ़ बनाने के लिए कहा, जिससे न्यायालय की ओर से किसी भी प्रकार की आपत्ति न प्रकट की जाए और न ही अभियुक्तों को किसी भी प्रकार का अनुचित लाभ मिल सके। कहा कि तीन माह से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। वारंटियों की गिरफ्तारी करने, शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, भूमि संबंधी विवादों का निपटारा प्रत्येक शनिवार को थाना समाधान दिवस व संपूर्ण समाधान दिवस के दिन दोनों पक्षों के समक्ष निस्तारण करें। रात्रि में चौराहे, तिराहे पर चेकिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसओ जय प्रकाश दुबे, एसओ हरिओम कुशवाहा, एसओ सौदागर राय, एसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव, रविकांत मणि त्रिपाठी, रामा प्रसाद यादव, रिकू तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह आज

**डुमरियागंज।** केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग करते हुए सोमवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से एक दिवसीय सत्याग्रह किया जाएगा। यह जानकारी कांग्रेस के प्रदेश सचिव सच्चिदानंद पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तावित अग्निपथ योजना युवाओं के हित में नहीं है। कांग्रेस पार्टी की ओर से इस योजना के विरोध में निरंतर प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में डुमरियागंज में तहसील परिसर में एक दिवसीय सत्याग्रह के जरिए विरोध जताया जाएगा। संवाद

# महिला की मौत, दहेज हत्या का केस दर्ज

## कठेला समय माता थाना क्षेत्र के पिपरहवा गांव में हुई घटना

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बिस्कोहर/कठेला।** कठेला समय माता थाना क्षेत्र के पिपरहवा गांव में रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। कमरे में छत के कुंडे के सहारे फंदे से लटका महिला का शव मिला। मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के गौरडीह गांव के टोला अहिरडीह निवासी मंगल यादव ने अपनी पुत्री लक्ष्मी (22) की शादी करीब सात साल पहले कठेला समय माता थाना क्षेत्र

### छत के कुंडे के सहारे फंदे से लटका शव मिला

के ग्राम सभा बैरिया खखरा के टोला पिपरहवा निवासी राम विलास यादव के साथ की थी। वर्ष 2021 में वह गौना में अपनी ससुराल पिपरहवा आई थी। रविवार सुबह कमरे में छत के कुंडे के सहारे फंदे से लटकता हुआ उसका शव मिला। यह जानकारी मोहल्ले के लोगों को हुई तो भीड़ एकत्र हो गई। इसी बीच मृतका के घरवालों को सूचना दी गई और वे भी मौके पर आ गए। मृतका के पति ने मामले की सूचना कठेला पुलिस को दी। घटना की सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक सौदागर राय टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लक्ष्मी के भाई शिवचरन यादव ने कठेला पुलिस को तहरीर देकर ससुराल पक्ष पर मृतका के पति राम विलास, ससुर धुप्पन यादव, सास व ननद पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शिव चरन यादव ने तहरीर दी है। लक्ष्मी की ससुराल के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगा है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# पुत्र की हत्या का आरोपी जेल भेजा गया

कपिलवस्तु। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा अलीगढ़वा में 14 वर्षीय पुत्र की चाकू से हमला करके हत्या करने के आरोपी पिता को रविवार को जेल भेज दिया गया। हमले से घायल पुत्र की शनिवार की भोर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के धोबहा निवासी जुगनू पुत्र मोहन अपने परिवार के साथ अलीगढ़वा में डेरा डालकर रहता था। आरोप है कि उसने शराब के नशे में अपने 14 वर्षीय पुत्र साहिल पर चाकू से हमला कर दिया था।

पुत्र की मौत के बाद वह फरार हो गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि फरार जुगनू को पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# जहां चालान, वहीं भरें जुर्माना

## डिजिटल जुर्माना भुगतान के लिए एम पॉज मशीन का प्रयोग

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** वाहन का जुर्माना कटने पर अब यातायात कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अब चालान होते ही मौके पर डिजिटिल माध्यम से जुर्माना भर सकेंगे। डिजिटल भुगतान के लिए एम पॉज मशीन से पुलिसकर्मी लैस होंगे। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। कैसे कार्य किया जाएगा, इसके बारे में रविवार को पुलिस लाइंस सभागार में सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव ने पुलिस कर्मियों को अहम जानकारी दी।

पर वाहनों के चालान की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन कर दी गई है। वाहन रोकते ही अगर हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट के हैं तो पुलिसकर्मी शासन की ओर से जारी मोबाइल एप पर ऑनलाइन चालान कर देते थे। तत्काल वाहन चालान होने और धनराशि से संबंधित मैसेज वाहन स्वामी के मोबाइल फोन पर पहुंच जाता था। वाहन का चालान तो ऑनलाइन हो जाता था, लेकिन भुगतान के लिए उसके स्वामी को यातायात कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे। इस चक्कर से वाहन स्वामी को मुक्ति मिले और आसानी से वाहनों का चालान कर सकें, उसके लिए एम पॉज मशीन की व्यवस्था को लागू किया गया है। जिलों में मशीन देकर पुलिस कर्मियों को उसके संचालन के बारे में प्रशिक्षित भी कर दिया गया है। वे आसानी से वाहनों का चालान ऑनलाइन काट लेंगे। इसके लिए एटीएम कार्ड की जरूरत है। इस संबंध में रविवार को सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव ने पुलिस कर्मियों को मशीन के संचालन के संबंध में प्रशिक्षित किया। उन्हें बताया कि किस प्रकार से चालान करने का कार्य करेंगे। सीओ सदर ने बताया कि मशीन के संचालन की जानकारी दी गई। इससे वाहन स्वामियों को जुर्माना राशि जमा करने में सहूलित मिलेगी।

### स्वेच्छा से कर सकेंगे भुगतान

वाहन स्वामी को डिजिटल भुगतान उनकी स्वेच्छा पर रहेगा। इसके लिए कोई दबाव नहीं बनाएंगे। अगर वाहन चालन होता है तो अपनी स्वेच्छा से ही रकम जमा करेंगे। डिजिटल भुगतान के लिए कार्ड को मशीन पर स्वैप करना होगा। इसके बाद भुगतान हो जाएगा। मशीन में एटीएम कार्ड के अलावा कोई और दूसरा माध्यम नहीं है।

### भागदौड़ से मिल जाएगी मुक्ति

आंकड़ों पर गौर करें तो जनपद में प्रतिदिन होने वाली चेकिंग में नियमित 100 से अधिक वाहन चालक नियम तोड़ते हुए पकड़े जाते हैं। इसमें अधिकांश ऐसे होते हैं, जिनके पास एटीएम कार्ड रहता है और तत्काल भुगतान भी कर सकते हैं। इसके पहले कोई डिजिटल व्यवस्था न होने के कारण लोगों को कार्यालय का चक्कर लगाने पड़ते थे। अब ऐसे लोगों को कार्यालय के चक्कर से मुक्ति सकती है।

### मशीन से जुर्माना काटने के लिए प्रशिक्षित हुए हर थाने के पुलिसकर्मी

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-06-2022

# समाज से नशा खत्म करने का लिया संकल्प





अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधक दिवस पर पुलिस लाइन्स परिसर में पुलिसकर्मियों को संबोधित करते एसपी सोनम कुमार।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन्स के प्रांगण में उपस्थित पुलिस कर्मियों को प्रधानमंत्री भारत सरकार व गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में दिए गए संदेशों को पढ़कर सुनाया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर, समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों व जनपद के सभी थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों के द्वारा अपने-अपने थाना पर पुलिस कर्मियों को प्रधानमंत्री व गृह मंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को पढ़कर सुनाया गया और सभी पुलिसकर्मियों को समाज से नशे की लत को समाप्त कर स्वस्थ समाज की रचना करने का संकल्प दिया गया। पुलिस अधीधक सोनम कुमार ने बताया कि वह चीज जिसकी आपको लत लग जाय, नशे की श्रेणी में ही आता है। ऐसी ही कुछ आदतें है जिन्हें छोड़ना बेहद मुश्किल होता जैसे मादक पदार्थों के अलावा चाय, काफी, वर्तमान समय के नवीन यंत्र जैसे विडियो गेम, स्मार्ट फोन, फेसबुक आदि का ज्यादा मात्रा में उपयोग भी नशे की श्रेणी में आते है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थो के सेवन से सबसे बड़ी हानि, स्वास्थ्य की हानि है। नशा करने वाला व्यक्ति आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक सभी से कमजोर होता है। नशा करने से व्यक्ति अपने समाज एवं परिवार से बिल्कुल दूर हो जाता है। वर्तमान समय में नशा दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन गया है। उन्होंने कहा कि विश्व नशा निरोधक दिवस को मानने का मकसद ड्रग्स की लत और उसके दुष्प्रभावों से होने वाली मौतों से लोगों का बचाना और जागरूक करना है।

**नशा करने वाला व्यक्ति आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक रूप से होता है कमजोर : एसपी**

# छेड़खानी के आरोप में एक को जेल



धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते बुधवार को कथित तौर पर नाबालिग किशोरी के साथ हुई गैंगरेप की घटना का पुलिस ने जांच के बाद साक्ष्यों के आधार पर अल्पीकरण करते हुए रविवार को एक आरोपी को छेड़खानी और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में जेल भेज दिया। पुलिस की माने तो मुकदमा दर्ज करने के बाद पीड़िता और उसके परिजनों के बयान के आधार पर घटना का अल्पीकरण जांच के दौरान करना पड़ा। इतना ही नहीं पीड़िता के बालिग होने का साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के उपर से पाक्सो एक्ट की धारा भी हटा दी है।

विदित हो कि पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बुधवार कर देर रात नाबालिग बेटी के शौच जाने के दौरान गांव के सीवान में गांव निवासी अर्जुन समेत दो युवकों द्वारा गैंगरेप करने का आरोप लगाते हुए गुरूवार को आईपीसी की धारा 376 डी, पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद पुलिस की जांच में पीड़िता जहां बालिग पाई गयी तो वहीं पीड़िता और उसकी मां के बयान को आधार पर पुलिस ने दर्ज मुकदमें मेंसे ब्लात्कार का आरोप हटाते हुए उसे छेड़खानी में तब्दील कर दिया। उसके बाद पुलिस ने पीड़िता को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने आईपीसी की धारा 306 समेत 354 (क) व (ख) घटना में नामजद एक आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि घटना के बाद पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच में मिले साक्ष्य और पीड़िता समेत उसकी मां के बयान के आधार पर पुलिस ने उक्त आईपीसी के तहत एक आरोपी को दोषी पाया जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# छिनैंती घटना के पीड़ित को परिजनों संग पीटा

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र में नेतवापुर बंधे के समीप बीते 22 जून को छिनैती की घटना का शिकार हुए थाना क्षेत्र के नावनखुर्द गांव निवासी पीड़ित युवक को थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव में छिनैती की घटना की सुरागरसी करने के दौरान घटना में शामिल बदमाशों ने रविवार को मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही पीड़ित की दुबारा मोबाइल भी छीन ली। थाना क्षेत्र के नावनखुर्द गांव निवासी पीड़ित युवक मो. साहिद पुत्र वलीउल्लाह ने रविवार को धनघटा थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम के सम्बन्ध में पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में मो. साहिद ने बताया कि वह बीते 22 जून की शाम करीब 8 बजे साइकिल से दूध लेने नेतवापुर गांव जा रहा था। बंधे से 100 मीटर पूरब पहुंचा था कि पल्सर सवार दो बदमाश उसे ओवरटेक करके रोक लिए और उसकी मोबाइल और जेब में रखा 4 हजार नकदी छीनकर फरार हो गए। घटना के दौरान बदमाशों को तो वह नहीं पहचान सका लेकिन उनके पल्सर बाइक का

## धनघटा थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव का है मामला

नम्बर यूपी 58 ए वी 2071 को जरूर याद कर लिया। प्रार्थनापत्र में बताया कि उक्त बाइक के बारे में मोबाइल से सर्च करने पर पता चला कि उक्त बाइक थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव की है और घटना को अंजाम देने वाले बदमाश भी चपरापूर्वी गांव के निवासी है जो बेहद शातिर है तथा पूर्व में जेल भी जा चुके है। पीड़ित ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 10.30 बजे वह दो अन्य लोगों के साथ चपरापूर्वी गांव उक्त बदमाशों के घर घटना में शामिल बदमाशों और उनकी पल्सर बाइक के बारे में पुष्टि करने पहुंच गया जहां वह पल्सर बाइक और घर मौजूद एक बदमाश की फोटो बना रहा था कि बदमाश ने परिजनों के साथ उसके उपर हमला कर दिया। हमले के दौरान धारदार हथियार से वार करने का भी प्रयास किया गया। हमले में उसे चोटे भी आई है। इतना ही नहीं उसकी दूसरी मोबाइल भी हमले के दौरान छीन ली तो उसने घटना की सूचना 112 पर फोन कर पुलिस को दिया तो पीआरवी पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और जांच के बाद थाने पर प्रार्थनापत्र देने का सुझाव दिया। पीड़ित ने प्रार्थनापत्र के आधार पर जांच कर छिनैती की घटना में शामिल बदमाशों की शिनाख्त कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि प्रार्थनापत्र की जांच की जा रही है। जांच में घटना सत्य पाए जाने पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्त में ले लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# नशामुक्ति का लिया संकल्प

**धनघटा (एसएनबी)**। 26 जून को हर वर्ष नशामुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों और आयोजनों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशा से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाता है। इसी क्रम में धनघटा थाने और महुली थाने पर पुलिसकर्मियों को नशा से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया और इस बाबत आम जनमानस में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। धनघटा थाने पर पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश ने कहा कि नशा एक ऐसा जहर है जो न केवल नशा करने वाले आदमी को बल्कि उसके परिवार को भी बर्बादी के मुहाने पर ले जाकर खड़ा कर देता है। इसके साथ ही नशा करने वाले व्यक्ति को नशा धीरे-धीरे ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर देती है जहां से उसके लिए समूचा संसार अंधेरा दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि अपराध रोकने के लिए जो उपाय किए जाते हैं उनमें से सबसे प्रमुख उपाय यह भी है कि लोगों को नशा से दूर रहने का संकल्प दिलाया जाय और इसके लिए उन्हें जागरूक किया जाय। उन्होंने पुलिसकर्मियों को प्रेरित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में नशामुक्ति के लिए वे आम जनमानस में जागरूकता फैलाएं। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह, प्रभारी निरीक्षक अपराध चन्दन कुमार, एसएसआई बीरबहादुर यादव, अशोक दूबे, शैलेन्द्र, कां.पवन, फखरूद्दीन, प्रवीण कुमार, मुकेश, गिरीश लाल आदि सहित थाने पर तैनात पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में महुली थाने पर प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया और आम जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसएसआई दयानाथ राम, मनोज पटेल, बृजनरायन यादव, लालबिहारी निषाद,उपनिरीक्षक राजेश मिश्रा, नत्थू प्रसाद,पारस नाथ सिंह आदि सहित थाने के तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पुलिस अधिकारियों ने आईजी को दी भावभीनी विदाई

बस्ती (एसएनबी)। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती राजेश मोदक के पुलिस महानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ स्थानान्तरण पर जनपद के पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने पुलिस लाइन सभागार में भावभीनी विदाई दिया।



बस्तीः आईजी को स्मृति चिन्ह भेट करते पुलिस अधिकारी। फोटो : एसएनबी

पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक का सीबीसीआईडी लखनऊ स्थानान्तरण कर दिया गया है। रविवार को जनपद के पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा पुलिस लाइन सभागार में श्री मोदक को समारोह पूर्वक विदाई दी गयी। इस दौरान उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा पुलिस महानिरीक्षक के सराहनीय कार्यकाल एवं विभागीय मार्गदर्शन की प्रशंसा की तथा इस संबंध में अपने विचार व्यक्त किये गये। इसके साथ ही समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा पुलिस महानिरीक्षक को फूलमाला पहनाते हुए उनको सफल कार्यकाल हेतु बधाई दी गयी। बस्ती पुलिस परिवार के तरफ से उन्हेंआगामी कार्यकाल हेतु ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान मण्डलायुक्त, जिला जज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक बस्ती, पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर, सीजेएम बस्ती, अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं बस्ती पुलिस परिवार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में शख्स की पिटाई करने वाले पर केस

अमर उजाला ब्यूरो

## डीघा का मामला, जानमाल की धमकी देते हुए मारने की कोशिश की

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के डीघा में रविवार को मामूली विवाद को लेकर मनबढ़ ने एक शख्स की पिटाई कर दी। ऐसा आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है ।

डीघा निवासी विपिन मिश्रा पुत्र बालगोविंद मिश्रा का आरोप है कि रविवार को मामूली विवाद को लेकर संतोष कुमार निवासी बरदहिया बाजार उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध पर उसे लात-घूसों और लाठी, डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। पिटाई से उन्हें चोटें आईं। आरोप है कि उक्त आरोपी मनबढ़ किस्म के और उसे जानमाल की धमकी देते हुए मारने की कोशिश की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि इस मामले में आरोपी संतोष कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# अवैध शराब के साथ तीन को दबोचा

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 25 शीशी अवैध देसी शराब और 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। गिरफ्तार नागेश्वर पुत्र सुन्दर निवासी लेडुआ महुआ, दुर्गेश निवासी चौरी , अर्जुन निवासी बौनी को गिरफ्तार किया है।

# पुलिसकर्मियों ने चलाया चेकिंग अभियान

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। एसएसआई दयानाथ राम के नेतृत्व में रविवार की देर शाम महुली चौराहे पर पुलिसकर्मियों ने चेकिंग अभियान चलाया तो हड़कम्प मच गया। अचानक पुलिस टीम की सक्रियता देख कई लोग सरक लिए। पुलिस टीम ने पैदल गश्त करके लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तथा जागरूक किया।

चौराहे पर रविवार की शाम अचानक शुरू हुए चेकिंग अभियान से हड़कम्प मच गया। एसएसआई दयानाथ राम के साथ एसआई नत्थू प्रसाद, हेडकांस्टेबल मोहम्मद आरिफ खान, अजीत कुशवाहा, मनीष प्रभात, जुमराती अंसारी, योगेंद्र कुशवाहा आदि ने महुली कस्बा, सज्जादनगर छितही, कुसहवा आदि स्थानों पर जाकर लोगों से बातचीत की और उनकी समस्या सुनीं। पुलिसकर्मियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। कहा कि संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिसकर्मियों की टीम ने चौराहे पर संदिग्ध रूप से खड़े लोगों से पूछताछ की और वाहनों की चेकिंग करते हुए लोगों से सड़क पर वाहन न खड़े करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जाम की समस्या से निजात पाने के लिए लोगों का जागरूक होना जरूरी है। बगैर कागजात के सड़कों पर निकले वाहनों को खड़े कर कई लोग भाग गए। पुलिस टीम अराजक तत्वों को चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू होते ही कई लोग चौराहे से सरक लिए।



रविवार की शाम महुली चौराहे पर चेकिंग अभियान पर निकले पुलिसकर्मियों ने भ्रमण किया व लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। ● हिन्दुस्तान

# युवती को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद की पुलिस ने रविवार को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। ख़लीलाबाद शहर के एक कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी 24 वर्षीय बहन को पिंटू निवासी नेवड़ी, थाना चौरीचौरा, जिला गोरखपुर भगा ले गया है।

## जिले में मुख्यालय से लेकर थानों तक हुए आयोजन, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के संदेशों को पढ़कर सुनाया

# पुलिसकर्मियों ने नशा न करने की ली शपथ

### नशा निरोधक दिवस

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर जिले के पुलिस कर्मियों ने नशा न करने का खुद तो संकल्प लिया ही, साथ ही लोगों को भी जागरूक करने की शपथ ली। एसपी सोनम कुमार ने पुलिस लाइन में सभी पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई। साथ ही निर्देश दिया कि नशा मुक्ति के लिए नियमित अभियान चलाएं। युवाओं को विशेष कर इसके लिए जागरूक किया जाना जरूरी है।

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी ने भारत सरकार द्वारा नशा मुक्ति के संबन्ध में दिए गए संदेशों को पढ़कर सुनाया। अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री संतोष कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर, समस्त क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालयों पर शपथ दिलाई। उसके अलावा जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों ने



रविवार को नशा निरोधक दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में पुलिस कर्मियों को प्रधानमंत्री व गृहमंत्री का संदेश सुनाते एसपी सोनम कुमार। • हिन्दुस्तान



रविवार को धर्मसिंहवा थाने में नशा निरोधक दिवस के अवसर पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। • हिन्दुस्तान

अपने-अपने थानों पर पुलिस कर्मियों को संदेश पढ़कर सुनाया और शपथ दिलाई। सभी पुलिस कर्मियों को समाज से नशे की लत को समाप्त कर स्वस्थ समाज की रचना करने का संकल्प दिया गया।

एसपी सोनम कुमार ने कहा कि वह चीज जिसकी आपको लत लग जाए, नशे की श्रेणी में ही आती है। ऐसी ही कुछ आदतें है जिन्हें छोड़ना बेहद मुश्किल होता। जैसे मादक पदार्थों के अलावा चाय, काफी, वर्तमान समय के नवीन यंत्र जैसे वीडियो गेम आदि का ज्यादा मात्रा में उपयोग भी नशे की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक सभी तरह से कमजोर होता है। उन्होंने कहा कि विश्व नशा निरोधक दिवस को मानने का मकसद ड्रग्स की लत और उसके दुष्प्रभावों से होने वाली मौतों से लोगों का बचाना और जागरूक करना है।

**धर्मसिंहवा संवाद के अनुसार** थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने नशा मुक्ति के लिए थाना के समस्त पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई। इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इस मौके पर एस आई संतोष यादव, एसआई भगवान राय, एचसीपी इल्ताफ, दीवान राममूर्ति, जीतेन्द्र कन्नौजिया आदि रहे।

**नाथनगर संवाद के अनुसार** महुली थाना परिसर में इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों, फरियादियों को शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओ को नशा करने से रोकने के प्रति जागरूक बनाने की अपील किया।

# हादसे में तीन घायल को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पीआरवी 3306 को थाना दुधारा क्षेत्रान्तर्गत पैड़ी से इवेन्ट संख्या 10054 से कालर ने मार्ग दुर्घटना में तीन व्यक्तियों के घायल होने की सूचना मिली। सूचना पर आठ मिनट के अंदर पीआरवी मौके पर पहुंची। घायल सिकंदर कुमार पुत्र सुजलाल, शान्ति देवी पत्नी अमित कुमार, गुड़िया देवी पत्नी सुनील कुमार निवासी पैड़ी थाना दुधारा को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया, साथ ही घटना की सूचना दुधारा पुलिस को दी।

# हादसे में गैर इरादतन हत्या का दर्ज किया गया मुकदमा

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम महोबरा निवासी बाइक सवार की एक पखवारा पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल होने के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ में मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने रविवार को मृतक के ससुर की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, बाइक क्षतिग्रस्त करने, लापरवाही की धाराओं में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम हरपुर निवासी लाल जी विश्वकर्मा प्ने बताया कि 09 जून को उनका दामाद विफराज विश्वकर्मा छोटे भाई झिनक की बाइक पर बैठकर नाथनगर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान तिनहरी गांव के निकट सामने से आ रहा बाइक चालक तीव्र गति से लापरवाही पूर्वक बाइक चलाकर उसके दामाद की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। उपचार के लिए दामाद विफराज को बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर से ट्रामा सेंटर लखनऊ भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान दामाद विफराज की मौत हो गई। इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह ने बताया कि लालजी की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, बाइक क्षतिग्रस्त करने, लापरवाही की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## कार्रवाई

- महुली थाना क्षेत्र के तिनहरी के निकट हुई थी दुर्घटना
- ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान हुई थी मौत

# एडीशनल एसपी ने की समीक्षा बैठक

राजघाट। एडीशनल एसपी संतोष कुमार सिंह ने रविवार को बेलहर थाने पर समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मेंहदावल, बखिरा, धर्मसिहवां थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक एवं थाना प्रभारियों के पेंच कसे।

गंभीर अपराधों को लंबित मामलों और विवेचनाओं के शीघ्र निपटाने का निर्देश दिया। एडीशनल एसपी ने थानों में दर्ज मामलों की समीक्षा कर जानकारी ली। हत्या, लूट, डकैती और महिला अपराध संबंधी घटनाओं के खुलासे के बारे में पूछा। लंबित मामलों के जल्द से जल्द खुलासे का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेशेवर अपराधियों, लुटेरों, इनामी बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। आईजीआरएस के प्रार्थना पत्रों की निष्पक्ष और समय से जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# आपसी विवाद खत्म कर एक हुए दो विवाहित जोड़े

संतकबीरनगर। साथ- साथ कार्यक्रम के तहत रविवार को महुली थाना पुलिस ने दो दंपत्तियों के बीच के आपसी विवाद को खत्म कराया। सभी फिर से एक हुए और अपने घर गए। परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में कुल दो मामले आए, सभी मामलों में सुलह समझौता करवाया गया। लंबे समय से पति पत्नी और ससुराली जन में चले आ रहे विवाद को खत्म कराया।

सूरजमुखी पत्नी भागीरथी निवासी मगहर काजीपुर तेली टोला व द्वितीय पक्ष भागीरथी पुत्र गुलाल विवाद के कारण अलग रह रहे थे। इसी तरह रूबी राय पुत्री राजकुमार निवासी डंड़िया थाना लालगंज जनपद बस्ती व द्वितीय पक्ष शम्भू पुत्र गोकुल निवासी मड़या भी आपसी विवाद के कारण अलग रह रहे थे। अब फिर से एक हो गए।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को जेल

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पिछले दिनों सामूहिक दुष्कर्म की घटना में 17 वर्षीय किशोरी के साथ चार युवकों ने दुष्कर्म किया। किशोरी की हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कराया है।



एसपी कार्यालय पर अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाते एएसपी संतोष कुमार सिंह (बाएं) ● जागरण



पुलिस लाइन में संबोधित करते एसपी सोनम कुमार ● जागरण

# थानाध्यक्षों ने पुलिसकर्मियों को दिलाया नशा मुक्ति का संकल्प



धर्मसिंहवा थाने पर पुलिसकर्मियों को नशा मुक्ति का शपथ दिलाते थानाध्यक्ष अनिल कुमार ●

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर**: अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर रविवार को मेंहदावल तहसील क्षेत्र के थानों में थानाध्यक्षों ने पुलिस कर्मियों को समाज को नशा मुक्त करने के लिए संकल्प दिलाया। मेंहदावल में थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह, धर्मसिंहवा में थानाध्यक्ष अनिल कुमार व बेलहर थाने पर संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस कर्मियों को संकल्प दिलाया।

थानाध्यक्षों ने कहा कि पुलिस कर्मी स्वस्थ समाज के लिए निर्माण के लिए उचित पहल करें। लोगों को सभी प्रकार के नशे की लत को छोड़ने के लिए प्रेरित करें। नशा से होने वाली क्षति के बारे में अवगत कराएं। दुधारा थाने पर थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार राय ने पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाया।

# 30 लीटर कच्ची के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर: बिड़हरघाट पुलिस चौकी के प्रभारी अरुण पांडेय की टीम ने रविवार को सूचना मिलने पर धनघटा थाना के चपरा पूर्वी बंधे के पास दबिश दी। यहां पर 30 लीटर कच्ची के साथ मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर एक ने नाम दीपू पुत्र बुझारत निवासी ग्राम चपरा, दूसरे ने विशाल पुत्र मोतीलाल निवासी ग्राम रमजंगला बताया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# आमजन के लिए सहज, सुलभ तो अपराधियों के लिए सख्त रहे आइजी



पुलिस लाइन में आइजी राजेश मोडक को विदाई देते एसपी आशीष श्रीवास्तव, डीएम प्रियंका निरंजन व अन्य ● जागरण

**जासं. बस्ती** : बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोडक ने आठ महीने के कार्यकाल में अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। वह आमजन के लिए हमेशा सहज और सुलभ रहे तो अपराधियों को लेकर सख्त। रुधौली में व्यवसायी पुत्र अपहरण कांड के पर्दाफाश में इनकी अहम भूमिका रही। अपहरणकर्ताओं तक पहुंचने से लेकर अपहृत बालक आकाश कसौधन की बरामदगी में आइजी की रणनीति कारगर रही। इसको लेकर आमजन में पुलिस के प्रति विश्वसनीयता तो बढ़ी ही पुलिस की छवि में भी निखार आया। शनिवार को अचानक हुए तबादले से हर कोई स्तब्ध है। शासन ने इनकी तैनाती पुलिस महानिरीक्षक सीबीसीआइडी लखनऊ के पद पर की है। महाराष्ट्र के नागपुर निवासी आइपीएस राजेश मोडक ने बस्ती में 24 अक्टूबर 21 को पुलिस महानिरीक्षक के पद पर कार्यभार संभाला था। इससे पहले वह पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था लखनऊ पद पर कार्यरत थे। 2003 बैच के आइपीएस मोडक पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र के पद पर भी सफलता पूर्वक कार्य कर चुके हैं।

- **आठ महीने के कार्यकाल में बस्ती में छोड़ी एक अलग छाप**
- **आकाश अपहरण कांड में कारगर रही आइजी की रणनीति**

**सबमें रहे लोकप्रिय, दी गई विदाई** : पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोडक विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों में काफी लोकप्रिय रहे। रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह में सबने उनकी कार्यशैली की सराहना की। पुलिस महानिरीक्षक को फूलमाला पहनाकर सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी।

पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आइजी ने अपने कार्यकाल के दौरान के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि टीम वर्क से बेहतर परिणाम सामने आए। इस दौरान मण्डलायुक्त गोविंद राजू एनएस, जिला जज विनोद कुमार, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक संत कबीरनगर सोनम कुमार, सीजेएम उमेश यादव, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी के साथ ही सभी सीओ और प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

जासं,धनघटा, संतकबीर नगर: धनघटा पुलिस ने रविवार को दुष्कर्म के मुख्य आरोपित अर्जुन पुत्र लालचंद्र को दुल्हापार तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। इस आरोपित युवक ने गांव की ही एक किशोरी के साथ बीते बुधवार को सामूहिक दुष्कर्म किया था। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने कहा कि सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

# 25 सीसी शराब, 10 लीटर कच्ची के साथ तीन गिरफ्तार

**जासं, बखिरा, संतकबीर नगर**: बखिरा पुलिस ने रविवार को ग्राम पंचायत लेडुआ-महुआ के टोला झुंगिया में दबिश दी। इस दौरान 25 सीसी शराब के अलावा 10 लीटर कच्ची के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

उप निरीक्षक संजय यादव ने बताया कि झुंगिया गांव के नागेश्वर पुत्र सुंदर, चौरी गांव के दुर्गेश पुत्र राजाराम व अर्जुन पुत्र रामलखन को गिरफ्तार किया गया है। इनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अवैध शराब बरामद, तीन को जेल

बखिरा। क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 25 शीशी अवैध देशी शराब व 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। इसके साथ ही तीन अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है।

एसओ अनिल सिंह ने बताया कि रविवार को शराबबंदी दिवस था। इस अवसर पर थाना क्षेत्र में सख्ती बरती गई थी। इसी क्रम में बखिरा क्षेत्र के झुंगियां निवासी नागेश्वर पुत्र सुंदर से 25 शीशी देशी शराब बरामद हुई, जबकि चौरी निवासी दुर्गेश व बौनी निवासी अर्जुन के पास से पांच-पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। तीनों अभियुक्तों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में कार्रवाई करके जेल भेज दिया गया है। संवाद

# पुलिसकर्मियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

## अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम,पीएम व गृहमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर रविवार को पुलिस लाइंस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एसपी सोनम कुमार ने पुलिस कर्मियों को समाज से नशे की लत को समाप्त कर स्वस्थ समाज की रचना करने का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों पर भी नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

पुलिस लाइंस प्रांगण में कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में दिए गए संदेशों को पढ़कर सुनाया गया। एसपी सोनम कुमार कि हर वह चीज जिसकी आपको लत लग जाए, वह नशे की श्रेणी में ही आता है। ऐसी ही कुछ आदतें हैं जिन्हें छोड़ना बेहद मुश्किल होता, जिसमें मादक पदार्थों के अलावा चाय, काफी, वर्तमान समय के नवीन यंत्र जैसे वीडियो गेम, स्मार्ट फोन, फेसबुक आदि का ज्यादा मात्रा में उपयोग भी नशे की श्रेणी में आते है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से सबसे बड़ी हानि, स्वास्थ्य की हानि है। नशा करने वाला व्यक्ति आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है। नशा करने से व्यक्ति अपने समाज एवं परिवार से दूर हो जाता है। वर्तमान समय में नशा दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन गया है। इससे दूर रहने की जरूरत है। इस दौरान एएसपी संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में एएसपी कार्यालय, क्षेत्राधिकारियों के कार्यालयों व सभी थानों पर पर भी नशे की लत को समाप्त कर स्वस्थ समाज की रचना करने का संकल्प लिया गया।

धर्मसिंहवा प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में नशा मुक्ति अभियान को लेकर पुलिस ने रविवार को सामूहिक रूप से शपथ ली। इस दौरान लोगों को नशा से दूर रहने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक संतोष कुमार यादव, उप निरीक्षक भगवान राव, अल्ताफ अहमद, जितेंद्र कन्नौजिया, विवेक कुमार, आदित्य कुमार यादव, भीम, मधुसूदन भारती, हरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।



नशामुक्ति दिवस पर पुलिस लाइंस में शपथ दिलाते एसपी। संवाद



बेलहर थाने में पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाते एसओ संतोष मिश्रा। संवाद

### पुलिसकर्मियों, फरियादियों ने नशामुक्ति की शपथ ली

**धनघटा** : महुली थाना परिसर में इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों, फरियादियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। युवाओं को नशा करने से रोकने के प्रति जागरूक बनाने की अपील की। इस दौरान लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के नशा के विरुद्ध दिए गए संदेश को पढ़कर सुनाया गया। इस मौके पर एसएसआई दयानाथ राम, एसआई उदय भान मिश्र, नत्थूराम, लालबिहारी निषाद, आरपी शुक्ल, मो. आरिफ, उमेश यादव, शैलेंद्र उपाध्याय, विशम्भर लाल आदि मौजूद रहे। संवाद

# 47 वाहन स्वामियों से 31500 की राजस्व वसूली

संतकबीरनगर। रविवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 47 वाहनों के कागजात में कमी मिलने पर 31,500 रुपये की राजस्व वसूली की गई। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद, मेंहदावल, बखिरा, धर्मसिंहवा, बेलहर, दुधारा, धनघटा और महुली थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 47 वाहनों के कागजात में कमी मिलने पर वाहन स्वामियों से 31,500 रुपये की राजस्व वसूली की गई। एसपी ने बताया कि दुपहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाए। इसके साथ ही चार पहिया सवार लोग सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। संवाद

# अज्ञात बाइक चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान हुई थी मौत

## मृतक के ससुर ने दर्ज कराया मुकदमा

**धनघटा।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम महोबरा निवासी बाइक सवार की 15 दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल होने के बाद ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

इस मामले में पुलिस ने रविवार को मृतक के ससुर की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या, बाइक क्षतिग्रस्त करने व लापरवाही बरतने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम हरपुर निवासी लाल जी विश्वकर्मा पुत्र राज बली ने बताया है कि नौ जून को उनका दामाद विफराज विश्वकर्मा अपने छोटे भाई झिनक की बाइक पर बैठकर नाथनगर की तरफ आ रहा था। उसी दौरान तिनहरी गांव के निकट सामने से आ रहे बाइक चालक ने तीव्र गति से लापरवाही पूर्वक बाइक चलाकर उसके दामाद की बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी। उपचार के लिए दामाद विफराज को बीआरडी कॉलेज गोरखपुर से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भर्ती कराया गया।

उपचार के दौरान दामाद विफराज की मौत हो गई। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि लालजी की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, बाइक क्षतिग्रस्त करने व लापरवाही बरतने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# आईजी राजेश मोदक को दी गई विदाई

**बस्ती।** आईजी सीबीसीआईडी पद पर स्थानांतरित परिक्षेत्र बस्ती के पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक को मंडल मुख्यालय पर रविवार को विदाई दी गई। इस दौरान मंडलायुक्त गोविंदराजू एनएस, जिला जज विनोद कुमार, डीएम प्रियंका निरंजन, सीजेएम उमेश यादव, एसपी आशीष श्रीवास्तव, एसपी संतकबीरनगर सोनम कुमार, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सभी सर्किल के सीओ, थाना प्रभारी व अन्य कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित विदाई समारोह के दौरान आईजी मोदक ने अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा किया। कहा कि परिक्षेत्र के तीनों जनपदों में टीम वर्क से बेहतर परिणाम सामने आए। विदाई समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुलिस महानिरीक्षक मोदक के सराहनीय कार्यकाल एवं विभागीय मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। बस्ती पुलिस परिवार की तरफ से उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए स्मृति चिह्न भेंट किया गया। आईजी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। संवाद

# पीड़िता ने कहा-छेड़छाड़ हुई थी, सामूहिक दुष्कर्म नहीं

## मां ने एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराया था सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। पीड़िता के बयान से सामूहिक दुष्कर्म की घटना झूठी निकली। पीड़िता से गांव के आरोपी युवक ने छेड़खानी की और उसे मृत्यु के लिए उकसाया । इसी वजह से परेशान होकर पीड़िता ने खुद हार्पिक पी लिया था। ऐसा पुलिस बता रही है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के बाद सामूहिक दुष्कर्म की धारा हटा दी। इस मामले के आरोपी को छेड़खानी आदि धाराओं में रविवार को जेल भेज दिया गया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि पीड़ित मां ने 23 जून को धनघटा पुलिस को तहरीर दी। इसमें आरोप

**पीड़िता के बयान के बाद पुलिस ने हटाई सामूहिक दुष्कर्म की धारा**

**छेड़खानी और मृत्यु कारित करने के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में आरोपी को जेल**

मढ़ा कि बुधवार की रात साढ़े दस बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी नित्य क्रिया के लिए बाहर गई थी। आधे घंटे तक बेटी घर नहीं लौटी तो मां उसे ढूंढने सिवान में गई। मां ने बेटी का नाम लेकर कई बार पुकारा, लेकिन कोई आवाज नहीं आई। मां ने टॉर्च जला कर चारों तरफ देखा तो एक तरफ-तीन-चार लोग दिखाई दिए। पीड़ित मां का आरोप है कि मौके पर पहुंच कर देखी तो दो लोग उसकी बेटी का हाथ और मुंह दबाए हुए थे। जबकि एक युवक उसकी बेटी से दुष्कर्म कर रहा था। उसके शोर मचाने पर मौके पर बेटी को छोड़ कर आरोपी भाग गए। आरोपी उसकी बेटी के मुंह में जबरन कुछ डाल दिए। इस मामले में एक नामजद समेत चार आरोपियों पर सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

पीड़िता मेडिकल कॉलेज में भर्ती रहीं और 24 जून को स्वस्थ होकर घर लौटी। अभिलेखों के आधार पर पीड़िता 19 वर्ष तीन महीने की है। पीड़िता का कोर्ट में बयान दर्ज कराया। बयान में पीड़िता ने सामूहिक दुष्कर्म होने की घटना नहीं बताई। बयान के मुताबिक गांव के एक युवक ने गलत नीयत से उसकी पीछा किया और छेड़खानी की। आरोपी युवक की हरकत से परेशान होकर पीड़िता ने हार्पिक पी लिया। इसकी वजह से उसकी तबीयत बिगड़ गई। पीड़िता के बयान के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म की धारा हटा दी गई। इस मामले के आरोपी के खिलाफ छेड़खानी और मृत्यु कारित करने के लिए उकसाने की धारा लगाई गई। इस मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# शांतिभंग में 24 लोग गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले के समस्त थाना क्षेत्रों रविवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान शांतिभंग की आशंका मं 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चार, दुधारा थाना पुलिस ने पांच, महुली थाना पुलिस ने नौ, मेंहदावल थाना पुलिस ने तीन और बखिरा थाना पुलिस ने तीन लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। संवाद

# जाम लगाने वाले दो आरोपी भेजे गए जेल

## अग्निपथ योजना का विरोध : अब तक चार आरोपी भेजे जा चुके हैं जेल

अमर उजाला ब्यूरो

**सीसीटीवी व वीडियो फुटेज के सहारे अज्ञात आरोपियों की पहचान करने में जुटी है पुलिस**

**संतकबीरनगर।** अग्निपथ के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग को नेदुला के पास जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में दर्ज मुकदमे के दो आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों आरोपी जेल भेज दिए गए।

कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज वीरेंद्र यादव ने बताया कि 20 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग को नेदुला के पास कुछ लोगों ने अग्निपथ के विरोध में जाम कर दिया था। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। इस मामले में चौकी इंचार्ज नवीन मंडी रजनीश राय की तहरीर पर तीन नामजद समेत 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। उसी मामले के आरोपी सत्यम कुमार निवासी भीटीमाफी थाना महुली और मनोज कुमार निवासी बनपुरवा खलीलाबाद को बिधियानी तिराहे से रविवार को गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि इसी मामले के आरोपी ओमकार यादव उर्फ गोलू यादव निवासी मुठई खुर्द थाना धनघटा को शुक्रवार को मेंहदावल बाईपास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जबकि आरोपी अजय गौड़ निवासी ऊनखास ओनिया कोतवाली को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अब तक इस मामले में चार आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि शेष आरोपियों की तलाश जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य की पहचान की जा रही है। वर्तमान में जिले में धारा 144 प्रभावी है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-06-2022

# भूमि विवाद में महिला समेत दो घायल, पांच पर मुकदमा दर्ज

परसपुर। ग्राम चरहुआं के भीटकुरी में बिना पैमाइश के आबादी की भूमि कब्जियाने के दौरान हुई मारपीट में एक महिला समेत दो लोग घायल हुए। पुलिस ने चोटहिलों का डाक्टरी परीक्षण कराने के साथ पांच लोगों के खिलाफ द्विपक्षीय मारपीट का केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर शमशेर सिंह ने बताया घायल पीड़िता रीता की तहरीर पर विजय बहादुर गोस्वामी, केदारनाथ व अमरेश गोस्वामी पर केस दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी केस दर्ज कराया है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। कोतवाली देहात पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। बीते दिनों आरोपी ने एक लड़की को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया था। जिससे लड़की ने प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। जिसपर पीड़ित पक्ष ने देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था। रविवार को देहात कोतवाली के उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ आरोपी जगदम्बा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कागजी करवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय भेजा है।

# बंटवारे को लेकर दो भाई भिड़े, केस

परसपुर। सेमरी खुर्द में रविवार शाम को संपत्ति बटवारे को लेकर दो भाईयों में जमकर मारपीट हुई। इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया हमले में अरविंद पाण्डेय, द्वितीय पक्ष के अंजनी पाण्डेय व खुन खुन नाम की घायल हुई महिला सीएचसी में भर्ती है।

# मारपीट में पांच लोग घायल, नौ पर दर्ज

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के अलग-अलग तीन ग्राम पंचायतों में रविवार को मारपीट हो गई जिसमें पांच लोग घायल हो गए हैं। पीड़तों की शिकायत पर पुलिस ने अलग-अलग दर्ज की गई रिपोर्ट में नौ आरोपियों को नामजद किया है।

ग्राम पंचायत कादीपुर, बनघुसरा और चंदापुर में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। घायलों का मेडिकल कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुशांक मिश्रा, दीपक, गिरजा शंकर व शिवम, मुलायम चौहान, व उसकी पत्नी सीमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# गोण्डा में दिनदहाड़े प्रधान पुत्र को गोलियों से भूना

- रंजिश में वारदात, मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स
- गुस्साए परिजनों की अफसरों से नोकझोंक

छपिया/खोड़ारे (गोण्डा), हिटी। छपिया थानाक्षेत्र के तांबेपुर गांव में दिनदहाड़े तीन लोगों ने प्रधान पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी। पुरानी रंजिश को लेकर यह सनसनीखेज घटना बाबा कुटी पर परशुराम दास की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित भंडारे के दौरान हुई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसपी समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची।

रविवार दोपहर करीब एक बजे तांबेपुर ग्राम पंचायत में बाबा कुटी पर आयोजित भंडारे की तैयारी में लोग जुटे थे। इसी दौरान पीछे से आए तीन लोगों ने प्रधानपुत्र दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू सिंह पर ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। गोलियां लगते ही खून से लथपथ दुर्गेश जमीन पर गिर पड़े और मौके पर ही दम तोड़ दिया। उधर बदमाश मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा किया तो उन्होंने हवाई फायरिंग करनी शुरू कर दी। जानकारी मिलते ही एएसपी शिवराज के साथ मनकापुर, तरबगंज, मनकापुर, गोंडा सदर सीओ समेत एसडीएम मनकापुर भारी फोर्स के साथ गांव पहुंच गए। इस दौरान नाराज परिजनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया। › घटना की निंदा P03

# छेड़खानी का विरोध करने पर किशोरी को पीटा और धमकाया

- तीन दिनों से कार्रवाई के लिए थाने का चक्कर लगा रही है किशोरी
- पीड़िता ने पुलिस की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा किया

संसू, शिवदयालगंज (गोंडा) : छेड़खानी का विरोध करने पर दबंग ने किशोरी को मारपीट कर घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर गांव की महिलाएं दौड़ी तो आरोपित दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि उसने ढेमवा घाट चौकी पर शिकायत की लेकिन, पुलिस ने उल्टे उसे डरा धमकाकर भगा दिया। अब उसने थाने पर आरोपित के खिलाफ तहरीर दी है। पीड़िता ने पुलिस की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

कहा कि तीन दिन से वह न्याय के लिए भटक रही है लेकिन, पुलिस उसकी नहीं सुन रही है। नवाबगंज के एक गांव निवासिनी किशोरी ने दी गई तहरीर में कहा कि शुक्रवार की शाम करीब चार बजे जानवर चराने गई थी। आरोपित दबंग ने उसका हाथ पकड़ कर खींच लिया। विरोध करने पर लाठी-डंडे से उसकी पिटाई की। खेत में काम कर रही महिलाओं को इकट्ठा होता देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। शाम को ही स्वजनों के संग ढेमवा घाट पुलिस चौकी पर तहरीर दी। शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में उसने कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

आरोप है कि थाने पर मौजूद ढेमवा घाट चौकी के पुलिस कर्मियों ने उसको डरा-धमकाकर भगा दिया। रविवार को उसने ने थाने पर तहरीर दी है। थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में है।

## फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी करने वाले शिक्षक पर मुकदमा

संवादसूत्र, इटियाथोक (गोंडा) : फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी करने वाले शिक्षक कुलदीप निवासी भगत सिंह नगर थाना कबरई जिला महोबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुजेहना खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी ने दी गई तहरीर में कहा कि पूरे सिधारी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक कुलदीप फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी कर रहा था। विभागीय जांच में दस्तावेज फर्जी मिले हैं। थानाध्यक्ष करूणाकर पांडेय ने कहा कि आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा किया गया है।

# खेल मैदान की जमीन पर निर्माण करवा रहे दबंग

**संसू, गोंडा :** तरबगंज तहसील के बल्लीपुर गांव में खेल मैदान व धार्मिक स्थल जाने वाले मार्ग पर कब्जा कर दबंग निर्माण करवा रहे हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम के आदेश के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। नवाबगंज के बल्लीपुर गांव निवासी किशन सिंह ने डीएम से की गई शिकायत में कहा कि गांव में सरकारी स्कूल का खेल मैदान है। इसके बगल धार्मिक स्थल को जाने के लिए रास्ता भी है। इस पर आरोपित दबंग कब्जा कर निर्माण करवा रहे हैं। इससे धार्मिक स्थल पर जाने का मार्ग बंद हो जाएगा। यही नहीं, बच्चों के सामने खेलने कूदने में दिक्कत होगी। एसडीएम ने स्थलीय व अभिलेखीय जांच कर कोई अतिक्रमण न होने का आदेश नवाबगंज थानाध्यक्ष को दिया था। बावजूद इसके पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# दो गांवों से युवतियां हुईं लापता

**संसू, शिवदयालगंज (गोंडा) :** नवाबगंज के दो अलग-अलग गांवों से दो युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। स्वजन ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। नवाबगंज के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी बेटी 21 जून की रात में घर से निकली और वापस नहीं आई। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका। वही दूसरे गांव निवासी व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी बेटी 23 जून की दोपहर में घर से साकेत महाविद्यालय जाने के लिए निकली थी। जो शाम तक वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने कहा कि दोनों मामलों में गुमशुदगी की कार्रवाई की गई है।

# बदमाशों के दुस्साहस से ग्रामीणों में गुस्सा

**संसू, मसकनवा (गोंडा):** रविवार की दोपहर तांबेपुर गांव के बाहर मंदिर में भंडारे की तैयारी चल रही थी। कोई सब्जी का प्रबंध कर रहा था तो कोई पूड़ी बनाने की व्यवस्था में लगा हुआ था। प्रधानपुत्र भोले सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी संभाल रखी थी। वह खुद सब्जी काट रहे थे, तभी बाइक से पहुंचे तीन लोगों ने पीछे से उन पर गोली चला दी। गोली की आवाज से वहां पर भगदड़ मच गई। बस फिर क्या था तमंचा लहराते हुए आरोपित वहां से फरार हो गए। जैसे ही वारदात की जानकारी गांव में फैली, हर कोई मंदिर की ओर दौड़ पड़ा। ग्रामीणों ने दिनदहाड़े हुई इस वारदात को लेकर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया।

वारदात की सूचना पर पहुंचे एएसपी शिवराज ने ग्रामीणों से कई बार वार्ता की लेकिन, वह मानने को तैयार नहीं थे। उनकी मांग थी कि आरोपित के घर पर बुलडोजर चलाया जाय। उन्हें संरक्षण देने वालों पर भी कार्रवाई हो। इस दौरान पुलिस की कई और टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए पुलिस बेबस सी नजर आई।



छपिया के तांबेपुर में घटना के बाद लगी भीड़ ● जागरण

शाम को पांच बजे के करीब एसपी संतोष कुमार मिश्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से जानकारी ली। मृतक के स्वजन से बात की। कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद लोगों ने शव को मौके से उठाने दिया।

# जमीन विवाद में बहू ने ससुर को पीटा, मुकदमा

संसू, वजीरगंज (गोंडा) : अलग-अलग हुए मारपीट के मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा किया है।

कादीपुर निवासी राम मुनेसर ने दी गई तहरीर में कहा कि जमीन के कब्जेदारी को लेकर बहू ने अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे व मूका, थप्पड़ से पिटाई कर दी। इसमें उसे गंभीर चोट आई है। वही चंदापुर निवासी निरंजन चौहान ने तहरीर देकर कहा है कि रास्ते के विवाद को लेकर विपक्षी सुशांक मिश्रा, दीपक, गिरजा शंकर व शिवम ने सहन दरवाजे पर आकर उसे व उसके भाई हजारीलाल चौहान से अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़ से पिटाई कर दी।

उधर बनघुसरा के मजरे कल्लूपुरवा निवासी निहोरे चौहान ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि जमीन के विवाद को लेकर विपक्षी मुलायम चौहान, सीमा, सिंघोड़े चौहान व कुमारी चौहान ने अभद्रता करते हुए मारपीट की। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तीनों मामले संाान में हैं लेकिन अाी तक लिखित शिकायत नहीं मिली है।तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया है।

# चुनावी रंजिश में दिनदहाड़े प्रधान के बेटे की गोली मारकर हत्या

गांव के बाहर मंदिर में **भंडारे की तैयारी के दौरान हुई घटना** पूर्व प्रधान के दो बेटों समेत तीन के खिलाफ दी तहरीर



तांबेपुर में घटना के मौके पर पहुंच कर जानकारी लेते एएसपी शिवराज दाएं ● जागरण



छपिया के तांबेपुर गांव में आक्रोशित लोगों को समझाते एसपी संतोष कुमार मिश्र ● जागरण

संसू, मसकनवा (गोंडा) : छपिया के तांबेपुर की प्रधान इसरावती के बेटे दुर्गेश कुमार उर्फ भोलू सिंह की रविवार की दोपहर चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के स्वजन ने पूर्व प्रधान के बेटे समेत तीन के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समेत कई थानों की पुलिस तैनात की गई है।

तांबेपुर गांव निवासी राहुल सिंह ने कहा कि रविवार को गांव के बाहर स्थित मंदिर के पुजारी परशुराम दास की पुण्यतिथि है। इस पर भंडारे का आयोजन किया गया है। उसका भाई भोलू सिंह व गांव के लोगों के साथ वहां पर तैयारी कर रहा था। जिस वक्त वह तख्त पर बैठकर सब्जी काट रहा था, उसी समय बाइक से पहुंचे तीन लोगों ने पीछे से भोलू सिंह को तमंचे से गोली मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी होते ही मृतक के स्वजन वहां पर पहुंच गए। स्वजन



दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू (फाइल फोटो)



छपिया के तांबेपुर गांव में घटना के बाद रोते बिलखते स्वजन ● जागरण

ने हंगामा शुरू कर दिया। मृतक के भाई ने गांव के पूर्व प्रधान के बेटे विक्रम पटेल, बलजीत वर्मा समेत तीन पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पहुंचकर नाराज लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिया है। कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा किया जा रहा है।

**पहले भी दी थी धमकी:** स्वजन का आरोप है कि प्रधान के चुनाव में बलजीत वर्मा ने मृतक की मां के खिलाफ चुनाव लड़ा था। इसमें वह हार गया था। इसके कारण वह रंजिश रखता था। इसी कारण से यह घटना की गई है। फिलहाल पुलिस अधिकारी मामले की जांच की बात कह रहे हैं।

**सांसद ने उठाया सवाल:** कैसरगंज सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने इंटरनेट मीडिया पर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। फेसबुक पेज पर उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा है कि यह वारदात पुलिस की नाकामी का जीता जागता उदाहरण है। पहली जुलाई को मृतक के घर समर्थकों के साथ जाकर श्रद्धांजलि देने की बात कही है।

**पूर्व प्रधान का बेटा है आरोपित**

हत्या के मामले में आरोपित विक्रम पटेल व बलजीत वर्मा पूर्व प्रधान के बेटे हैं। बलजीत सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत है। गांव के ही होने के कारण प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। पहली तहरीर मृतक के भाई राहुल सिंह ने दी। बाद में तहरीर बदलकर मृतक की पत्नी की तरफ से दी गई है।

# खेत में मिले महिला के शव मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**संसू, उमरीबेगमगंज (गोंडा):** सेमरीकला पांडेय पुरवा गांव में मक्के के खेत में मिले महिला के शव के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

एसपी संतोष मिश्रा के निर्देश पर घटना के राजफाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। बीते शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे सेमरीकला पांडेय पुरवा निवासिनी उत्तिमा खेत में पशु के लिए चारा लाने गई थी। दोपहर में उसका बेटा शुभम खेत गया तो वहां उसकी मां नहीं मिली। उसने घर आकर सूचना दी। आसपास के खेतों में उत्तिमा को ढूंढना शुरू किया तो मक्के के खेत में उसका शव क्षत विक्षत अवस्था में मिला। मृतका का पति राजकुमार रोजी रोटी के लिए दिल्ली में मजदूरी करता है। शनिवार को राजकुमार ने दिल्ली से आकर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पत्नी की हत्या करने की तहरीर दी। इस पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

**पुलिस खाली हाथ:** घटना के दो दिन बाद भी पुलिस महिला के हत्यारों तक नही पहुंच सकी है। उत्तिमा का किसी से कोई विवाद नहीं था। उसके गले में चोट के निशान मिले हैं। इससे उसकी हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। एसओजी, क्राइम ब्रांच की टीम ने कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की हैं। डाग स्क्वायड व फारेंसिक टीम ने भी नमूने एकत्र किए हैं।

# तीन की पिटाई

वजीरगंज (गोंडा)। क्षेत्र के कादीपुर निवासी राम मुनेस्सर ने बताया कि बहू लक्ष्मी ने जमीन की कब्जे को लेकर पिटाई कर दी। चंदापुर निवासी निरंजन चौहान ने कहा कि रास्ते के विवाद में सुशांक मिश्रा, दीपक, गिरजाशंकर व शिवम ने दरवाजे पर आकर उसे व उसके भाई हजारीलाल को पीटा। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि दोनों मामले में केस दर्ज किया है। (संवाद)

# दो युवतियां गायब, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से दो युवतियां लापता हो गईं। परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री 21 जून की रात में घर से निकली और वापस नहीं आई। खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं एक अन्य ने दी गई तहरीर में कहा कि उनकी 21 वर्षीय पुत्री 23 जून की दोपहर में घर से महाविद्यालय जाने के लिए निकली थी, जो कि शाम तक वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चल पाया। थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। (संवाद)

# पीड़ित को वापस कराए 11 हजार रुपये

**मोतीगंज (गोंडा)।** पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में त्वरित कार्रवाई करके पीड़ितों को रुपये वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराधों में कार्रवाई की जा रही है। शिव कुमार वर्मा निवासी ग्राम मतवरिया थाना मोतीगंज व अतुल कुमार यादव निवासी ग्राम बिरवा बभनी थाना मोतीगंज ने फ्रॉड कॉल से 11 हजार रुपये ठगी कर लिए जाने की शिकायत की थी। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से तत्काल कार्रवाई की। संबंधित बैंक के सहयोग से ठगे गए 11 हजार रुपये को होल्ड कराते हुए पीड़ित के खाते में वापस कराया। (संवाद)

# मारपीट में पांच पर केस

**परसपुर (गोंडा)।** क्षेत्र के एक गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दो लोगों को चोटें आई हैं। एक महिला सहित पांच के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। ग्राम चरहुवां भिटकुरी निवासिनी रीता पत्नी मोहनलाल गोस्वामी ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर आरोपी रविवार सुबह उससे अभद्रता कर पिटाई करने लगे। इसमें विजयबहादुर गोस्वामी, केदारनाथ गोस्वामी व अमरेश गोस्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। दूसरे पक्ष के विजय बहादुर गोस्वामी की तहरीर पर रीना व मोहनलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# संविदाकर्मी को धमकाने का ऑडियो वायरल

**वजीरगंज।** विद्युत उपकेंद्र वजीरगंज के ग्राम पंचायत चंदहा में बिजली चेकिंग करने गए संविदाकर्मी महेश कुमार शर्मा को चंदहा गांव के एक सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर ने मोबाइल पर अभद्रता करते हुए मारने की धमकी दी। गांव में चेकिंग न करने की हिदायत दी। इसका ऑडियो वायरल हो रहा है। पीड़ित संविदा कर्मी ने डीएम से शिकायत की है। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी जैसराज यादव के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**करनैलगंज (गोंडा)।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बबुरास भयापुरवा में आयोजित चौपाल में बालक-बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ उनको सुरक्षा के टिप्स दिए गए। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में संवाद स्थापित कर समस्याओं को सुना गया तथा मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें अपने अधिकारों के लिए जागरूक किया गया। आरक्षी अभय प्रताप यादव, आरक्षी अंगद कुमार, महिला आरक्षी सुमन व प्रतिभा सिंह उपस्थित रहे। (संवाद)

# युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**झंझरी (गोंडा)।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को मारपीट कर उसके मकान के पिलर को तोड़ दिया। युवक ने चार लोगों के खिलाफ में तहरीर दी है। परसन पुरवा गांव के निवासी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि मनोज यादव समेत चार लोगों ने मकान को तोड़ दिया और पिटाई की। पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-06-2022

# साइबर क्राइम से लोगों को बचाने की पुलिस ने छेड़ी मुहिम



**संवादसूत्र, बलरामपुर :** साइबर अपराधियों का जाल दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। आमजन को साइबर अपराध से बचाने के लिए पुलिस ने जन जागरुकता कार्यक्रम शुरू किया है। साइबर सेल के कर्मियों ने शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को ठगी से बचने के लिए पर्चे बांटे। ठगी का शिकार होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने व सभी थानों पर साइबर हेल्प डेस्क की उपलब्धता की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में पुलिसकर्मियों ने नगर के प्रतिष्ठित संस्थाओं, दुकानों, चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पंफ्लेट बांटे। टीम ने लोगों को साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 155260, 1930 व राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.साइबरक्राइम. जीओवी.आइएन के बारे में बताया। साथ ही उन्हें इंटरनेट मीडिया क्राइम, इंटरनेट मीडिया प्राइवेसी, फ्राड आदि के बारे में जानकारी दी।



खुटेहना गांव में महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिसकर्मी ● जागरण

# आरक्षियों ने महिलाओं को शक्ति का कराया अहसास

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** मिशन शक्ति के तहत जिले के समस्त थानों में गठित एंटीरोमियो टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता अभियान चलाया। महिलाओं को मिशन शक्ति, बाल श्रम व बाल विवाह के प्रति जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

देहात कोतवाली की पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा के नेतृत्व में खुटेहना गांव में अभियान चलाया। आरक्षी सोनाली सिंह व अंजू यादव ने प्राथमिक पाठशाला व गांव में खाकी की चौपाल लगाकर बाल श्रम व बाल विवाह के विरुद्ध आवाज उठाने को प्रेरित किया। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में कोतवाली नगर, जरवा, रेहराबाजार की पुलिस ने भी मिशन शक्ति जागरुकता अभियान चलाया। महिला पुलिसकर्मियों ने वूमेन पावरलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 व थानों पर स्थापित महिला हेल्पडेस्क के बारे में जानकारी दी।

# चार पारिवारिक मामले निस्तारित

**संवाददसूत्र, बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन हुआ। परामर्शदाताओं के प्रयास से चार पारिवारिक मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया।

परिवार परामर्श केंद्र पर सुनवाई के लिए कई पत्रावलियां प्रस्तुत हुईं। इसमें रेहराबाजार थाना की गीता देवी बनाम अनिल वर्मा, तुलसीपुर की शाहीन बनाम जलीलुद्दीन, देहात कोतवाली की कुन्ना उर्फ गुड़िया बनाक वैद्दे व गौरा चौराहा की नीलू बनाम अनोखा देवी के मामलों का निस्तारण हुआ। मामलों के निस्तारण में मुख्य परामर्शदाता देवतादीन दुबे, महिला थाना प्रभारी निलोफर बानो, संजय पांडेय व महिला आरक्षी ज्योति का विशेष योगदान रहा।

---

# महिला समेत तीन लोगों की हत्या से दहल उठा जिला

## पाठकपुरवा में महिला, बेला नौशहरा व उदईपुर खैरहनिय में दो युवकों के मिले शव हत्या में दो लोग नामजद किए गए

**जागरण टीम, बलरामपुर :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 24 घंटे के भीतर हुई तीन हत्याओं से जिलेवासी सहम गए हैं।

देहात कोतवाली के बेला गांव में मजरे नौशहरा निवासी सहजराम यादव का शव रविवार की भोर कालीमाता मंदिर के पास पड़ा मिला। मृतक की पत्नी कृष्णवती की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी कुतुब अली व मुख्तार के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया है। उधर हरैया के उदईपुर खैरहनिया गांव निवासी जाकिर का शव खरझार नाला के किनारे नीम के पेड़ की डाल से फंदे के सहारे लटका मिला। परिवारजन ने हत्या की आशंका जताई है। शनिवार को ललिया के पाठकपुरवा गांव निवासिनी 55 वर्षीया बड़का का शव देहात कोतवाली के सेमरहना स्थित गन्ने के खेत में पड़ा मिला। उसके सिर से खून निकल रहा था। जेवरात गायब थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ लूटपाट व हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।





हरैया थाना क्षेत्र के उदईपुर खैरहनिया में घटना की सूचना पर शोकाकुल परिवारजन व सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीण • जागरण



हरैया थाना क्षेत्र के उदईपुर खैरहनिया में घटना की सूचना पर जुटे ग्रामीण • जागरण

देहात कोतवाली के नौशहरा बेला निवासिनी कृष्णावती ने बताया कि उसके पति सहजराम की गांव के ही कुतुब अली व मुख्तार से जमीन विवाद को लेकर पुरानी रंजिश थी। शनिवार की शाम कुतुब अली व मुख्तार ने सहजराम को जान से मारने की धमकी दी। रात में सहजराम अचानक बरामदे से गायब हो गया। उसकी हत्या कर शव को कालीथान मंदिर के बगल फेंक दिया गया। उसकी आंखें फोड़ दी गईं थीं। बाएं हाथ की हड्डी भी टूटी थी। सीने पर खरोंच के निशान हैं। सीओ राधारमण सिंह व थाना देहात के प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने घटना स्थल का जायजा लिया।

हरैया थाना के उदईपुर खैरहनिया निवासी साबिर अली ने बताया कि उसका पुत्र जाकिर शनिवार को रात साढ़े आठ बजे घर से निकला था। देर रात तक न लौटने पर उसकी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। रविवार सुबह साढ़े पांच बजे गांव के लोगों ने पश्चिम खरझार नाला किनारे नीम के पेड़ की साख पर उसका शव लटकता देखा। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर छानबीन की जा रही है। ललिया के सेमरहना गांव निवासी

वहीं शीतला ने बताया कि उसका खेत करीब तीन किलोमीटर दूर पाठकपुरवा गांव के निकट है। उसकी मां बड़का प्रतिदिन सुबह सात बजे फसलों की रखवाली करने खेत चली जाती थी। शनिवार को भी वह फसलों की रखवाली के लिए गई थी। शीतला के मुताबिक उसका 12 वर्षीय पुत्र अपनी दादी बड़का के लिए खेत में खाना लेकर गया था। जहां वह खेत किनारे बड़का मृत अवस्था में पड़ी मिली। उनके सिर से खून निकल रहा था। घटना की जानकारी प्रधान चौधरी अजीत वर्मा को दी। मौके पर काफी रक्त बिखरा पड़ा था। बड़का के सिर में छह गंभीर वार किए गए थे। उनकी कान का झाला, नाक की नथुनी व पायल गायब थी। शीतला ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या व लूटपाट की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## खेतों से अवैध मिट्टी खनन रोकने की मांग

**गौरा चौराहा (बलरामपुर)।** चौकी प्रभारी जैतापुर को किसानों ने शिकायती पत्र देकर खेतों से मिट्टी के अवैध खनन पर अंकुश लगाने की मांग की है। किसानों ने मिट्टी का जबरन अवैध खनन करने का आरोप लगाया है। बुलडोजर लगाकर अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। गौरा चौराहा क्षेत्र के चौकी जैतापुर के गनवरिया निवासी कामता, सई मोहम्मद, इम्तियाज व शकील आदि ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि कुछ दबंगों की तरफ से निजी खेत में जबरन मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक से मांग की है कि उनके खेतों को बर्बाद होने से बचाया जाए। (संवाद)

## वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बलरामपुर।** देहात कोतवाली व तुलसीपुर थाने की पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बीते दिन बताया कि देहात कोतवाली की पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त टिकुईया निवासी अंशुमान सिंह उर्फ गोलू सिंह को गिरफ्तार किया है। तुलसीपुर थाने की पुलिस ने सेखुईनिया खुर्द निवासी छेदी व जुमाईडीह निवासी शिवा को विभिन्न मामलों में वांछित अभियुक्त के रूप में गिरफ्तार किया है।(संवाद)

# डिप्रेशन की 40 गोलियां खाकर महिला ने दी जान

**बलरामपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के खलवा मोहल्ले में 53 वर्षीय महिला ने डिप्रेशन की दवा की अधिक मात्रा में टैबलेट खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## भाई ने पति के खिलाफ दर्ज कराई आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट

नगर कोतवाल संजय कुमार दुबे ने बताया कि खलवा निवासी राम सुघर पाठक व उनकी पत्नी सुमन पाठक (53) के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। दोनों की शादी करीब 28 वर्ष पहले हुई थी। सुमन का आरोप था कि उनके पति ने दूसरी शादी कर ली है। पति ने उनके नाम से बैंक लोन भी लिया था। इसकी वसूली के लिए बैंककर्मी लगातार सुमन पर दबाव बना रहे थे। इन्हीं बातों को लेकर सुमन डिप्रेशन में थीं। शनिवार रात सुमन ने डिप्रेशन की दवा की 40 गोलियां एकसाथ खा लीं। इससे उनकी मौत हो गई।

कोतवाल ने बताया कि सुमन के भाई रूपेश मिश्र की तहरीर पर पति राम सुघर पाठक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-06-2022

# पुलिस ने 31 वाहनों का चालान किया

बहराइच। एसएसपी केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर रविवार की सुबह से यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान की शुरुआत किया।

एसएपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के मार्गदर्शन व सीओ यातायात विनय कुमार द्विवेदी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आनेंद्र यादव , उपनिरीक्षक यातायात शशीकांत कौल, सिपाही सैय्यद इरफान अहमद, निरुपम यादव, होमगार्ड रविंद्र शुक्ला ने शहर के विभिन्न चौराहों - तिराहों पर सघन वाहन चेकिंग की चलाई गई। जिसमें तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट व वाहन का संचालन करते समय मोबाइल फोन या हेडफोन का इस्तेमाल करने वाले वाहनों का चालान किया गया। शनिवार को सम्पूर्ण दिन चलाए गए चेकिंग अभियान में 31 वाहनों से 1, 20, 500 रुपए का ऑनलाइन चालान किया गया। जिसमें एक ऐसे वाहन का चालान किया गया।

# वनाधिकार की बैठक में घर ढहाने का मुद्दा छाया

## आक्रोश



सुजौली के गिरजापुरी में वनाधिकार आंदोलन की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

बहराइच, संवाददाता। वन अधिकार आंदोलन के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार देर शाम सुजौली के गिरजापुरी में हुई। बैठक में टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल सांइस के कई शोधकर्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने वनग्रामों के राजस्व ग्राम में परिवर्तन के बाद हो रहे विकास कार्यों पर जानकारी ली। ककहरा में एक वन निवासी परिवार पर वन विभाग के ओर से बुलडोजर से घर गिराने के मुद्दा छाया रहा। रेंजर ककहरा रामकुमार के विरुद्ध निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिन्दुस्तानी ने कहा कि 23 जून की शाम को वन विभाग की टीम ने ककरहा निवासी सुरेश जायसवाल के घर में घुसकर तोड़फोड़ की, बुलडोजर लगाकर घर को तहस-नहस कर दिया। विरोध करने पर उनकी माता तथा बेटे के साथ मारपीट भी की, जिससे उनकी मां को चोटें आई हैं।

यह घटना साबित करती है कि वन विभाग वन अधिकार कानून को समझ नहीं पा रहा है और लगातार उसका उल्लंघन कर रहा है। ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों के साझा मंच के अध्यक्ष सरोज कुमार गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की ओर से अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं कि गरीब की झोपड़ी पर बुलडोजर की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। यह केवल पेशेवर अपराधियों और भूमाफियाओं के लिए है।

# बहराइच-फैजाबाद हाईवे के चौड़ीकरण की प्रक्रिया जल्द



बहराइच-फैजाबाद राजमार्ग के चौड़ीकरण प्रक्रिया का जायजा लेते डीएम, मौजूद अफसर

**बहराइच, संवाददाता।** बहराइच से गोंडा-फैजाबाद तक राजमार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। इसके लिए यूटीलिटी शिफ्टिंग का कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए हैं। विश्व बैंक के ऋण से प्रस्तावित यूपी कोर रोड नेटवर्क डेवलपमेन्ट परियोजना को समय से पूरा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

राजमार्ग के चौड़ीकरण आदि की प्रक्रिया के लिए शुरू होने वाले यूटीलिटी शिफ्टिंग कार्य के तहत मार्ग से 473 विद्युत पोलों, 17 ट्रांसफार्मर को हटाया जाएगा। इसके अलावा 33 व 11 केवी की 8.25 किलोमीटर की अण्डर ग्राउण्ड केबिल की भी शिफ्टिंग शुरू की जा रही है। इसके लिए विद्युत वितरण खण्ड तृतीय कैसरगंज को मार्च 2022 में ही 640 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार 62 हैण्डपम्प तथा 8.071 किमी की वाटर सप्लाई लाइन की शिफ्टिंग के लिए जल निगम को भी मार्च 2022 में ही 208.52 लाख का भुगतान किया जा चुका है। परियोजना पर विभागों की ओर से धन मिलने के तीन माह बाद भी यूटिलिटी शिफ्टिंग आदि की प्रक्रिया अभी नहीं शुरू कराई गई है।

**राज मार्ग से हटाए जाएंगे 2250 पेड़ :** परियोजना से जुड़े विभागों को धनराशि दे दिए जाने के बावजूद अभी तक यूटिलिटी शिफ्टिंग शुरू नहीं किया गया है। इस पर डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने जल्द प्रक्रिया शुरू कराए जाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

# धोखाधड़ी के आरोपी को नहीं पकड़ रही पुलिस

बहराइच, संवाददाता। बरेली में नौकरी के सिलसिले में रह रहे अधेड़ की मौत पर बड़े भाई के एक बेटे ने चाचा को निःसंतान दिखा अपने नाम भूमि वरासत कराकर दूसरे व्यक्ति के नाम बैनामा कर दिया था। इस मामले में मृतक के पुत्र के कोर्ट में वाद दायर किए जाने पर एफआईआर के आदेश हुए थे। आरोपी मोहम्मद आबिद के कोर्ट में हाजिर न होने पर कई बार वारंट जारी होने पर भी पुलिस आरोपी की पुलिस गिरफ्तारी नही कर रही है।

हरदी थाने के जोत चांदपारा के मजरे महराजगंज निवासी सतगुरू प्रसाद श्रीवास्तव पुत्र राजाराम नौकरी के सिलसिले में बरेली जिले में परिवार सहित रह रहे थे। गांव पर उनकी 13 बीघे कृषि भूमि थी। जिसमें खेती कराने आते थे। उनके दो बेटे संदीप एस श्रीवास्तव व संदेश एस श्रीवास्तव है। सतगुरू प्रसाद की एक फरवरी 2013 में बरेली में मौत होने पर बेटों ने वहीं अंतिम संस्कार कर दिया।

दूसरी ओर उनकी गांव स्थित कृषि भूमि के साथ खेल हो गया।

- चचेरे भाई ने दर्ज करा ली थी वरासत
- कई बार जारी किया जा चुका है वारंट

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ था केस

कोर्ट के आदेश के बाद हरदी थाने में 28 जुलाई 2013 को संदेश ने शिवकुमार सहित 11 लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया गया। मोहम्मद आबिद के कोर्ट में हाजिर न होने पर गैर जमानती वारंट जारी होने पर गिरफ्तारी नहीं किया है। थानाध्यक्ष अनूप मणि त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी शीघ्र गिरफ्तार कराए जाएंगे।

मृतक के बड़े भाई स्वामी दयाल के बेटे शिवकुमार ने अपने चाचा सतगुरू को निःसंतान दर्शाकर उनकी भूमि अपने नाम वरासत दर्ज कराई, और महराजगंज निवासी मोहम्मद आबिद पुत्र अय्यूब को बैनामा कर दिया। इसकी भनक लगने पर पीड़ित बेटे संदेश ने कोर्ट में वाद दायर किया।

# एकनाथ शिंदे के खिलाफ प्रदर्शन

बहराइच, संवाददाता। शिवसेना के जिला इकाई के पदाधिकारियों ने प्रदेश सचिव सत्या पंडित के नेतृत्व में महाराष्ट्र प्रांत में पार्टी से बागी हुए एकनाथ शिंदे विरुद्ध प्रदर्शन कर पुतला फूकने का प्रयास किया। हालांकि सतर्क पुलिस बल ने समय से पहुंचकर पुतला फूंकने से रोक दिया। शिवसैनिकों ने पुलिस पर बल प्रयोग व अभद्रता का आरोप लगाया है। पुलिस की अभद्र कार्यशैली के विरुद्ध पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन भी सौंपा।

प्रदेश सचिव ने शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे एक गद्दार है। जो भाजपा की कठपुतली के रूप में कार्य करते हुए महाराष्ट्र सरकार को गिराने का प्रयास कर रहा है। शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे ने एक रिक्शे वाले से ऊपर उठाकर पहले नगर सेवक, विधायक, मंत्री फिर उस लड़के को सांसद बनाया। वह व्यक्ति ठाकरे परिवार के विरुद्ध खड़ा होकर भाजपा का एजेंट बन गया है।



रविवार को प्रदर्शन के बाद पुलिस को ज्ञापन सौंपते शिवसेना पदाधिकारी।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रजवन्त सिंह, जिला उप प्रमुख बृज भूषण रस्तोगी, उपप्रमुख संदीप निषाद, छात्र सेना के जिला संयोजक प्रेम कुमार दूबे, नगर अध्यक्ष आयुष श्रीवास्तव, आईटी सेना के जिला संयोजक सुनील त्रिपाठी, जिला महासचिव अभिषेक गुप्ता, आशीष कश्यप, राज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### शराब की बिक्री पर जुलाई से नया नियम लागू करने की तैयारी तेज

# फूड सेफ्टी लाइसेंस लेना होगा खाद्य विभाग सैंपल भी जांचेगा

बहराइच, संवाददाता। शराब की दुकानों के फूड सेफ्टी लाइसेंस की अनिवार्यता के बीच आबकारी विभाग की सुस्ती भारी पड़ सकती है। अभी तक 355 में सिर्फ 200 दुकानों ने लाइसेंस के लिए आवेदन किए हैं। इनमें 150 दुकानों को लाइसेंस भी जारी किया जा चुका है। 155 दुकानों को आवेदन अभी तक नहीं किया गया है। एक जुलाई से बिना फूड सेफ्टी लाइसेंस के शराब बिक्री नहीं हो पाएगी।

प्रदेश भर में आए दिन मिलावटी शराब सुर्खियां बन रही हैं। बाराबंकी समेत कई जिलों में मिलावटी शराब पीने से मौतें भी हो चुकी हैं। अब ऐसी शराब व इसकी बिक्री करने वालों पर योगी सरकार ने नजरें टेढ़ी कर ली हैं। लिहाजा शराब को भी दैनिक उपभोग वाली वस्तुओं की श्रेणी में शामिल कर लिया गया है।

यानी खाद्य व औषधि विभाग अब शराब की दुकानों पर भी छापामारी कर सैंपल भर सकता है। जांच में मिलावट की पुष्टि पर दुकानदार पर कार्रवाई और आबकारी विभाग की जवाबदेही तय होगी।

अब आबकारी विभाग को अपनी सभी देशी, अंग्रेजी, बीयर व मॉडल शॉप चलाने से पहले एफएसडीए यानी फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्टेशन की ओर से पंजीयन व लाइसेंस कराना अनिवार्य होगा। सभी दुकानों को 30 जून तक लाइसेंस व पंजीयन की प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होगा।

यह आवेदन विभाग या फिर कैफे से किया जा सकता है। अभी तक संचालित 355 दुकानों में महज 200 का ही आवेदन हो पाया है।

खाद्य विभाग के मुताबिक 150 दुकानों के लाइसेंस भी जारी हो चुका है। उल्लेखनीय है कि मिलावटी शराब की घटनाओं को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा ये कदम उठाये गये हैं।

**355**
कुल शराब की दुकानें हैं जिले भर में

**155**
दुकानों को ही मिला फूड सेफ्टी लाइसेंस

"शराब बिक्री के लिए फूड सेफ्टी लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। बिना लाइसेंस शराब बिक्री नहीं हो पाएगी। 25 जून तक आबकारी विभाग को लाइसेंस के लिए आवेदन की तिथि दी गई थी। अभी तक 200 लोगों ने आवेदन किया है।

**-विनोद कुमार शर्मा,** अभिहीत अधिकारी, बहराइच

## 2000 के लाइसेंस पर 20 करोड़ की शराब बेच सकेंगे

बहराइच। फूड सेफ्टी लाइसेंस के लिए शराब दुकानदारों को 2000 रुपये शुल्क जमा करना होगा। इस लाइसेंस पर 12 लाख से लेकर 20 करोड़ तक की शराब की बिक्री की जा सकेगी। जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लावनिया ने बताया कि सभी दुकानदारों को आवेदन के निर्देश दे दिए गए हैं।

# पिता और पुत्र पर चाकू से हमले का एक आरोपित गिरफ्तार

**संसू,नवाबगंज(बहराइच)** : क्षेत्र के ग्राम पंचायत केवलपुर में जमीन बंटवारे के विवाद में पिता पुत्र पर चाकू से हमला किया गया था। गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था।

ग्राम पंचायत केवलपुर में अच्छन खां व दूसरे पक्ष के इदरीश खान खपरैल के मकान को अपना-अपना बताकर कहासुनी पर आमादा हो गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान इदरीश खान पक्ष के लोगों ने अच्छन खां और उनके पुत्र मुहम्मद अहमद को चाकू मारकर घायल कर दिया।

थानाध्यक्ष रामसमुझ प्रभाकर ने बताया कि इस मामले में इदरीश समेत चार लोगों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। एसओ ने बताया कि आरोपित इदरीश खान को रविवार को गिरफ्तार जेल भेजा गया है।

# हादसे को आमंत्रण दे रहे खुले में रखे ट्रांसफार्मर

**संसू, नानपारा (बहराइच) :** नगर में अधिकांश ट्रांसफार्मर बिना जालियों के लगे हैं। इसमें खुले तार लटक रहे हैं। इससे बरसात के मौसम में हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। इसके बाद भी विभाग का इस ओर ध्यान नहीं है।

ट्रांसफार्मर चबूतरे पर रखने के साथ उसके चारों तरफ तारों की गार्डिंग लगी होनी चाहिए। ट्रांसफार्मरों को जाली के घेरे में रखना जरूरी है, लेकिन विभाग ने नियमों को ताक पर रख ट्रांसफार्मर को खुले में रख दिए हैं। इससे खतरा बना रहता है। नगर के वाल्मीकि टोला में खुले में ट्रांसफार्मर रखा गया है। ट्रांसफार्मर के पास प्राथमिक विद्यालय भी संचालित है।

नगर के करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर ऐसे हैं, जिसके आसपास जाली का घेरा नहीं बनाया गया है। इनकी चपेट में बच्चों के आने की आशंका रहती है। यहां कई जानवरों की करंट लगने से मौत हो चुकी है। बरसात में जमीन में नमी रहती है, जिससे ट्रांसफार्मरों के पास से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। जमीन गीली होने के कारण करंट जमीन में भी दौड़ जाता है। इससे लोगों में भय है। अधिशाषी अभियंता कृष्ण कुमार ने बताया खुले में रखे ट्रांसफार्मरों का सर्वे कराया जाएगा। इसके बाद प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही जालियां लगाकर सुरक्षित किया जाएगा।



नानपारा के वाल्मीकि टोला में खुले में रखा ट्रांसफार्मर ● जागरण

**तीन दिन से बाबागंज कस्बे में बिजली गुल -चर्दा :** बीरपुर के पशु आश्रय के पास रखे ट्रांसफार्मर से बाबागंज, बीरपुर तथा नई बाजार तक बिजली आपूर्ति होती है। उपभोक्ताओं ने बताया कि लाइन फाल्ट होने के कारण पिछले तीन दिनों से कस्बेवासियों को आपूर्ति नहीं मिल पाई है। बाबादीन, अनिल वर्मा, सचिन वर्मा, अंकुर आदि ने बताया कि भीषण गर्मी में लोग बिजली के लिए परेशान हैं।

# दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर, आठ घायल

संसू, गजाधरपुर(बहराइच) : फखरपुर इलाके के वजीरगंज बाजार में बच्चों के विवाद में बड़े भी शामिल हो गए। देखते ही देखते दो पक्ष के बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई और ईंट-पत्थर चले। इसमें आठ लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बताया जाता है कि वजीरगंज बाजार के चिकवा व हलवाई मुहल्ला के रहने वाले दो बच्चों में गाली-गलौज हो गई। इसमें बड़े लोग भी शामिल हो गए और मामला तूल पकड़ने लगा। कुछ बुजुर्ग बीच-बचाव के लिए आए, लेकिन लोग मारपीट पर आमादा रहे। देखते ही देखते पत्थरबाजी शुरू हो गई। घटना में कासिम, शहीद, फरीदा, नसीम, शकील, असलम, अहमदी, कनीज पत्थर लगने से चोटिल हो गए। मामला बढ़ता देख ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी पाकर थानाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने किसी तरह पत्थरबाजी करने वाले लोगों पर काबू पाकर मामले को शांत कराया। घटना में घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर भेजवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। दोनों पक्षों के आठ लोगों पर मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया है। पत्थरबाजी करने वाले लोगों को चिह्नित कर गिरफ्तारी के लिए टीम छापेमारी कर रही है।



फखरपुर के वजीरगंज बाजार में पथराव के बाद गश्त करते पुलिसकर्मी ● जागरण

- बच्चों के विवाद में हुई थी मारपीट की घटना
- सुरक्षा के मद्देनजर गांव में पुलिस बल तैनात



फखरपुर के वजीरगंज बाजार में पथराव के बाद पड़े ईंट-पत्थर ● जागरण

# पिता-पुत्र पर हमला करने वाले आरोपी धरे

**नवाबगंज (बहराइच)।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के केवलपुर गांव में दो पक्षों में विवाद के दौरान एक पक्ष के इदरीश खान ने दूसरे पक्ष के अच्छन खां और उनके पुत्र मोहम्मद अहमद को चाकू मारकर घायल कर दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक रामसमुझ प्रभाकर ने बताया कि धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त इदरीश खान को गिरफ्तार कर हत्या का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** मुर्तिहा कोतवाल शशि कुमार राणा ने बताया कि क्षेत्र में एक नाबालिग बालक ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी बाल अपचारी को घर के पास से पुलिस निगरानी में लेकर बाल सुधार गृह गोंडा भेजा गया। (संवाद)

# शिंदे का पुतला फूंकने का प्रयास



**बहराइच।** महाराष्ट्र में चल रही राजनीति उठापटक से क्षुब्ध शिवसैनिकों ने शनिवार को शिवसेना के प्रदेश सचिव सत्या पंडित के नेतृत्व में बागी मंत्री एकनाथ शिंदे का पुतला फूंकने का प्रयास किया। जिसे पुलिस कर्मियों ने रोक दिया। नाराज शिवसैनिकों ने पुलिस को भाजपा का एजेंट बताते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सत्या पंडित ने कहा कि मंत्री एकनाथ शिंदे गद्दार हैं, भाजपा की कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं और महाराष्ट्र सरकार गिराने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि बाला साहब ठाकरे ने उन्हें रिक्शे वाले से उठाकर पहले विधायक और फिर मंत्री तक बनाया। लेकिन यह सब भूलकर मंत्री शिंदे अब मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा में सरकार गिराने का विफल प्रयास कर रहे हैं। भाजपा सरकार ऐसे गद्दार का पुतला भी फूंकने नहीं दे रही है। उन्होंने पुलिस पर शिवसैनिकों के साथ बदसलूकी करने, फोटो डिलीट करने का भी आरोप लगाया। इस दौरान नगर अध्यक्ष रजवंत सिंह, बृज भूषण रस्तोगी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# चार ट्रॉली और जेसीबी सीज

**बहराइच।** कैसरगंज कोतवाल ददुदन सिंह ने बताया कि अवैध खनन में शामिल चार ट्रॉली व जेसीबी को सीज किया गया है। पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कार्य न होने पाए। कार्रवाई के बाद अवैध खनन का कार्य करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। (संवाद)

# 382 कन्याओं के हाथों में आज सजेगी मेहंदी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** विभिन्न धर्मों की 382 गरीब कन्याओं के हाथों में आज शादी की मेहंदी सजेगी। जिला प्रशासन की अगुवानी में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर गाजे-बाजे के साथ बरात पहुंचेगी और भव्यता के साथ शादी संपन्न होगी। खुद जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र बरात का स्वागत करेंगे। बताते चलें कि आज जिले भर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 382 जोड़े विवाह के अटूट बंधन में बंधेंगे।

निर्धन परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत सरकारी खर्चे पर गरीब कन्याओं का विवाह संपन्न करवाकर उन्हें उपहार दिया जाता है। जिसके तहत जिले भर में सोमवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन होगा। जिसमें 382 कन्याओं का विभिन्न धर्मों के रीति रिवाज से शादी संपन्न होगी।

## डीएम करेंगे बरात का स्वागत, जिले भर में आज आयोजित होंगे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम



जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर गुप्ता ने बताया कि सभी तहसीलों में गरीब कन्याओं का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि एक शादी पर 50 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। जिसमें 15 हजार रुपये से शादी के लिए आवश्यक सामान कपड़े, पायल, बिछुआ आदि दिया जाएगा। शेष बचा 35 हजार शादी के बाद कन्या के खाते में भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि आज आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह में 339 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज से शादी व 43 मुस्लिम जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह संपन्न करवाया जाएगा। जिसमें जिले के आला अधिकारी व जनप्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे।

## नानपारा में होंगी सर्वाधिक 79 जोड़ों की शादी

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मोतीपुर तहसील में 60 हिंदू व चार मुस्लिम जोड़ों, गल्लामंडी नानपारा में 76 हिंदू व तीन मुस्लिम जोड़ों, परमहंस डिग्री कॉलेज कैसरगंज में 61 हिंदू व चार मुस्लिम जोड़ों, तेजवापुर ब्लॉक में 47 हिंदू व चार मुस्लिम जोड़ों, नवाबगंज ब्लॉक में नौ हिंदू व तीन मुस्लिम जोड़ों, रिसिया ब्लॉक में 16 हिंदू व एक मुस्लिम जोड़े, चित्तौरा ब्लॉक में 41 हिंदू व सात मुस्लिम जोड़ों और नगरपालिका परिषद बहराइच में 29 हिंदू व 17 मुस्लिम जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होगा।

# यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम शुरू न होने पर डीएम खफा

## बहराइच-गोंडा-फैजाबाद मार्ग का होगा चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** बहराइच-गोंडा-फैजाबाद मार्ग (एस.एच.-30) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए प्री कंस्ट्रक्शन एक्टीविटी के अंतर्गत यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. दिनेश ने की। उन्होंने यूटिलिटी शिफ्टिंग से संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि समय से कार्य पूर्ण कराये जाये, ताकि विश्व बैंक के ऋण से प्रस्तावित उ.प्र. कोर रोड नेटवर्क डेवलपमेंट परियोजना को समय अंतर्गत पूरा किया जा सके।



बहराइच के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी। -संवाद

विभागवार समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि 473 विद्युत पोलों, 17 ट्रांसफार्मर तथा 33 केवी. व 11 केवी. की 8.25 किमी अंडर ग्राउंड केबिल की शिफ्टिंग होनी है। विद्युत वितरण खंड तृतीय कैसरगंज को माह मार्च 2022 में ही 640 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार 62 हैंडपंप तथा 8.071 किमी वाटर सप्लाई लाइन की शिफ्टिंग के लिए जल निगम को माह मार्च 2022 में ही 208.52 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि संबंधित द्वारा अभी तक यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य आरंभ नहीं किया गया है। डीएम ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि तत्काल कार्य प्रारंभ कराया जाय। बैठक के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 2250 पेड़ों की कटान के लिए अभी तक भारत सरकार को फारेस्ट क्लियरेन्स हेतु प्रस्ताव प्रेषित नहीं किया गया है।

डीएम ने डीएफओ बहराइच को निर्देशित किया कि भारत सरकार को प्रस्ताव भिजवाना सुनिश्चित करें। हर घर जल योजना की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था व जल निगम को निर्देश दिये गये कि जिन परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध हो गयी है उनका विवरण उपलब्ध करायें। जिन परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, उनके लिए सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों से समन्वय कर भूमि प्राप्त की जाय। मौके पर डीएफओ बहराइच मनीष सिंह, सीआरओ अवधेश कुमार मिश्रा, एसडीएम सदर सुभाष सिंह धामी, कैसरगंज के महेश कुमार कैथल, पयागपुर के दिनेश कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मौर्या, प्रशिक्षु पीसीएस अमन देओल आदि मौजूद रहे।

# फेसबुक पर लड़की की फोटो वायरल, केस

**जरवलरोड (बहराइच)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर लड़की की फेसबुक पर फोटो वायरल करने का आरोप है। पीड़िता ने जब युवक के घर पहुंच कर शिकायत की तो मारपीट शुरू हो गई। सूचना पुलिस को दी गई। जरवलरोड थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज आगे की कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** कैसरगंज कोतवाल दद्दन सिंह ने बताया कि राजेंद्र निषाद के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज था। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाल ने बताया कि आरोपी को जेल भेजने के लिए न्यायालय भेजा गया है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-06-2022

# शिकंजा: वांछितों को गिरफ्तार कर जल्द भेजा जाएगा जेल

**श्रावस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक ने रविवार को सिरसिया थाने का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की अपराध समीक्षा की और लंबित विवेचनाओं को निस्तारित करने को निर्देशित किया। साथ ही अभियान चलाकर वांछितों व वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी ने रविवार को मल्हीपुर थाने का निरीक्षण करने के दौरान विवेचकों के साथ बैठक कर अपराध की समीक्षा की।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में सिरसिया थाने की पुलिस अव्वल

**जासं, श्रावस्ती:** गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार की ओर से श्रावस्ती के सभी थानों की कार्यशैली की जमीनी हकीकत जानने को 11 जून से 17 जून तक ट्विटर पोल व फीडबैक अभियान चलाया गया था। इसमें पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में सिरसिया थाने की पुलिस अव्वल रही।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में चलाए गए सात दिवसीय अभियान में सिरसिया थाने की पुलिस का आम जनमानस के लिए कार्य सराहनीय रहा। जनता ने सिरसिया पुलिस को ट्विटर व डायरेक्ट पोल का फीडबैक देकर प्रथम स्थान पर पहुंचाया। एसपी ने बताया कि अभियान के दौरान ट्विटर पोल वोटिंग/फीडबैक, जनसुनवाई आइजीआरएस, ट्विटर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व एफआइआर पंजीकरण के संबंध में श्रावस्ती जिले के थानों की वोटिंग कराई गई थी। इसमें सिरसिया पब्लिक अप्रूवल रेटिंग 79.81 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त रहा। 77.82 प्रतिशत अंक हासिल कर गिलौला थाने की पुलिस ने दूसरा, 75.29 प्रतिशत अंक पाकर सोनवा पुलिस तीसरे, 74.77 प्रतिशत अंक हासिल कर इकौना थाने ने चौथा, 74.08 प्रतिशत अंक पाकर भिनगा कोतवाली ने पांचवां, 72.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रावस्ती थाने की पुलिस ने छठवां, 68.87 प्रतिशत अंक हासिल कर मल्हीपुर थाने की पुलिस सातवां स्थान, 60.65 प्रतिशत अंक पाकर महिला थाने की पुलिस आठवें स्थान पर रही। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के तहत आइजीआरएस के माध्यम से 306, ट्विटर पोल के माध्यम से 355 व डायरेक्ट पोल के माध्यम से 11,260 लोगों से फीडबैक लिया।



# ये कार नहीं बाइक है जनाब...

बिना हेलमेट बौद्ध परिपथ पर स्थित खरगौरा बस्ती पेट्रोल पंप पर ईंधन लेकर हाईवे पर फर्राटा भरने को तैयार इन जनाब को न अपनी और परिवार की सुरक्षा की चिंता है और न ही यातायात नियम की। कानून के रखवाले भी अगर कड़ा रुख अपनाते तो शायद ये परिवार कानून व अपनी सुरक्षा का मखौल न उड़ा रहा होता। इन्हें कौन बताए कि उनकी सवारी गाड़ी का नाम बाइक है, कार नहीं ● संजय रस्तोगी

# वांछितों की करें गिरफ्तारी

**श्रावस्ती** : एएसपी केसी गोस्वामी ने सिरसिया व मल्हीपुर थाने में विवेचकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। बीट आरक्षियों के साथ बैठक कर बीट व्यवस्था के तहत प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण को निर्देशित किया। (वि.)

# महिलाओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती :** शक्ति मोबाइल टीम ने श्रावस्ती थाना क्षेत्र के पुरैनिया, अमारेभरिया, मिशन शक्ति कक्ष कटरा में चौपाल लगाई। महिला संज्ञा भारती व सोनी ने महिलाओं व बालिकाओं को कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी। जागरूकता पंफलेट भी वितरित किया। (वि.)

# जवानों ने किया पैदल मार्च

**श्रावस्ती :** एसपी के निर्देश पर थाना व पुलिस चौकी प्रभारियों ने कस्बा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जवानों के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान व्यापारियों व आमजन से बातचीत कर जागरूक किया। सुरक्षा का भरोसा दिलाया।(वि.)

# मंदिर से संगमरमर का शिवलिंग चोरी करने वाले दो धरे

**श्रावस्ती।** भिनगा नगर के मोहल्ला बारी स्थित शिवालय से शनिवार को शिवलिंग उठा लिया गया। जिसकी सूचना के बाद पहुंची कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से सफेद संगमरमर का शिवलिंग बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

भिनगा नगर के मोहल्ला बारी निवासी रहे गंगा जमादार द्वारा शिवाला का निर्माण कराया गया था। जिसमें सफेद संगमरमर का शिवलिंग स्थापित कराया गया था। शनिवार को मंदिर से शिवलिंग चोरी हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहल्लेवासियों के बताए शिनाख्त के अनुसार दो लोगों को इटवरिया चौराहे से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बारी मोहल्ला निवासी गोलू रावत उर्फ प्रमोद कुमार रावत व आकाश उर्फ अनुराग रावत के रूप में हुई। जिनके कब्जे से पुलिस ने चोरी को सफेद संगमरमर का शिवलिंग बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने गोलू रावत के कब्जे से एक नुकीला भाला भी बरामद किया। जिनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। (संवाद)